CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :31°C
न्यूनतम: 22°C

नई दिल्ली, शुक्रवार 8 अगस्त 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 127 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | श्रावण शुक्ल पक्ष 13 विक्रमी सम्वत् 2082 | 13 सफर 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



नवाचार-आधारित शोध को मिले प्राथमिकताः आनंदीबेन

पेज 2



बीएफआई अधिकारी ने मिसबिहेव कियाः लवलीना

खेल टाइम्स




पैरोल और फरलोः कानून है या विशेषाधिकार

सम्पादकीय




ब्रह्मोस की ताकत देख चौंक गए थे ट्रम्प

पेज 12

## हमारे लिए अपने किसानों का हित सर्वोच्च प्राथमिकता

# टैरिफ वॉर पर प्रधानमंत्री मोदी की दो टूक

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को अमेरिकी टैरिफ का जिक्र किए बिना कहा कि हमारे लिए अपने किसानों का हित सर्वोच्च प्राथमिकता है।

भारत अपने किसानों, पशुपालकों और मछुआरे भाई-बहनों के हितों के साथ कभी भी समझौता नहीं करेगा। पीएम मोदी ने गुरुवार को दिल्ली में एमएस स्वामीनाथन शताब्दी अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में कहा कि



मैं जानता हूं कि व्यक्तिगत रूप से मुझे बहुत बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी, लेकिन मैं इसके लिए तैयार हूं। पीएम मोदी का यह बयान अमेरिका के भारत पर 50 फीसदी टैरिफ के ऐलान के एक

- टैरिफ का जिक्र किए बिना कहा: हमारे लिए अपने किसानों का हित सर्वोच्च प्राथमिकता अमेरिका इन सेक्टर में एंट्री चाहता है

दिन बाद आया। दरअसल अमेरिका भारत के एग्रीकल्चर और डेयरी सेक्टर में अपनी शर्तों के साथ एंट्री चाहता है। कई दौर की मीटिंग के बाद भारत इस पर तैयार नहीं

-शेष पृष्ठ दो पर

### आप और भी बहुत कुछ देखेंगे: ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अब एक बार फिर उन्होंने बड़ा बयान दिया है। ओवल ऑफिस में पत्रकारों से वार्ता करते हुए ट्रम्प ने रूस से लगातार तेल खरीद को लेकर और अधिक टैरिफ लगाने की चेतावनी दी। दरअसल, जब ट्रम्प से पूछा गया कि भारतीय अधिकारियों का कहना है चीन जैसे अन्य देश भी रूसी तेल खरीद रहे हैं। आप इन अतिरिक्त प्रतिबंधों के लिए भारत को ही क्यों जिम्मेदार ठहरा रहे हैं? इस पर ट्रम्प ने जवाब देते हुए कहा कि अभी तो सिर्फ़ आठ घंटे ही हुए हैं। देखते हैं क्या होता है। आपको और भी बहुत कुछ देखने को मिलेगा। आपको कई अतिरिक्त प्रतिबंध देखने को मिलेंगे। आगे जब उनसे पूछा गया कि भारत पर लगाए गए अतिरिक्त टैरिफ की तरह ही क्या उनके पास चीन पर अधिक टैरिफ लागू करने की कोई समान योजना है? इस पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि ऐसा हो सकता है।

# धराली त्रासदीः अब तक 274 का रेस्क्यू

## एक ऑफिसर व आठ जवान अभी भी लापता

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून/ उत्तरकाशी।** उत्तराखंड के धराली में हुए हादसे में अब तक 5 मौतों की पुष्टि हो चुकी है। 70 लोगों का रेस्क्यू किया गया है। प्रशासन के हवाले से सेना ने बताया कि 50 से ज्यादा लोग लापता हैं। एक जूनियर कमीशंड ऑफिसर (जेसीओ) और 8 जवान लापता हैं।

वहीं, आर्मी के 9 जवानों और 3 सिविलियंस को हेलीकॉप्टर से रेस्क्यू कर देहरादून लाया गया। गंभीर रूप से घायल 5 लोगों को एम्स ऋषिकेश, 9 लोगों को

- धराली से 70, हर्षिल से 190 और गंगोत्री से 274 लोगों का रेस्क्यू
- सीएम धामी स्थिति की निगरानी कर रहे

उत्तरकाशी के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आपदा प्रबंधन सचिव ने बताया कि गंगोत्री और आसपास के क्षेत्रों में करीब 400 लोग फंसे हैं। वहां से अब तक 274 लोगों को हर्षिल लाया गया है। सभी को हर्षिल से उत्तरकाशी और देहरादून लाने का काम जारी है। हर्षिल से अब तक 190 लोगों को आईटीबीपी मातली शिफ्ट किया जा चुका है। राज्य सरकार, जिला प्रशासन, आपदा प्रबंधन विभाग, आईटीबीपी, एनडीआरएफ और अन्य एजेंसियां रेस्क्यू व राहत कार्यों में जुटी हैं। सीएम पुष्कर सिंह धामी स्थिति की निगरानी कर रहे हैं। दरअसल, उत्तरकाशी जिले के धराली में मंगलवार 5 अगस्त को दोपहर 1.45 बजे बादल फट गया था। गंगोत्री के पहाड़ों से बहने वाली खीर गंगा नदी में बाढ़ आ गई। तेज रफ्तार पानी के साथ आए मलबे ने 34 सेकंड में धराली गांव को जमींदोज कर दिया था।

### CRPF की गाड़ी 200 फीट गहरी खाई में गिरी, तीन जवानों की मौत

**उधमपुर।** जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले के बसंतगढ़ इलाके में गुरुवार सुबह 10:30 बजे सीआरपीएफ जवानों की बंकर गाड़ी 200 फीट गहरी खाई में गिर गई। हादसे में 3 जवानों की मौत हो गई, जबकि 15 अन्य घायल हो गए। प्रशासन के मुताबिक, 5 जवानों की हालत गंभीर है। सीआरपीएफ के अफसरों के अनुसार, गाड़ी जवानों के एक दल को ले जा रहा था, जो सड़क से फिसलकर खड़ी ढलान से नीचे खाई में जा गिरा। 3 शव घटनास्थल से बरामद किए जा चुके हैं, जबकि कई घायल जवानों को गंभीर हालत में रेस्क्यू कर पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### अहमदाबाद प्लेन क्रैश के 60 पीड़ित परिवार जाएंगे यूएस कोर्ट

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद प्लेन क्रैश में जान गंवाने वाले मृतकों के 60 परिवारों ने बोइंग कंपनी के खिलाफ कोर्ट में जाने का फैसला किया है। इन परिवारों ने दुर्घटनाग्रस्त विमान की निर्माता कंपनी बोइंग के खिलाफ एक अमेरिकी कोर्ट में मुकदमा दायर करने की तैयारी कर ली है। इसके लिए उन्होंने अमेरिकी विशेषज्ञ वकील माइक एंड्रयूज को भी हायर कर लिया है। इन परिवारों ने दुर्घटना की जांच पर सवाल उठाए हैं। परिवार की मांग है कि उन्हें कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर और फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर का कच्चा डेटा दिया जाए, ताकि वे स्वतंत्र जांच करवा सकें।

### निकांत जैन के ठिकानों पर ईडी की छापेमारी

**लखनऊ।** उप्र में निलंबित आईएएस अभिषेक प्रकाश के करीबी निकांत जैन और गोल्डन ब्लॉसम के राजिंदर सिंह के ठिकानों पर ईडी ने छापेमारी की है। प्रवर्तन निदेशालय ने निलंबित आईएएस अधिकारी और इन्वेस्ट यूपी के पूर्व सीईओ अभिषेक प्रकाश के करीबी निकांत जैन पर शिकंजा कसा है। निवेशकों से रिश्वतखोरी के मामले में ईडी का बड़ा एक्शन लिया है। जानकारी के अनुसार प्रवर्तन निदेशालय ने गुरुवार को निकांत जैन के लखनऊ विशाल खंड स्थित घर और ऑफिस समेत पांच जगह छापेमारी की है।

# राहुल का EC पर बड़ा हमला

## राहुल गांधी ने स्क्रीन पर वोटर लिस्ट दिखाकर खोली पोल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को वोटर लिस्ट में गड़बड़ पर एक घंटे 11 मिनट तक 22 पेज का प्रजेंटेशन दिया। राहुल ने स्क्रीन पर कर्नाटक की वोटर लिस्ट दिखाते हुए कहा कि वोटर लिस्ट में संदिग्ध वोटर मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र के नतीजे देखने के बाद हमारा शक पुख्ता हुआ कि चुनाव में चोरी हुई है। मशीन रीडेबल वोटर लिस्ट नहीं देने से हमें भरोसा हुआ कि चुनाव आयोग ने भाजपा के साथ मिलकर महाराष्ट्र के चुनाव की चोरी की है।

राहुल ने कहा कि हमने यहां वोट चोरी का एक मॉडल पेश किया, मुझे लगता है कि इसी मॉडल का प्रयोग देश की कई लोकसभाओं और विधानसभाओं में हुआ। राहुल गांधी के आरोपों पर कर्नाटक चुनाव आयोग ने शपथ पत्र मांगा है। उन्होंने कहा कि वे लिखित में शिकायत करें, ताकि आगे की कार्रवाई की जा सके। कर्नाटक की महादेवपुरा असेंबली सीट की वोटर लिस्ट स्क्रीन पर दिखाते हुए राहुल गांधी ने कहा कि यहां के 6.5 लाख वोट में से एक

- महाराष्ट्र में 40 लाख संदिग्ध नाम, कर्नाटक में भी फर्जीवाड़ा
- छह महीने में सात फीट तक ऊंचे पेपर्स खंगाले, सबूत जुटाए
- आरोपों पर चुनाव आयोग ने शपथ पत्र मांगा, लिखित में शिकायत करें राहुल
- राहुल की वीडियो को गुमराह करने वाला बताया



लाख वोटों की चोरी हुई है। कांग्रेस के रिसर्च में यहां एक लाख के करीब गलत पता और एक ही पते पर बल्क वोटर और डुप्लीकेट वोटर्स का पता चला। कर्नाटक में हमें 16 सीटों पर जीत मिलती, लेकिन हम सिर्फ 9 सीटों पर जीते। हमने इन सात हारी हुई सीटों में से एक सीट पर जांच-पड़ताल की, वो सीट थी बेंगलुरु सेंट्रल। इस सीट पर कांग्रेस को

-शेष पृष्ठ दो पर

### राहुल गांधी के चुनावी धांधली के आरोपों पर भाजपा का पलटवार

**नई दिल्ली।** भाजपा ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर देश की जनता का अपमान करने का आरोप लगाया है। पार्टी ने कहा कि राहुल गांधी ने भाजपा की चुनावी जीत को 'फ्रॉड' यानी धोखा करार देकर बहुत ही गैरजिम्मेदाराना और शर्मनाक बयान दिया है। जनता इसी तरह के व्यवहार और सोच के कारण लगातार कांग्रेस को नकारती रही है और आगे भी नकारती रहेगी। भाजपा सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने राहुल गांधी के बयान की निंदा करते हुए कहा कि राहुल गांधी, जो अब नेता प्रतिपक्ष हैं, उन्होंने बेहद गैरजिम्मेदाराना और शर्मनाक टिप्पणी की है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने चुनाव आयोग को ही फ्रॉड बता दिया, जो कि बेशर्मी की सारी हदें पार करता है।

# जस्टिस वर्मा के खिलाफ महाभियोग नहीं रुकेगा: SC

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कथित नकदी बरामदगी के आरोपों से घिरे न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा की रिट याचिका गुरुवार को खारिज कर दी।

न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति एजी मसीह की पीठ ने यह फैसला सुनाया। पीठ ने फैसला सुनाते हुए कहा कि घटना की जांच के लिए आंतरिक जांच समिति का गठन और उसके द्वारा अपनाई गई प्रक्रिया गैरकानूनी नहीं थी। पीठ ने कहा कि हमने माना है कि मुख्य न्यायाधीश और आंतरिक समिति ने तस्वीरें और वीडियो अपलोड (शीर्ष अदालत की वेबसाइट पर) करने के अलावा पूरी प्रक्रिया का पूरी ईमानदारी से पालन किया था। अदालत ने आगे कहा कि मुख्य न्यायाधीश द्वारा प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति को पत्र भेजना (पद से हटाने के बारे में) असंवैधानिक नहीं था। पीठ ने यह भी कहा कि भविष्य में ज़रूरत पड़ने पर आपके (न्यायमूर्ति वर्मा) लिए कार्यवाही शुरू करने का विकल्प खुला है। पीठ ने कहा कि आंतरिक प्रक्रिया को कानूनी मान्यता प्राप्त है। यह कोई समानांतर या संविधानेतर व्यवस्था नहीं है। उन्होंने कहा कि कार्यवाही के दौरान न्यायमूर्ति वर्मा का आचरण विश्वास पैदा नहीं करता, क्योंकि उन्होंने आंतरिक जांच कार्यवाही में भाग लिया था।

**जस्टिस वर्मा की याचिका खारिज की, कैश कांड में कार्रवाई को चुनौती दी थी**



# सच्चाई छिपाने की चेष्टा करने वालों को ऐसा सबक देंगे पीढ़ियां रखेंगी याद: योगी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** जनपद के भ्रमण पर पहुंचे सीएम योगी आदित्यनाथ ने सम्भल में 559 करोड़ रुपये की 222 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। जबकि जिला मुख्यालय के लिए भूमि पूजन और शिलान्यास किया। साथ ही जनसभा में सम्भल के तीर्थ और धार्मिक विरासत के संरक्षण, ऐतिहासिक अन्यायों और राजनीतिक विरोधियों पर तीखे वार किए।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जिले को कई विकास परियोजनाओं की सौगात दी। कल्कि नगरी को नमन कर अपने सम्बोधन की शुरुआत करते हुए रक्षाबंधन, जन्माष्टमी और श्रावण मास में परियोजनाओं के लिए जनपद वासियों को बधाई दी। उन्होंने मंच से ही परियोजनाओं का लोकार्पण किया। जनसभा में मुख्यमंत्री ने सपा, कांग्रेस का नाम लिए बगैर स्थानीय नेताओं पर

- मुख्यमंत्री ने 559 करोड़ की 222 परियोजनाओं का किया लोकार्पण

जमकर तीखे प्रहार किए। उन्होंने कहा कि पिछली सरकार एक जिले में एक गुंडा और एक माफिया पालती थी। हम एक जिले में एक मेडिकल कॉलेज दे रहे हैं। युवाओं के लिए पिछले 8 साल में साढ़े 8 लाख नौकरी दी। कभी चेहरा नहीं देखा गया, जाति नहीं देखी गई। पिछली सरकारों में दंगे होते थे। शोषण होता था। न बेटी, न ही व्यापारी सुरक्षित थे। आज सब सुरक्षित हैं। अलबत्ता केवल दंगाई सुरक्षित नहीं हैं। उन्होंने कहा कि अयोध्या, काशी में जो हो सकता है वह सम्भल में क्यों नहीं हो सकता। सम्भल जैसी सच्चाई को जिन्होंने छिपाने की चेष्टा की, उनको ऐसा सबक सिखाएंगे कि पीढ़ियां याद करेंगी।

# चार लाख का इनामी आशीष मुठभेड़ में मारा गया

**प्रयागराज।** शंकरगढ़ थाना क्षेत्र में यूपी पुलिस की एसटीएफ ने झारखंड के धनबाद निवासी शातिर अपराधी आशीष रंजन उर्फ छोटू को एक सशस्त्र मुठभेड़ में मार गिराया।

मारे गए बदमाश की गिरफ्तारी पर झारखंड सरकार ने चार लाख रुपये का इनाम घोषित कर रखा था। आशीष रंजन मुठभेड़ में ढेर हो गया। उसके पास

- बदमाश के पास से एके 47 सहित भारी मात्रा में हथियार बरामद

से एके-47 के साथ-साथ भारी मात्रा में 9 एमएम की कारतूस और नौ एमएम की पिस्टल भी बरामद हुई है। करीब आधे घंटे तक हुई मुठभेड़ में आशीष रंजन को तीन गोलियां लगी, जिससे कि वह वहीं ढेर हो गया।

# पत्रकार के हत्यारे दो इनामी बदमाश ढेर

**सीतापुर।** उप्र में सीतापुर जिले के पिसावा क्षेत्र में पुलिस की एसटीएफ ने एक सशस्त्र मुठभेड़ में दो शातिर बदमाशों को मार गिराया।

पुलिस ने बताया कि चर्चित राघवेंद्र बाजपेई पत्रकार हत्याकांड के एक-एक लाख रुपये के इनामी बदमाशों को गुरुवार को पिसावां पुलिस और एसटीएफ ने मुठभेड़ में घायल कर दिया। घायल बदमाशों को पिसावा अस्पताल उपचार के

- उप्र के सीतापुर का चर्चित राघवेंद्र हत्याकांड

लिए भेजा गया, जहां से गंभीर अवस्था को देखते हुए उन्हें जिला चिकित्सालय लाया गया। जिला चिकित्सालय में दोनों को मृत घोषित कर दिया गया। इनके पास से मुंगेर में निर्मित पिस्टल एवं कार्बाइन, बाइक के साथ बरामद हुई है। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने बताया कि गुरुवार भोर में मुखबिर से सूचना मिली कि राघवेंद्र बाजपेई पत्रकार की हत्या के आरोपी हरदोई सीतापुर के मूवमेंट में है। सूचना मिलने पर पुलिस ने पांच टीमों का गठन करके इन्हें घेर लिया, लेकिन दोनों ने पुलिस पर फायरिंग करते हुए भागने का प्रयास किया। जवाबी कार्रवाई में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। इनकी पहचान संजय उर्फ अकील खान ,राजू उर्फ रिजवान खान, निवासी अटवा थाना मिश्रिख के रूप में हुई।

# ईडी बदमाशों की तरह काम नहीं कर सकताः सुप्रीम कोर्ट

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को सख्त लहजे में कहा कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) बदमाशों की तरह काम नहीं कर सकता और उसे कानून के दायरे में ही रहना होगा। टिप्पणी केंद्रीय एजेंसी की ओर से जांचे गए मामलों में दोषसिद्धि की कम दरों पर चिंता जताते हुए की गई।

जस्टिस सूर्यकांत, न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुयान और न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा कि हम प्रवर्तन निदेशालय की छवि को लेकर भी चिंतित हैं। शीर्ष



अदालत 2022 के उस फैसले की समीक्षा की मांग वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है, जिसमें धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की गिरफ्तारी की शक्तियों को बरकरार रखा गया था। केंद्र और ईडी की ओर से पेश हुए अतिरिक्त

- सख्त लहजे में कहा: कानून के दायरे में रहना होगा, मामलों में दोषसिद्धि की कम दरों पर चिंता जताई

सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने समीक्षा याचिकाओं पर सवाल उठाया। उन्होंने कम दोषसिद्धि दर के लिए प्रभावशाली आरोपियों की टालमटोल की रणनीति को जिम्मेदार ठहराया। राजू ने कहा कि प्रभावशाली बदमाशों के पास बहुत साधन होते हैं। वे कार्यवाही को लंबा खींचने के लिए अलग-अलग चरणों में आवेदन दायर करने के लिए वकीलों की फौज रखते हैं। मामले का जांच अधिकारी जांच में समय लगाने के बजाय किसी न किसी आवेदन के लिए अदालत के चक्कर लगाता रहता है। न्यायमूर्ति भुयान ने अपने एक फैसले का हवाला देते हुए कहा कि पिछले पांच वर्षों में प्रवर्तन निदेशालय की ओर से दर्ज किए गए 5,000 मामलों में से 10 प्रतिशत से भी कम मामलों में दोषसिद्धि हुई है। न्यायमूर्ति भुयान ने कहा कि आप बदमाश की तरह काम नहीं कर सकते, आपको कानून के दायरे में रहकर काम करना होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### स्वामी प्रसाद मौर्या के खिलाफ केस दर्ज करने का आदेश

**वाराणसी।** वाराणसी की एमपी/एमएलए कोर्ट के अपर मुख्य न्यायाधीश ने गुरुवार को अधिवक्ता अशोक कुमार द्वारा दाखिल याचिका पर सुनवाई करते हुए पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्या के खिलाफ केस दर्ज करने का आदेश दिया। याचिकाकर्ता अधिवक्ता अशोक कुमार ने बताया कि स्वामी प्रसाद मौर्या ने जनवरी 2023 में एक प्रतिष्ठित न्यूज चैनल पर साक्षात्कार के दौरान तुलसीदास जी और रामचरितमानस पर आपत्ति. जनक टिप्पणी की थी। इस टिप्पणी के साक्ष्य न्यायालय में प्रस्तुत कर याचिका दायर की गई थी, जिसमें केस दर्ज करने की मांग की गई थी। कोर्ट ने कैंट थाना प्रभारी को आदेश दिया कि समुचित धाराओं के तहत अभियोग पंजीकृत कर मामले की विवेचना की जाए।

### दस मंडलों में क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अफसर कार्यालय बनेंगे

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने 10 मंडलों में क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी कार्यालयों की स्थापना को मंजूरी दे दी है, जिनमें अलीगढ़, आजमगढ़, प्रयागराज, चित्रकूट, देवीपाटन, अयोध्या, बस्ती, विन्ध्याचल, मुरादाबाद और सहारनपुर शामिल है। प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने बताया कि प्रत्एक क्षेत्रीय कार्यालय में तीन पदों क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, सहायक लेखाधिकारी एवं कनिष्ठ सहायक की अस्थाई सृजन की अनुमति प्रदान की गई है, जो 28 फरवरी 2026 तक प्रभावी रहेगी। कुल 30 पद (प्रत्येक मण्डल के लिए तीन पद) सृजित किए जाएंगे, जिन पर नियमानुसार पदस्थापन किया जाएगा।

### यूपी में नदियों का जलस्तर घटने से फौरी राहत मिली

# बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में संक्रामक बीमारियों का खतरा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के अधिसंख्य जिलों में बारिश का दौर थमने के साथ ही नदियों के जलस्तर में गिरावट से फौरी राहत मिली है हालांकि बाढ़ग्रस्त इलाकों में संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा गहराने लगहै।

लखनऊ, कानपुर, उन्नाव, जालौन, बाराबंकी और प्रयागराज समेत कई जिलों में आज बादलों की आमद पिछले दिनों की अपेक्षा कम रही और धूप खिलने से लोगों को राहत मिली। प्रयागराज, कानपुर, वाराणसी और कन्नौज समेत कई जिलों में गंगा के जलस्तर में गिरावट दर्ज की गई, हालांकि घाघरा और शारदा नदियों में कटान के चलते सैकड़ों एकड़

**घाघरा व शारदा नदी में कटान से कृषि भूमि पानी में समा रही**

कृषि योग्य भूमि पानी में समाई रही। प्रयागराज से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार गंगा और यमुना नदिया अब खतरे के निशान के नीचे पहुंच गई है।

बीते 24 घंटे में गंगा नदी का फाफामऊ में जलस्तर 155 सेंटीमीटर और छतनाग में 146 सेंटीमीटर कम हुआ है, जबकि नैनी में यमुना नदी का जलस्तर बीते 24 घंटे में 123 सेंटीमीटर कम हुआ है। यमुना नदी का जलस्तर 5.12 सेंटीमीटर प्रति घंटा और गंगा नदी का जलस्तर 6.45 सेंटीमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से कम हो रहा है हालांकि अभी भी दर्जनों मोहल्ले और गांव बाढ़ की चपेट में है। इन इलाकों में अभी भी नावें चल रही हैं अभी भी बड़ी संख्या में लोग बाढ़ राहत शिविरों में शरण लिए हुए हैं, लेकिन जिस रफ्तार से जलस्तर कम हो रहा है। वाराणसी में केंद्रीय जल आयोग की रिपोर्ट के अनुसार गंगा नदी का जलस्तर 4 सेंटीमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से घटने लगा है। गंगा का जलस्तर आज 71.58 मीटर दर्ज किया गया।

### बिजनौर और अमरोहा के गांवों में गंगा का पानी घुसा



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में पिछले 24 घंटे में दक्षिण-पश्चिम मानसून सक्रिय होने से अमरोहा और बिजनौर के गांवों में गंगा का पानी बाढ़ के रूप में प्रवेश कर गया है। मेरठ के भी आठ गांव बाढ़ के पानी से घिर गए हैं। बिजनौर में बैराज के ऊपर से गंगा का पानी बहने से बैराज पर आवागमन बंद कर दिया गया है। लगातार बारिश से बिजनौर जनपद के अलग-अलग जगह पर बाढ़ का पानी आ गया है। दिल्ली नेशनल हाईवे पर पानी आने से आवागमन बंद कर दिया गया है। दिल्ली-मेरठ-पौड़ी हाईवे पर वाहनों की रफ्तार बाढ़ के चलते रुक गई है। जिले की कई नदियां इस समय उफान पर हैं, जिससे जनपद के दर्जनों गांव बाढ़ की चपेट में है। एनडीआरफ की टीम बाढ़ के पानी में फंसे लोगों को निकाल रही है और उनके लिए भोजन-पानी की व्यवस्था कर रही है। जिले हेमराज, रावली, नवलपुर, बंगाली कॉलोनी, घासी वाला, चांदपुर नवाबाद, मोहम्मदपुर मंडावली, बाखरपुर, मुफरपुर केशव, शहजादपुर, ब्रह्मपुरी सहित कई अन्य गांव बाढ़ की चपेट में हैं। यहां पर 4 से 5 फीट पानी भरा हुआ है। जनपद अमरोहा के गजरौला क्षेत्र में गंगा किनारे बसे गांव में नदी का पानी आबादी के बीच पहुंच गया है। रास्ते पूरी तरह से जलमग्न हो चुके हैं।

# ट्रम्प का कदम विश्वासघाती संसद में हो चर्चा: मायावती

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा भारतीय उत्पादों पर 50 फीसदी टैरिफ लगाने की घोषणा को विश्वासघाती बताते हुए बहुजन समाज पार्टी अध्यक्ष मायावती ने इस चुनौती से निपटने के उपायों को लेकर संसद में विस्तृत चर्चा की सलाह केंद्र सरकार को दी है।

सुश्री मायावती ने गुरुवार को एक्स पर पोस्ट किया- ब्रिक्स देश ब्राज़ील की तरह ही भारत पर भी कुल मिलाकर 50 प्रतिशत का भारी भरकम टैरिफ (शुल्क) लगाकर अमेरिका ने जो भारत को आघात पहुंचाने का प्रयास किया है, उसे भारत सरकार ने अपने संयमित बयान में 'अनुचित, अन्यायपूर्ण व अविवेकी' बताया है, किन्तु देश की जनता डोनाल्ड ट्रम्प का 'मित्र' देश भारत के प्रति इसे प्रथम दृष्टया विश्वासघाती एवं देश को कमज़ोर करने वाला कदम ज्यादा मानती है, जिससे निपटने के लिए सभी को पूरी परिपक्वता दिखाते हुए देश में पूरे अमन-चैन और कानून व्यवस्था के अच्छे माहौल के साथ पूरी मुस्तैदी से कार्य करना ज़रूरी है। वर्तमान संसद सत्र में चर्चा हो, तो यह जन व देशहित में बेहतर होगा, किन्तु केन्द्र व राज्य सरकारें अगर आन्तरिक संकीर्ण मुद्दों में ही अधिकतर उलझी रहेंगी, तो यह कैसे संभव हो पाएगा।

# नवाचार-आधारित शोध को मिले प्राथमिकता: आनंदीबेन

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** नवाचार आधारित शोध को प्राथमिकता दिए जाने की वकालत करते हुए उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि उत्कृष्ट शोध कार्यों को प्रोत्साहन देना आवश्यक है, क्योंकि ऐसे शोध कार्यों का लाभ देश को मिलता है। पटेल ने यहां विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद्, विश्वविद्यालयों में शोध गति. विधियों को बढ़ावा देने तथा अनुसंधान की गुणवत्ता एवं उपयोगिता को मजबूत करने के लिए आयोजित एक बैठक में कहा कि जब कोई विश्वविद्यालय किसी शोध परियोजना का प्रस्ताव प्रस्तुत करता है, तो उसका विधिवत प्रस्तुतीकरण और स्क्रीनिंग होनी चाहिए, उस पर गंभीरतापूर्वक विचार किया जाना चाहिए, जिससे उसकी गुणवत्ता और उपयोगिता का आकलन किया जा सके। जो भी फंड विश्वविद्यालयों को प्रदान किया जाता है, उसकी प्रगति की समय-समय पर समीक्षा होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि उत्कृष्ट शोध कार्यों को आगे बढ़ाना और उन्हें प्रोत्साहन देना आवश्यक है, क्योंकि ऐसे शोध कार्यों का लाभ देश को मिलता है। यदि कोई परियोजना अस्वीकृत की जाती है, तो विश्वविद्यालय को अस्वीकृति का कारण अवश्य बताया जाना चाहिए, ताकि वे आवश्यक सुधार कर परियोजना को पुनः प्रस्तुत कर सकें। परियोजना की संकल्पना से लेकर उसकी स्वीकृति और पूर्णता तक निरंतर संवाद और समीक्षा की प्रक्रिया बनी रहनी चाहिए। राज्यपाल ने इस पूरी प्रक्रिया को गंभीरता से संचालित करने पर बल दिया। परिषद और विश्व. विद्यालयों के बीच बेहतर संवाद और सहयोग होना चाहिए।

# व्हाट्सएप और ई-मेल से नोटिस वैध नहीं

शाह टाइम्स ब्यूरो



**सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने खारिज की आदेश में संशोधन की मांग वाली हरियाणा सरकार की याचिका**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने एक बार फिर कहा कि दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) या भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) के तहत व्हाट्सएप और ईमेल से नोटिस भेजना वैध नहीं है।

सुप्रीम कोर्ट ने हरियाणा राज्य की ओर से अपने जनवरी 2025 के आद. `श में संशोधन की मांग वाली याचिका खारिज कर दी। जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस नोंग्मीकापम कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा कि हम खुद यह विश्वास दिलाने में असमर्थ हैं कि ई-मेल और व्हाट्सएप जैसे इलेक्ट्रॉनिक संचार बीएनएसएस की धारा 35 के तहत सूचना तामील कराने का एक वैध तरीका है। बीएनएसएस में ऐसी प्रक्रिया को शामिल करना विधानमंडल की विधायी मंशा का उल्लंघन होगा। सुप्रीम कोर्ट में हरियाणा राज्य ने याचिका दायर की थी। इसमें सतेंद्र कुमार अंतिल बनाम सीबीआई और अन्य 2025 में पारित आदेश में संशोधन की मांग की गई थी। याचिका में कहा गया था कि बीएनएसएस 2023 की धारा 64(2) सिस्टम-जनरेटेड समन यानी ई-समन एप से संबंधित है। जबकि धारा 71 विधिवत हस्ताक्षरित, स्कैन और इलेक्ट्रानिक रूप से भेजे गए भौतिक समन से संबंधित है, इसलिए किसी वाटरमार्क सील की अलग से कोई आवश्यकता नहीं है। बीएनएसएस की धारा 35 के तहत एक नोटिस धारा 71 के तहत समन की ही श्रेणी में आता है और इसलिए इसे इलेक्ट्रानिक रूप से प्रेषित करने की अनुमति दी जानी चाहिए। इस पर पीठ ने कहा कि धारा 35 के तहत नोटिस की तामील इस मूल अधिकार की रक्षा के लिए की जानी चाहिए, क्योंकि नोटिस का पालन न करने से व्यक्ति की स्वतंत्रता पर प्रभाव पड़ सकता है। बीएनएसएस 2023 को सीधे तौर पर पढ़ने पर पता लगता है कि विधानमंडल ने इलेक्ट्रॉनिक संचार के उपयोग पर प्रतिबंध लगाए हैं। पीठ ने कहा कि बीएनएस की धारा 35 के तहत जारी नोटिस धारा 71 के तहत जारी समन की ही श्रेणी में नहीं आता है, क्योंकि धारा 71 इलेक्ट्रानिक माध्यम से तामील की अनुमति देती है। धारा 71 के तहत जारी समन और उसके गैर-अनुपालन का किसी व्यक्ति की स्वतंत्रता पर तत्काल प्रभाव नहीं पड़ता है। जबकि धारा 35 के तहत जारी नोटिस का अनुपालन न होने पर व्यक्ति की स्वतंत्रता पर तत्काल प्रभाव पड़ सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने जनवरी में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिया था कि वे पुलिस को सीआरपीसी की धारा 41ए या बीएनएसएस की धारा 35 के तहत नोटिस भेजने के लिए केवल वहीं तरीके अपनाने का निर्देश दें, जिनकी कानून के तहत अनुमति हो। व्हाट्सएप या इलेक्ट्रानिक माध्यमों से नोटिस भेजना सीआरपीसी और बीएनएसएस के तहत तय की गई विधियों का विकल्प नहीं हो सकता। सुप्रीम कोर्ट ने उच्च न्यायालयों के रजिस्ट्रार जनरल और सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को तीन हफ्ते के भीतर अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया था।

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स 80623.26 | सोना रु. 100904 | चांदी रु. 114505 |
| निफ्टी 24596.15 | प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट) | प्रति किलो |

## अर्थ व्यापार



# गिरावट से उबरा शेयर बाजार, बढ़त में बंद हुए सेंसेक्स और निफ्टी

मुंबई, वार्ता



विदेशों से मिले सकारात्मक संकेतों के बीच आखिरी दो घंटे में हुई लिवाली से घरेलू शेयर बाजारों में गुरुवार को तेजी लौट आई और प्रमुख सूचकांक हरे निशान में बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 79.27 अंक यानी 0.10 प्रतिशत की बढ़त के साथ 80,623.26 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) की निफ्टी 21.95 अंक (0.09 प्रतिशत) की तेजी के साथ 24,596.15 अंक पर बंद हुआ।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के भारतीय उत्पादों पर 27 अगस्त से 25 प्रतिशत अतिरिक्त आयात शुल्क लगाए जाने के आदेश के बाद आज सुबह बाजार में बिकवाली का जोर रहा। सेंसेक्स 281 अंक की गिरावट के साथ 80.543.99 अंक पर खुला और दोपहर डेढ़ बजे के लुढ़क कर करीब 79,811.29 अंक पर पहुंचा गया था, लेकिन इसके बाद कम कीमत पर अचानक लिवाली शुरू होने से आखिरी दो घंटे में 80,737.55 अंक तक चढ़कर आखिरकार 80,623.26 अंक पर बंद हुआ। इस प्रकार पूरे दिन के दौरान सेंसेक्स में 926 अंक का उतार-चढ़ाव देखा गया। निफ्टी.50 का ग्राफ भी लगभग ऐसा ही रहा। इसका दिन का उच्चतम स्तर 24,634.20 अंक और निचला स्तर 24,344.15 अंक रहा। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 17 के शेयर बढ़त में और अन्य 13 के गिरावट में रहे। टेक महिंद्रा ने सबसे अधिक 1.68 फीसदी, एचसीएल टेक ने 1.17 फीसदी और इटरनल ने 0.97 प्रतिशत का मुनाफा कमाया। एक्सिस बैंक, मारुति सुजुकी, टाटा स्टील, एचडीएफसी बैंक, टीसीएस, आईटीसी, सन फार्मा, इंफोसिस और भारतीय स्टेट बैंक के शेयर भी बढ़त में बंद हुए। अडानी पोर्ट्स में 1.55 प्रतिशत, ट्रेंट में 1.06 प्रतिशत और टाटा मोटर्स में 0.85 प्रतिशत की गिरावट रही। आईसीआईसीआई बैंक, हिंदुस्तान यूनीलिवर, अडानी पोर्ट्स और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर भी लाल निशान में रहे। एनएसई में रियलिटी और गैस एवं तेल सेक्टरों में गिरावट रही जबकि अन्य सेक्टरों के सूचकांक सुबह की गिरावट से उबरने में कामयाब रहे और हरे निशान में बंद हुए।

### सोना 1,00,904 प्रति 10 ग्राम के ऑलटाइम हाई पर

**नई दिल्ली।** गुरुवार को सोने के दाम अपने ऑलटाइम हाई पर पहुंच गए हैं। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 24 कैरेट सोने का दाम 452 रुपए बढ़कर 1,00,904 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। इससे पहले सोने का भाव 1,00,452 रुपए पर था। चांदी की कीमत भी 1,020 रुपए बढ़कर 1,14,505 रुपए प्रति किलो हो गई है। इससे पहले चांदी 1,13,485 रुपए पर थी। देश के चार महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,02,700 और 22 कैरेट सोने की कीमत 94,150 रही, जबकि मुंबई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,02,550 और 22 कैरेट सोने की कीमत 94,000 रही। कोलकाता में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,02,550 और 22 कैरेट सोने की कीमत 94,000 थी, जबकि चेन्नई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,02,550 और 22 कैरेट सोने की कीमत 94,000 रही, वहीं भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,02,600 और 22 कैरेट सोने की कीमत 94,050 रही। सोना केडिया एडवाइजरी के डायरेक्टर अजय केडिया कहते हैं कि अमेरिका के टैरिफ के चलते जियो पॉलिटिकल टेंशन बने हुए हैं।

# पेरिस में आयोजित आईएफटीएम में शामिल होगा पर्यटन विभाग

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** आगामी 23 से 25 सितंबर तक फ्रांस की राजधानी पेरिस के पोर्टे डे वर्सेल्स में आयोजित होने जा रहे 'इंटरनेशनल एंड फेंच ट्रैवल मार्केट (आईएफटीएम) टॉप रेसा 2025' में पर्यटन विभाग अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने जा रहा है। इस आयोजन में पर्यटन सेक्टर को ग्लोबल मार्केट से जोड़ा जा सके।

इस आयोजन में 120 से अधिक देशों के प्रतिनिधि जुटेंगे। 'इंटरनेशनल एंड फ्रेंच ट्रैवल मार्केट टॉप रेसा 2025' में छाने के लिए यूपी पर्यटन विभाग जोर-शोर से तैयारी कर रहा है। यहां विदेशी आगंतुकों को उत्तर प्रदेश के स्थानीय उत्पाद, हस्तशिल्प, जैसे ओडीओपी उत्पादों और विविध संस्कृतियों की झलक दिखाई जाएगी। स्टॉल पर उत्तर प्रदेश के हस्तशिल्प, कलाकृतियां और मंदिर वास्तुकला से सजा रचनात्मक सेट-अप होगा, जो आगंत. ुकों को सीधे आकर्षित करेगा। इस बाबत अधिकारियों का कहना है कि पर्यटन विभाग वहां अपने स्टॉल पर आकर्षक डिस्प्ले, एलईडी स्क्रीन और इंटरएक्टिव कियोस्क के जरिए उत्तर प्रदेश को आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और प्राकृतिक पर्यटन के प्रमुख केंद्र के तौर पर दर्शाएगा। इससे न केवल विदेशी पर्यटकों की संख्या बढ़ेगी, बल्कि इससे भारत और यूरोप के बीच नए व्यापारिक रिश्ते भी बनेंगे। प्रदेश की अर्थव्यवस्था को बढ़ाने में भी यह उपयोगी होगा। अधिकारियों का कहना है कि हेरिटेज टूरिज्म, वेलनेस और आयुर्वेद, इको और ग्रामीण पर्यटन की विशिष्टताओं को प्रदर्शित कर विदेशी सैलानियों और निवेश को आकर्षित करने के लिए विशेष तैयारी कर रहा है। आयुर्वेद रिट्रीट, योग केंद्र और ग्रामीण होमस्टे जैसे अवसरों को पेरिस में आयोजित होने वाले इवेंट में विशेष रूप से हाइलाइट किया जाएगा। उत्तर प्रदेश की पर्यटन नीति के तहत निवेशकों को पूंजीगत सब्सिडी, भूमि आवंटन और आसान मंजूरी जैसे लाभ बताए जाएंगे, जो यहां के खंडहर हो रहे किले, महल और आध्यात्मिक स्थलों के विकास में मदद करेंगे।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**टैरिफ वॉर...**

है। भारत से अमेरिका भेजे जाने वाले सामानों पर 7 अगस्त से 25 फीसदी टैरिफ लगेगा। वहीं 25 फीसदी एक्स्ट्रा टैरिफ 27 अगस्त से लागू होगा। इससे भारतीय सामान अमेरिकी बाजार में महंगे हो जाएंगे। उनकी मांग कम हो सकती है। वहां के इंपोर्टर्स अन्य देशों से सामान मंगा सकते हैं।

अमेरिका चाहता है कि उसके डेयरी प्रोडक्ट्स (जैसे दूध, पनीर, घी आदि) को भारत में आयात की अनुमति मिले। अमेरिकी कंपनियां दावा करती हैं कि उनका दूध स्वच्छ और गुणवत्ता वाला है और भारतीय बाजार में सस्ता भी पड़ सकता है। भारत दुनिया का सबसे बड़ा दूध उत्पादक देश है और इस सेक्टर में करोड़ों छोटे किसान लगे हुए हैं। भारत सरकार को डर है कि अगर अमेरिकी डेयरी उत्पाद भारत में आएंगे, तो वे स्थानीय किसानों को भारी नुकसान पहुंचा सकते हैं। भारत में ज्यादातर लोग शुद्ध शाकाहारी दूध उत्पाद चाहते हैं, जबकि अमेरिका में कुछ डेयरी उत्पादों में जानवरों की हड्डियों से बने एंजाइम (जैसे रैनेट) का इस्तेमाल होता है। भारत की शर्त है कि ये शाकाहारी हो। इसके साथ ही अमेरिका चाहता है कि गेहूं, चावल, सोयाबीन, मक्का और फलों जैसे सेब, अंगूर आदि को भारत के बाजार में कम टैक्स पर बेचा जा सके। वह चाहता है कि भारत अपनी इम्पोर्ट ड्यूटी को कम करे। इसके अलावा, अमेरिका जैव-प्रौद्योगिकी (जीएमओ) फसलों को भी भारत में बेचने की कोशिश करता रहा है, लेकिन भारत की सरकार और किसान संगठन इसका कड़ा विरोध करते हैं। मोदी ने कहा कि स्वामीनाथन ने देश की खाद्य सुरक्षा को जीवन का ध्येय बनाया। कुछ व्यक्तित्व ऐसे होते हैं, जिनका योगदान किसी एक युग या किसी एक क्षेत्र तक सीमित नहीं होता। प्रो. एमएस स्वामीनाथन ऐसे ही एक महान वैज्ञानिक थे। उन्होंने विज्ञान को जनसेवा का माध्यम बनाया। स्वामीनाथन ने देश की खाद्य सुरक्षा को अपने जीवन का ध्येय बनाया। उन्होंने एक ऐसी चेतना जागृत की जो आने वाली अनेक शताब्दियों तक भारत की नीतियों और प्राथमिकताओं का मार्गदर्शन करती रहेगी। स्वामीनाथन के साथ मेरा जुड़ाव कई सालों पुराना है। बहुत से लोग गुजरात की पुरानी परिस्थितियों से परिचित हैं। पहले सूखे और चक्रवातों के कारण कृषि को काफी संकट का सामना करना पड़ता था और कच्छ में रेगिस्तान का विस्तार हो रहा था। जब मैं गुजरात का मुख्यमंत्री था, तब हमने मृदा स्वास्थ्य कार्ड पर काम शुरू किया था। प्रो. स्वामीनाथन ने इसमें काफी रुचि दिखाई, उन्होंने खुलकर हमें सुझाव दिए और हमारा मार्गदर्शन किया। उनके योगदान के कारण इस पहल को जबरदस्त सफलता मिली। पीएम किसान सम्मान निधि से मिलने वाली सीधी सहायता ने छोटे किसानों को आत्मबल दिया है। पीएम फसल बीमा योजना ने किसानों को जोखिम से सुरक्षा दी है। सिंचाई से जुड़ी समस्याओं को पीएम कृषि सिंचाई योजना के माध्यम से दूर किया गया है। 10 हजार एफपीओएस निर्माण ने छोटे किसानों की संगठित शक्ति बढ़ाई है। ई-एनएएम की वजह से किसानों को अपनी उपज बेचने में आसानी हुई है।

**राहुल का....**

6,26,208 वोट मिले। भाजपा को 6,58,915 वोट मिले। दोनों पार्टियों को मिले वोटों का अंतर सिर्फ 32,707 था। वहीं जब महादेवपुरा असेंबली सीट पर वोटिंग हुई तो दोनों पार्टियों के बीच वोट का अंतर 1,14,046 का रहा। राहुल गांधी ने कहा कि इस हिसाब से देखें, तो एक लाख से ज्यादा वोटों की चोरी हुई। ये वोट चोरी पांच प्रकार से की गई थी। महाराष्ट्र में चंद महीने में लाखों मतदाताओं के नाम सूची में जोड़े गए, जो काफी चिंताजनक है। 40 लाख वोटर रहस्यमयी हैं। यहां पांच महीने में कई वोटर जोड़े गए। वोटर लिस्ट को लेकर चुनाव आयोग को जवाब देना चाहिए। उन्हें बताना चाहिए कि क्या वोटर लिस्ट सही है या गलत।

शाम पांच बजे के बाद वोटर टर्नआउट का बढ़ना भी हैरान करने वाला है। शाम पांच बजे के बाद वोटिंग क्यों बढ़ी? चुनाव आयोग इसका जवाब दे। कांग्रेस पार्टी ने वोटों की धांधली के मामले में चुनाव आयोग से सवाल पूछे हैं, लेकिन आयोग ने एक भी जवाब नहीं दिया। हमें वोटों की चोरी पकड़ने में छह महीने का वक्त लगा है। ये गड़बड़ियां इसलिए हैं, क्योंकि चुनाव आयोग वोटर्स का डेटा उपलब्ध नहीं कराता। उन्होंने आरोप लगाया कि इस वजह से वोटों की चोरी हो रही है। हरियाणा में कांग्रेस की हार के लिए उन्होंने इन गड़बड़ियों को ही जिम्मेदार बताया। राहुल गांधी ने बताया कि लाखों पेपर्स की मैनुअली चेकिंग के बाद हमने ये सबूत जुटाए हैं। अगर इन पेपर्स को एक गड्डी बनाकर रख दिया जाए ,तो यह 7 फीट ऊंचा हो जाएगा। सबूतों को जुटाने में करीब 6 महीने का वक्त लगा। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि चुनाव आयोग ने जानबूझकर हमें नॉन मशीन रीडेबल पेपर्स मुहैया कराए, ताकि इन्हें मशीन से स्कैन न किया जा सके। कर्नाटक के मुख्य चुनाव अधिकारी ने राहुल गांधी को पत्र लिखा है। कहा कि निर्वाचन नियमों के तहत, अगर कोई व्यक्ति मतदाता सूची की वैधता पर सवाल उठाता है, तो उसे लिखित में विवरण देना होता है। वे नियम 20(3)(बी) के तहत शपथपत्र पर हस्ताक्षर कर ऐसे मतदाताओं के नाम उपलब्ध कराएं, ताकि उनके दावों की जांच की जा सके। यदि आवश्यक हो, तो कानूनी कार्रवाई भी शुरू की जा सके। वहीं, चुनाव आयोग (ईसी) ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर राहुल गांधी की प्रेस कॉन्फ्रेंस की वीडियो को शेयर करते हुए इसे गुमराह करने वाला बताया है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
खून की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# जिलाधिकारी ने बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा कर देखी व्यवस्था

## डीएम ने सिंचाई विभाग के अफसर को लगाई फटकार, कहा लापरवाही की तो होगी कार्रवाई

■ क्षेत्र में तैनात अधिकारी ग्रामीणों को तत्काल उपलब्ध कराये राहत सामग्री



ट्रैक्टर पर सवार होकर बाढ़ क्षेत्र का भ्रमण करते जिलाधिकारी व एडीएम।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मवाना/हस्तिनापुर।** गंगा जलस्तर में वृद्धि के चलते गुरूवार को जिलाधिकारी डॉ. वी. के. सिंह ने बाढ़ प्रभावित खादर क्षेत्र का भ्रमण कर संबधित अधिकारियों को बाढ़ प्रभावित लोगों को राहत सामग्री पहुंचाने सहित आवश्यक जरूरी दिशा निर्देश दिये। इस दौरान डीएम ने सिंचाई विभाग के गंगा किनारे बनाये गये तंटबंध का स्थलीय निरीक्षण कर अधिकारियों को फटकार लगाते हुए फतेहपुर प्रेम और शेरपुर के समीप टुटे तंटबंध को जल्द दुरूस्त कर ग्रामीणों को तत्काल राहत सामग्री उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

पिछले कई दिनों से गंगा जलस्तर में लगातार हो रही वृद्धि से गंगा नदी ने रौद्र रूप धारण कर लिया है। जिसके चलते गुरुवार को जिलाधिकारी, एडीएम सूर्यकांत त्रिपाठी ने प्रशासनिक व सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ बाढ़ क्षेत्र का दौरा किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने फतेहपुर प्रेम और शेरपुर के समीप टूटे तटबंध को लेकर सिंचाई विभाग के अधिकारियों को फटकार लगाई। उन्होंने स्पष्ट कहा कि तटबंध की मरम्मत कार्य में कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और जल्द से जल्द इसे दुरुस्त किया जाए, ताकि ग्रामीणों को और अधिक परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश दिए कि खादर क्षेत्र के प्रत्येक प्रभावित गांव तक राहत सामग्री और चिकित्सा सुविधा पहुंचाई जाए, साथ ही पशुओं की सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किए जाएं।

### ट्रैक्टर पर सवार होकर डीएम ने किया बाढ़ क्षेत्र का भ्रमण

जिलाधिकारी लगभग 12 बजे तारापुर पहुंचे। सबसे पहले तारापुर में बाढ़ चौकी पर प्रभावित लोगों को दी जा रही चिकित्सा सेवाओं का निरीक्षण किया। एडीएम सूर्यकांत त्रिपाठी के साथ ट्रैक्टर-ट्रॉली से बाढ़ क्षेत्र और तंटबंध का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बाढ़ पीड़ितों को भोजन और दवा आदि की व्यवस्था कराना सर्वोच्च प्राथमिकता है।



ग्रामीणों को देने वाली दवाईयों को देखते डीएम।

इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही हुई तो कठोर कार्रवाई की जाएगी। वहीं क्षेत्र में लोगों का रहना दुभर हो गया है। साथ ही ग्रामीणों ने अपने जानवरों को भी सुरक्षित जगह पहुंचा दिया है। बाढ़ क्षेत्र के हालत ठीक नहीं है लोगों को काफी नुकसान का सामना करना पड़ा है। ग्रामीणों का आशा है कि जल्द ही सरकार उन्हे आर्थिक सहायता देने की घोषणा करेगी। तभी उनके हालात सामान्य होंगे।

## आज सैनिक बोर्ड में रक्षा बंधन पर्व पर होगा विशेष कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी मेरठ कैप्टन आई.एन. राकेश शुक्ला ने बताया कि शुक्रवार को प्रात 11 बजे जिला सैनिक बार्ड, मेरठ में रक्षाबंधन के पावन अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस कार्याक्रम में के.एल. इंटर नेशनल स्कूल व उमालोक पब्लिक स्कूल के बच्चे व स्कूल के अध्यापक भूतपूर्व सैनिकों, वीर सैनिकों और उनके आश्रितों को राखी बांधकर अपना स्नेह और सम्मान प्रकट करेंगे। यह आयोजन हमारे शहीद आश्रितों व वीर सैनिकों के प्रति आभार और आत्मीयता की भावना को समर्पित है। इस गरिमामयी अवसर पर भारतीय सेना वेटंरस नोड अधिकारी एवं जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी मेरठ व भारतीय नौसेना जवान विशेष रूप से उपस्थित रहेंगें और बच्चों का उत्साहवर्धन करेंगे। यह कार्यक्रम बच्चों में देशभक्ति की भावना और ऑपरेशन सिंदूर को जागृत करने वाला होगा।

# महिला सवारी को लूटने वाला लुटेरा टेंपो चालक पुलिस की गोली से घायल

## आधी रात के बाद नेशनल हाईवे पर भैंसा गांव के कट के पास हुई मुठभेड़

■ लूटी रकम में से साढ़े पांच हजार व कुंडल पुलिस ने किये बरामद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मवाना।** दो दिन पहले महिला सवारी के साथ लूट की वारदात को अंजाम देने वाले लुटेरे टेंपो चालक को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पास से लूटी गई रकम से साढ़े 5 हजार रुपए व कान के कुंडल भी बरामद हुए हैं। पुलिस ने आरोपी को सीएचसी में भर्ती कराया, जहां से उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। गौरतलब है कि दो दिन पहले पीलीभीत निवासी सीमा भारती अपने दो बच्चों के साथ हस्तिनापुर में अपनी बहन से मिलने जा रही थी। महिला ने भैंसाली बस स्टैंड से हस्तिनापुर के लिए किराए पर टेंपो लिया।

चालक सीमा को हस्तिनापुर न ले जाकर मवाना से हाइवे पर ले गया और आगे जाकर कौल मोड़ से होकर कच्चे रास्ते पर ले गया। आरोपी ने महिला से 30 हजार की नगदी व जेवरात लूट लिए थे। लूट के दौरान आरोपी चालक ने महिला के हाथ पर चाकू से वार कर घायल कर दिया था। इस मामले में पीड़िता की ओर से घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। लुटेरे टेंपो चालक की पहचान इकबाल पुत्र सुल्तान निवासी ग्राम खेड़ी मनिहार के रूप में हुई थी। इंस्पेक्टर मवाना अखिलेश मिश्र ने बताया कि आधी रात के बाद नेशनल हाइवे पर भैंसा गांव के कट के पास मुठभेड़ में लुटेरा इकबाल पुलिस की गोली से घायल हो गया। उसके पास से एक तमंचा, कारतूस और एक चाकू बरामद हुआ है।

# कई गांवों में नहीं पहुंचे प्रशासनिक अधिकारी, न मिली कोई मदद

■ दूधली गांव के लोगों ने प्रशासन के खिलाफ किया हंगामा, मखदूमपुर की तरफ के कई गांवों में घरों के भीतर पहुंच चुका है पानी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मवाना/हस्तिनापुर।** बाढ़ प्रभावित कई गांवों में अभी तक किसी भी प्रशासनिक अधिकारी ने पहुंचकर ग्रामीणों की सुध नहीं ली है। उपेक्षित रवैये से गुस्साए दूधली गांव के लोगों ने प्रशासन के खिलाफ हंगामा किया। इस बार मखदूमपुर में कोई बाढ़ चौकी तक स्थापित नहीं की गई है। ग्रामीणों ने उनकी दूर्दशा का जिम्मेदार सीधे-सीधे प्रशासन को ठहराया है। बुधवार को गंगा नदी के जलस्तर में अत्यधिक बढ़ोत्तरी होने पर मखदूमपुर, बस्तौरा, दूधली, किशोरपुर, जलालपुर आदि गांवों में घरों के भीतर पानी पहुंच गया। जिससे खादर के ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ईंधन गीला होने के चलते उनके घरों में सही से चूल्हा तक नहीं जल पा रहा है। दूधाली गांव निवासी बाबू, गुड्डू, महेंद्र, मनजीत, सुभाष, सरजीत आदि ने बताया कि पशुओं के लिए चारे की समस्या पैदा हो रही है। प्रशासन के इस उपेक्षापूर्ण रवैये को लेकर ग्रामीणों में गहरी नाराजगी है और उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों के खिलाफ हंगामा किया। मखदूमपुर के पूर्व प्रधान राजकुमार ने बताया कि इस बार तो बाढ़ चौकी तक स्थापित नहीं की गई है। यदि हालात और अधिक बिगड़ गए तो उनकी जान जोखिम में पड़ जाएगी। ऐसी स्थिति में ग्रामीणों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाने के लिए मोटर बोट आदि की व्यवस्था नहीं की गई है।

## एकल आरोग्य फाउंडेशन ऑफ इंडिया की ओर से थाना परिसर में हुआ रक्षाबंधन कार्यक्रम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** आरोग्य फाउंडेशन ऑफ इंडिया, एकल आरोग्य प्रकल्प संभाग पश्चिम उत्तर प्रदेश भाग सहारनपुर, अंचल लक्ष्मीनगर, संच हस्तिनापुर के तत्वाधान में बहसूमा थाना परिसर में फाउंडेशन की पदाधिकारियों ने उपनिरीक्षको को राखी बांधकर अपनी रक्षा का वचन लिया। इस मौके पर संच कोऑर्डिनेटर ज्योति कुमारी ने बताया कि रक्षाबंधन भाई बहन का त्यौहार होता है। जिसमें बहन अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधकर उनसे रक्षा करने का वचन लेती है। वहीं भाई भी उनको हर संभव रक्षा करने का वादा करते हैं। उन्होंने थाना परिसर में जाकर उपनिरीक्षकों एवं पुलिसकर्मियों को राखी बंधवाते हुए रक्षा करने का वचन दिया। इस मौके मुख्य रूप से सुमन, प्राची, काजल, रितु, काजल, वर्षा, प्रवेश, मोनिका, इन्दू, बाला, रिया, रीना, माही, नीटू शर्मा आदि शामिल रहे।

# उत्पीड़न से तंग आकर परिवार ने थाने पहुंचकर उड़ेला पेट्रोल

## हस्तिनापुर थाना क्षेत्र का है मामला, पीड़ित की बहन का ससुराल पक्ष से चल रहा है विवाद

■ दूसरे पक्ष के साथ मिलकर एक युवक कर रहा है उत्पीड़न

■ पुलिसकर्मियों ने माचिस छीन आत्मदाह करने से रोका



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मवाना/हस्तिनापुर।** एक युवक के उत्पीड़न से आजिज पूरे परिवार ने थाना परिसर में पेट्रोल छिड़ककर आत्मदाह की कोशिश की। पुलिस ने उनसे माचिस छीनकर किसी तरह रोका। पीड़ित ने आरोप लगाया कि उसकी बहन के ससुराल वालों के साथ मिलकर एक युवक उनका उत्पीड़न कर रहा है। उनके खिलाफ झूठा मुकदमा दर्ज तक करा दिया और उनसे पैसों की मांग की। पुलिस ने आत्मदाह की कोशिश करने वालों को समझाया और निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया। पीड़ित ने आरोपी को नामजद करते हुए तहरीर दी है।

मामला थाना हस्तिनापुर क्षेत्र का है। कस्बा हस्तिनापुर निवासी मनीष ने बताया कि उसकी बहन का ससुराल पक्ष के लोगों से विवाद चल रहा है। एक दिन वह अपनी बहन को साथ लेकर मेरठ तारीख पर गया तो दिलावर नाम का युवक विपक्षियों के साथ वहां पहुंचा और उसे धमकी देते हुए उसकी बहन के बारे में अमर्यादित शब्द कहे। आरोपी ने उसके भाई का अवैध असलाह के साथ फर्जी फोटो बनवाया और उसे ब्लैकमेल किया। उसके खिलाफ धमकी देने का झूठा मुकदमा थाना हस्तिनापुर में दर्ज करा दिया। आरोप है कि आरोपी ने उससे 25 हजार रुपए की मांग की।

### पेट्रोल छिड़कते ही पुलिस के हाथ पांव फूले

मनीष गुरूवार को थाना हस्तिनापुर में पहुंचा और अपने भाई, बहन व बच्चों पर पेट्रोल छिड़क दिया। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने आत्मदाह करने से पहले उनसे माचिस छीन ली और समझा-बुझाकर शांत किया। पुलिस ने पीड़ित परिवार की व्यथा सुनी और निष्पक्ष जांच कर आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया। पीड़ित ने तहरीर दी है।

### कप्तान के यहां नहीं बैठा दिया तो मेरा नाम दिलावर नहीं!

कौन है दिलावर जो इतना ताकतवर है। थाने पहुंचे मनीष ने बताया कि आरोपी दिलावर उसे लगातार धमकी दे रहा था। उसने यहां तक कहा कि मेरठ आ जाओ, कप्तान के यहां नहीं बैठा दिया तो मेरा नाम दिलावर नहीं। आरोपी के उत्पीड़न की इंतिहा इसी बात से साबित हो जाती है कि पूरा परिवार ही आत्मदाह करने थाने पहुंच गया। इस संबंध में पूछे जाने पर एसओ हस्तिनापुर ने कहा कि मामले की जांच कराई जा रही है। यदि आरोपी दोषी पाया गया तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# कोटद्वार से दिल्ली की पैदल यात्रा पर निकले प्रवीण थापा का जगदीश त्यागी ने किया सम्मान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** नगर के समीप मेरठ पौड़ी मार्ग पर स्थित डीपीएम सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल के सचिव जगदीश त्यागी ने कोटद्वार से दिल्ली के लिए पैदल यात्रा पर निकले प्रवीण थापा का पटका पहनकर सम्मान किया। कोटद्वार के रहने वाले प्रवीण थापा सामाजिक कार्यों के लिए प्रयागराज, कालीमठ, केदारनाथ बद्रीनाथ आदि स्थानों की पैदल यात्रा कर चुके हैं। इस बार इस सामाजिक कार्यकर्ता ने कोटद्वार पौड़ी गढ़वाल स्थित काशीरामपुर तल्ला निवासी पत्रकार प्रवीन थापा ने गढ़वाल क्षेत्र के महत्त्वपूर्ण लालढांग चिल्लरखाल मार्ग के निर्माण को लेकर पैदल दिल्ली का रुख कर दिया है। वह दिल्ली जाकर केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से मिलकर इस मार्ग के निर्माण की मांग रखेंगे। उन्होंने कहा कि जब तक वह नितिन गडकरी से मुलाकात नहीं करेंगे तब तक वह कोटद्वार वापस नहीं आएंगे। इससे पूर्व वह कोटद्वार की विभिन्न समस्याओं को लेकर देहरादून मुख्यमंत्री से मुलाकात करने गए थे। इसके बाद वह केदारनाथ, कलीमठ, त्रिजुगीनारायण पैदल यात्रा, कोटद्वार से बद्रीनाथ पैदल यात्रा फिर कोटद्वार से 28 दिन की पैदल यात्रा कर प्रयागराज महाकुंभ पहुंचे थे। इस बार वह पुन: कोटद्वार हरिद्वार को जोड़ने वाले चिल्लरखाल, लालढांग कंडी मार्ग के निर्माण के लिए दिल्ली पैदल यात्रा में निकल चुके हैं। गुरुवार को छठे दिन वह बहसूमा पहुंचे। प्रवीण थापा ने कहा कि वह केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से मिलकर लालढांग चिल्लरखाल मोटर मार्ग के निर्माण की मांग रखेंगे। पैदल यात्रा से पूर्व उन्होंने कोटद्वार में हस्ताक्षर अभियान चलाया। इस अभियान में उन्हें काफी जनसमर्थन मिला।

### क्या है लालढांग चिल्लरखाल मार्ग

लैंसडौन वन प्रभाग के अंतर्गत चिलरखाल-लालढांग कंडी मोटर मार्ग उत्तराखंड राज्य की सीमा के अंदर कोटद्वार से हरिद्वार को जोड़ने वाला एकमात्र संपर्क मार्ग है। कोटद्वार के चिलरखाल से हरिद्वार जनपद के लालढांग तक 11 किमी तक का यह हिस्सा लैंसडौन वन प्रभाग के अंतर्गत आता है। इस मार्ग के बनने से क्षेत्रीय लोगों का समय बचेगा तथा उन्हें आर्थिक नुकसान भी नहीं उठाना पड़ेगा। इस मार्ग के बन जाने के बाद हरिद्वार जाने के लिए नजीबाबाद नहीं जाना पड़ेगा। राजनी. तिक दलों ने हमेशा चुनावों में इस मार्ग का सपना दिखाकर जनता को लॉलीपाप थमाया है।

## आज विभिन्न यंत्रों के कृषक चयन के लिए होगा ई-लॉटरी का आयोजन

**मेरठ।** डीएम डॉ. वी.के. सिंह ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्रमोशन ऑफ एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन फॉर इन-सीटू मैनेजमेन्ट ऑफ क्राप रेज्डयू सीआरएम, सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन, नेशनल मिशन ऑन एडिबिल ऑयल, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के कृषक चयन हेतु ई-लाटरी का आयोजन 7 व 8 अगस्त को कराने के संबंध में निर्देश प्राप्त हुए है। उक्त के अनुपालन प्रमोशन ऑफ एग्रीकल्चरल मैकलाइजेशन फार इन-सीटू मैनेजमेन्ट ऑफ क्राप रेज्डयू (सीआरएम), सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन, नेशनल मिशन ऑन एडिबिल ऑयल एवं राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन (एनएफएसएम) विभिन्न यंत्रो के कृषक चयन हेतु ई-लॉटरी का आयोजन शुक्रवार को होगा।

# सैनिक, वृद्ध और पेड़ों का हाथ, 22 यू.पी. गर्ल्स बटालियन के साथ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** 22 यू.पी. गर्ल्स बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल होपेन्द्र ठाकुर के निर्देशन में व प्रशासनिक अधिकारी मेजर ऋजु रावत के मार्गदर्शन के साथ बुधवार को बालेराम बृजभूषण सरस्वती शिशु मंदिर डी ब्लॉक शास्त्री नगर मेरठ की एनसीसी कैडेट्स ने आभामनाव सेवा सदन वृद्ध आश्रम में जाकर रक्षाबंधन के कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर 22 यू.पी. गर्ल्स बटालियन की कैडेट्स ने सभी वृद्धो को अपने द्वारा निर्मित रक्षा सूत्र बांधकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन कर उनका मनोरंजन भी किया। इसके साथ ही सभी वृद्धों और कैडेट्स ने अपने-अपने अनुभवों को एक दूसरे के साथ साझा किया, साथ ही एनसीसी कैडेट्स ने शुद्ध वातावरण की कामना करते हुए हमारे पर्यावरण के रक्षक हरे भरे वृक्षों को भी रक्षा सूत्र बांधे और साथ ही हमारे देश के सच्चे प्रहरी हमारी सेना के वीर जवानों के प्रति अपना सम्मान व्यक्त करते हुए 22 यू.पी. गर्ल्स बटालियन के पी. आई. स्टाफ को भी राखी बांधकर उनसे रक्षा का आश्वासन लिया।

**उत्तर रेलवे**

निविदा सूचना
(ई-टेंडरिंग द्वारा)

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम तथा स्थान | दिल्ली डिवीजन के रोहतक-गढ़ी सेक्शन के स्टेशनों में यूटीएस/पीआरएस और अन्य संबद्ध दूरसंचार उपकरणों का प्रावधान। |
| कार्य की अनुमानित लागत (रू) | Rs. 47,83,191.09/- मात्र |
| धरोहर राशि (रू) | Rs. 95,700.00/- |
| कार्यालय का पता | वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता-C, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली-110055 |
| निविदा प्रपत्र जमा करने तथा निविदा खुलने का दिनांक तथा समय। | निविदा प्रपत्र जमा अपलोड करने का समय दिनांक **29.08.2025** 15:00 बजे तक |
| वेब साइट एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहां से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है | उत्तर रेलवे की वेब साइट **www.ireps.gov.in** पर देखें या देखे नोटिस बोर्ड, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली-110055 |

निविदा संख्या: **558-सिग्नल-16-टेली-ओपनटेंडर-1019** दिनांक: **07.08.2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2415/25

**उत्तर रेलवे**

खुली निविदा सूचना

पत्र संख्या. 128-डब्लू/280/निविदा सूचना/25-26/डब्लू- I (NIT-23) दिनांक: 06.08.2025

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल अभियंता/प्रथम, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए ई-टेंडर के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम | सहायक मंडल अभियंता/करनाल के अधीन NRW-KKDE अनुभाग पर Km.4/7-8 पर रेलवे ट्रैक के नीचे 1x1000 मिमी व्यास केसिंग पाइप के माध्यम से 1x800 मिमी व्यास की न drainage/सीवरेज पाइपलाइन को पार करना, नरवाना-गुर्थुरी के बीच NRW-KKDEअनुभाग पर। |
| अनुमानित लागत | रु. 4959160.52/- |
| धरोहर राशि | रु. 99200/- (यह नेट बैंकिंग या केवल भुगतान gatway के रूप में होना चाहिए। नोट : एफ.डी.आर या डिमांड ड्राफ्ट के रूप में ई.एम.डी स्वीकार नहीं की जाएगी। (रेलवे बोर्ड के पत्र संख्या 2015/सीई-1/सीटी/5/1 दिनांक 31.08.2016) के अनुसार आई.आर.ई.पी.एस. पर आमंत्रित निविदा के लिए। |
| समापन अवधि | 12 महीने |
| ई-निविदा खोलने और प्रस्तुत करने के लिए दिनांक और समय | 29.08.2025 को 15:00 बजे तक प्रस्तुत करने तथा निविदा खुलने का समय दिनांक 29.08.2025 को 15:00 बजे। |
| निविदा की वेब साइट जहां निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है | **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। |

**नोट:-** शपथ पत्र संलग्नक XXIV अनिवार्य रूप के रूप में निविदा शर्तों के साथ संलग्न नए प्रारूप में प्रस्तुत किया जाना चाहिए। और सभी संलग्न दस्तावेज निविदाकर्ता द्वारा स्वयं सत्यापित किया जाना चाहिए। **2405/25**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य विद्युत अभियंता(निर्माण) उत्तर रेलवे, शिवाजी ब्रिज, नई दिल्ली निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित करते हैं।

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम | सीपीवाईजेड छोर पर पीएफ-1 और 2, दिल्ली छोर पर पीएफ-3 और 4, दिल्ली छोर पर पीएफ-5 और 6 के चौड़ीकरण के संबंध में विद्युतीकरण कार्य, जिसमें ट्रैक की स्लीविंग और गाजियाबाद में आरपीसी-4 सुविधा के साथ दो स्टेबलिंग लाइनों का प्रावधान शामिल है। |
| कार्य समापन अवधि | 12 महीने |
| अनुमानित लागत | रु. 70,70,453.21/- |
| धरोहर राशि | रु. 1,41,500/- |
| ई-निविदा जमा करने एवं निविदा खुलने की तिथि व समय | निविदा दिनांक **29.08.2025** समय 11:30 बजे तक www.ireps.gov.in पर अपलोड कर सकते हैं। निविदादाता ई-निविदा में भाग ले सकते हैं। निविदा दिनांक **29.08.2025** समय 11:30 बजे खोला जाएगा। |
| निविदा सूचना एवं निविदा प्रपत्र की जानकारी | विस्तृत निविदा सूचना उत्तर रेलवे वेबसाइट www.nr.indianrailways.gov.in पर उपलब्ध है। और निविदा पत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर **15.08.2025** से **29.08.2025** तक जमा करने के लिए उपलब्ध रहेगी। उपरोक्त निविदा के अन्य सभी नियम एवं शर्तें निविदा पत्र में दिये गये हैं। विस्तृत निविदा सूचना उपरोक्त कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है। |

संख्या 17-वि0/उप मु0 वि0 अभि0/सी0/टी0/162
दिनांक : 07.08.2025 2413/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ-2025**

रक्षाबंधन एवं जन्माष्टमी त्यौहार के दौरान रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा निम्नलिखित विशेष रेलगाड़ियों का संचालन किया जायेगा, जिनका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:-

**01823/01824 वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी - हज़रत निज़ामुद्दीन - वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी अनारक्षित स्पेशल रेलगाड़ी** — 06 फेरे

| रेलगाड़ी सं.: 01823 आगमन | रेलगाड़ी सं.: 01823 प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 01824 आगमन | रेलगाड़ी सं.: 01824 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 15:45 | वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी | 09:30 | ---- |
| 00:30 | ---- | हज़रत निज़ामुद्दीन | ---- | 02:00 |

**चलने के दिन: 01823 वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी** से दिनांक 08.08.2025 से 10.08.2025 (शुक्रवार, शनिवार एवं रविवार) तक एवं **01824 हज़रत निज़ामुद्दीन** से दिनांक 09.08.2025 से 11.08.2025 (शनिवार, रविवार एवं सोमवार) तक।
**ठहराव:** दतिया, डबरा, ग्वालियर, मुरेना., धौलपुर, आगरा कैंट, मथुरा जं. एवं कोसी कलाँ स्टेशन।
**स्थान:** सामान्य।

**04081/04082 नई दिल्ली - श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा - नई दिल्ली आरक्षित स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी** — 06 फेरे

| रेलगाड़ी सं.: 04081 आगमन | रेलगाड़ी सं.: 04081 प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 04082 आगमन | रेलगाड़ी सं.: 04082 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 23:45 | नई दिल्ली | 10:30 | ---- |
| 11:40 | ---- | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | ---- | 21:20 |

**चलने के दिन: 04081 नई दिल्ली** से दिनांक 14.08.2025 से 16.08.2025 (गुरुवार, शुक्रवार एवं शनिवार) तक एवं **04082 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा** से दिनांक 15.08.2025 से 17.08.2025 (शुक्रवार, शनिवार एवं रविवार) तक।
**ठहराव:** पानीपत जं., कुरुक्षेत्र जं., अम्बाला कैंट जं., ढंडारी कलां, जालंधर कैंट, पठानकोट कैंट, जम्मू तवी एवं शहीद कप्तान तुषार महाजन स्टेशन।
**स्थान:** प्रथम वाता., वाता-2 टीयर, वाता-3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य।

**04090/04089 आनन्द विहार (ट) - पटना जं. - आनन्द विहार (ट) आरक्षित एक्सप्रेस स्पेशल रेलगाड़ी** — 184 फेरे

| रेलगाड़ी सं.: 04090 आगमन | रेलगाड़ी सं.: 04090 प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 04089 आगमन | रेलगाड़ी सं.: 04089 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 14:25 | आनन्द विहार (ट) | 14:50 | ---- |
| 11:00 | ---- | पटना जं. | ---- | 18:20 |

**चलने के दिन: 04090 आनन्द विहार (ट)** से दिनांक 08.08.2025 से दिनांक 07.11.2025 (प्रतिदिन) एवं **04089 पटना जं.** से दिनांक 09.08.2025 से दिनांक 08.11.2025 (प्रतिदिन)।
**ठहराव:** कानपुर सेन्ट्रल, प्रयागराज जं., वाराणसी जं., गाजीपुर सिटी, बलिया, सहतवार, सुरेमनपुर, छपरा एवं पाटलिपुत्र स्टेशन।
**स्थान:** वाता-2 टीयर, वाता-3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य।

**रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय-सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन न. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाईट https://enquiry.indianrail.govin अथवा NTES ऐप देखें।**

रेलमदद वेबसाइट देखें:- www.railmadad.indianrailways.gov.in रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

हमें फॉलो करें

**उत्तर रेलवे**
आपकी सुविधा – हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

2421/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

गाजियाबाद विकास प्राधिकरण का बुलडोजर एक्शन

# अवैध कॉलोनी की सड़कें, बाउंड्रीवॉल और ऑफिस ध्वस्त



**गाजियाबाद।** जीडीए उपाध्यक्ष के निर्देशन में एवं प्रभारी प्रवर्तन जोन-2 के नेतृत्व में आज गुरुवार को ध्वस्तीकरण की कार्रवही को अंजाम दिया गया। दरअसल अवैध कालोनी में सड़क, बाउण्ड्रीवॉल, साईट ऑफिस का निर्माण किया जा रहा था। जिसपर अब जीडीए ने बुलडोजर का एक्शन लिया हैं।

इसमें आजाद पुत्र कल्लू द्वारा ग्राम-सरना, पाईप लाईन रोड़, मुरादनगर गाजियाबाद, के खसरा संख्या-1533 व 1530, 1308, 1256-1258, 1273-1275 के लगभग 20 बीघा क्षेत्रफल में, रविन्द्र सिरोही पुत्र आर0एस0 सिरोही, ग्राम-नवीपुर, मुरादनगर, गाजियाबाद खसरा संख्या-35 के लगभग 8500 वर्ग मी0 क्षेत्रफल में पूर्व निर्मित सड़कों पर पत्थर डालने का कार्य किया गया।

एक भवन का निर्माण पूर्ण कर एवं अध्यासित है एवं रविन्द्र, ग्राम-बसन्तपुर सैंतली, नवीपुर बम्बा, दुहाई, गाजियाबाद द्वारा खसरा संख्या-20, पर लगभग 20000 वर्ग मी0 क्षेत्रफल में विकसित की जा रही अवैध कालोनी में सड़क, बाउण्ड्रीवॉल, साईट ऑफिस को ध्वस्त कर दिया गया है।

ध्वस्तीकरण की कार्यवाही के दौरान अवैध निर्माणकर्ताओं द्वारा भारी विरोध प्रकट किया गया, लेकिन पुलिस व प्राधिकरण प्रवर्तन दस्ते की प्रभावी कार्यवाही के द्वारा नियन्त्रित करते हुए ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गई। प्रभारी प्रवर्तन जोन-2 द्वारा लोगो को सख्त निर्देश दिये गये कि बिना अनुमति प्राप्त किये गये किसी भी निर्माण को बक्शा नही जायेगा। उपरोक्त अनाधिकृत रूप से किये गये निर्माण के विरूद्ध सहायक अभियन्ता, अवर अभियन्तागण एवं प्रवर्तन जोन-2 के समस्त स्टाफ, प्राधिकरण पुलिस बल व प्राधिकरण प्रवर्तन दस्ते की उपस्थिति में ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गई। जीडीए ने कहा कि आगामी माह में भी ध्वस्तीकरण/ सील की कार्यवाही के अभियान को इसी प्रकार जारी रखा जाएगा।

उद्योग जगत की समस्याओं के समाधान के लिए

# औद्योगिक विकास मंत्री नंदगोपाल नंदी से मिले इंडस्ट्रियलिस्ट



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश के औधोगिक विकास मंत्री नंदगोपाल गुप्ता नंदी से गाजियाबाद के इंडस्ट्रियलिस्ट ने मुलाकात करते हुए उधोग जगत की कुछ प्रमुख समस्याओं से अवगत कराया। ऑल इंडिया इंडस्ट्रियलिस्ट एशोसिएशन के अध्यक्ष उपेन्द्र गोयल, मनोज शर्मा, संजीव सचदेवा सहित उत्तर प्रदेश उधोग व्यापार मण्डल उधोग मंच के प्रदेश अध्यक्ष संजीव कुमार गुप्ता ने उत्तर प्रदेश के औधोगिक विकास मंत्री नंदगोपाल नंदी को एक ज्ञापन सौंपा जिसमें कई महत्वपूर्ण विषयों सहित यूपीसीडा के द्वारा इंडस्ट्रीज के रखरखाव के लिए 72 रूपये / स्क्वॉड शुल्क वसूलने पर भी आपत्ति दर्ज कराई गई। ऑल इंडिया इंडस्ट्रियलिस्ट संगठन के अध्यक्ष उपेन्द्र गोयल ने बताया कि मंत्री जी ने हमारी बातों को बहुत ही ध्यान से सुना तथा उन्हें उचित मानते हुए, तत्काल ही यूपीसीडा के सीईओ मयूर माहेश्वरी को इनके जल्द से जल्द समाधान कराने के लिए आदेशित किया। उधोग जगत की समस्याओं के लिए सदैव अग्रसर रहने के लिए सुनील सचदेवा सहित सभी ने नंदगोपाल नंदी का आभार प्रकट किया है।

# कन्या पाठशाला मोहल्ला महाजनान मुरादनगर में 'आर्ट एंड क्राफ्ट प्रदर्शनी' का हुआ आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादनगर।** कन्या पाठशाला मौहल्ला महाजनान मुरादनगर की सातवीं आठवीं एवम नौवीं कक्षा की छात्राओं द्वारा घर में बची हुई वेस्ट मैटेरियल से अलग अलग ढंग से बनायी गई कलाकृतियों की एक 'आर्ट एंड क्राफ्ट' प्रदर्शनी का आयोजन दिनांक 07-08-2025 को कन्या इंटर कॉलेज (कन्या पाठशाला) मौहल्ला महाजनान मुरादनगर में किया गया। जिसमें पाठशाला की लगभग साठ छात्राओं ने भाग लिया। इसमें घर की वेस्ट मैटेरियल से सोलर पैनल, कैरम बोट, झूला, भगवान कृष्ण, लाल बहादुर शास्त्री एवम महात्मा गांधी तथा भिन्न भिन्न तरह की कलाकृतियां, सजावटी सामान आदि की प्रदर्शनी लगाई गई। सर्वप्रथम मां सरस्वती के चित्र पर मुख्य अतिथि पं विनोद मिश्रा एवम प्रधानाचार्य द्वारा दीपक प्रज्ज्वलित किया गया तथा छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। उसके बाद प्रदर्शनी का रिबन काटकर उद्घाटन मुख्य अतिथि पं विनोद मिश्रा राष्ट्रीय अध्यक्ष परशुराम सेवा दल एवम विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार यादव, समाज सेवी बोबी पंडित एवम अन्य अतिथियों द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवम सभी अतिथिगण व पत्रकार बंधुओ को पटका पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार यादव ने की। इस अवसर पर पंडित विनोद मिश्रा ने आर्ट एंड क्राफ्ट प्रदर्शनी में भाग लेने वाली छात्राओं के इस प्रयास की सराहना की तथा प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार यादव व समस्त अध्यापक एवं अध्यापिकाओं को छात्राओं का मनोबल बढ़ाने वाले इस आयोजन को कराने के लिए प्रशंसा की।

# आईटीएस डेंटल कॉलेज में मनाया गया विश्व स्तनपान सप्ताह




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादनगर।** आईटीएस डेंटल कॉलेज के पब्लिक हेल्थ डेन्टिस्ट्री विभाग द्वारा तक विश्व स्तनपान सप्ताह मनाया गया। जिसका विषय ''स्तनपान को प्राथमिकता दे: सतत समर्थन प्रणाली बनाएं'' था। इस थीम का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि हर माँ को स्तनपान कराने के लिए आवश्यक जानकारी और सहयोग उपलब्ध हो, जिससे वह जितनी देर तक चाहे अपने बच्चे को स्तनपान करवा सके। यह सप्ताह माताओं के महत्व के प्रति जागरूक करने के लिए मनाया जाता है, जो माँ और बच्चे दोनों के स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार शिशु के जन्म के एक घंटे के भीतर स्तनपान शुरू कर देना चाहिए और 6 माह तक केवल स्तनपान कराया जाना चाहिए। इसके बाद पौष्टिक पूरक आहार के साथ-साथ दो वर्ष या उससे अधिक समय तक स्तनपान जारी रखना चाहिए।

इस अवसर पर संस्थान द्वारा विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें गर्भवती महिलाओं और महिलाओं को स्वास्थ्य शिक्षा एवं स्तनपान के महत्व पर एक इंटरैक्टिव सत्र आयोजित किया गया। यह सत्र सूर्या अस्पताल के मेटरनिटी वार्ड, ग्राम सुल्तानपुर, सी.एच.सी. मुरादनगर और संजय नगर जिला अस्पताल में आयोजित किये गये, जिसमें महिलाओं को स्तनपान के लाभों के बारे में जागरूक किया गया। इसके साथ ही संस्थान की डेन्टल ओ.पी.डी और भोजपुर, मोहन नगर, आकाश नगर, नहाल, विजय नगर एवं राजनगर एक्सटेंशन में आयोजित शिविर स्थलों पर पिंक रिबन कल्चर की शुरुआत की गई। साथ ही महिलाओं को ब्रेस्ट सेल्फ एग्जामिनेषन की विधि भी सिखाई गई, क्योंकि आज के समय में स्तन कैंसर तेजी से बढ़ रहा है। इस अवसर पर संस्थान की डेन्टल ओ.पी.डी में आने वाले मरीजों और विभिन्न गांवों में लोगों को स्तनपान के महत्व की जानकारी देने के लिए पंपलेट वितरित किये गये। संस्थान के बी.डी.एस एवं एम.डी.एस. पाठ्यक्रम की छात्राओं एवं महिला फैकल्टी ने भी इस अभियान में भाग लिया और माँ और बच्चे के स्वास्थ्य के लिए स्तनपान के महत्व को समाज में फैलाया। इसके अतिरिक्त, एक सोशल मीडिया अभियान भी चलाया गया, जिससे स्तनपान के महत्व को जन-जन तक पहुंचाया जा सकें।

सुंदरदीप ग्लोबल यूनिवर्सिटी के प्रो.वाइस चांसलर

# पीयूष श्रीवास्तव डीपीएसजीएमयूएन में मुख्य अतिथि के रूप में हुए शामिल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** दिल्ली पब्लिक स्कूल परिसर में आयोजित दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय शैक्षणिक कार्यक्रम डीपीएसजीएमयूएन 2025 में एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी के प्रो-वाइस चांसलर (प्रशासन) पीयूष श्रीवास्तव (आईपीएस) ने मुख्य अतिथि के रूप में गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई।

यह मॉडल यूनाइटेड नेशंस (MUN) सत्र विद्यार्थियों को वैश्विक मुद्दों पर संवाद, विमर्श और समाधान-निर्माण की वास्तविक प्रक्रिया से अवगत कराने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में देशभर के लगभग 500 प्रतिष्ठित विद्यालयों के छात्र प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस आयोजन के दौरान वैश्विक सुरक्षा, पर्यावरणीय अलार्म, राजनीतिक आतंकवाद, पत्रकारिता, कूटनीति, और नेतृत्व क्षमता जैसे विषयों पर गहन चर्चा हुई।

मुख्य अतिथि पीयूष श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के शैक्षणिक आयोजनों के माध्यम से युवाओं को वैश्विक सोच, कूटनीतिक समझ और नेतृत्व के गुणों को आत्मसात करने का अवसर प्राप्त होता है, जो आने वाले समय में राष्ट्र निर्माण में सहायक सिद्ध होगा। इस अवसर पर यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण की महाप्रबंधक (उद्योग) डॉ. सिमा सिंह विश्नोई भी विशिष्ट अतिथि रहीं। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नीरज गीता तथा जवाहरलाल नेहरू विश्व. विद्यालय नई दिल्ली के प्रोफेसर डॉ. अंशु जोशी ने किया।

एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी की इस भागीदारी ने विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों और प्रबंधन की सक्रिय भूमिका को दर्शाया, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण एवं व्यवहारिक शिक्षा प्रदान करना है।

# इंडीपेन्डेन्ट स्कूल्स फैडरेशन की आजादी का अमृत महोत्सव



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** इंडीपेन्डेन्ट स्कूल्स फैडरेशन जिला के प्रतिनिधि मंडल की महत्वपूर्ण बैठक षजिला अधिकारी सभागार में आयोजित हुई। जिसमें जिला अधिकारी ने आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत ष्हर घर तिरंगाष की भावना को जारी रखते हुए दिनांक 2 अगस्त से 15 अगस्त, 2025 की अवधि में तीन चरणों में आयोजित करने के निर्णय के सम्बन्ध में गाजियाबाद जनपद के सभी स्कूलों को निर्देशित किया कि - दिनांक 8 अगस्त 2025 को तिरंगा रंगोली प्रतियोगिता, राखी बनाने की कार्यशाला, निबन्ध, कविता, क्विज प्रतियोगिता आयोजित की जाए। और स्कूलों की दीवारों और बोर्डो को तिरंगा से प्रेरित कला से सजाया जाय। दिनांक। अगस्त को सभी विद्यालयों में तिरंगा महोत्सव के अन्तर्गत जिला जनप्रतिनिधि मा. विधायक / महोपौर / ब्लॉक प्रमुख / ग्राम प्रधान / पार्षद को आमंत्रित करते हुए सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाऐ और विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित किये जाए। दिनांक 12 अगस्त को प्रत्येक विद्यालय के छात्रों के माध्यम से तिरंगा रैली में एनसीसी/ स्काउट एवं एनएसएस के छात्रों को सम्मिलित करते हुए आयोजन किया जाए। दिनांक 13 अगस्त को सभी विद्यालयों में छात्रों के माध्यम से तिरंगा साईकिल यात्रा का आयोजन किया जाए और समस्त भवनों को तिरंगा लाईट से सजाया जाए ।

गणेश अस्पताल में छात्राओं ने मनाया रक्षाबंधन पर्व

# यह भावनात्मक जुड़ाव की मिसाल है: डॉ. अर्चना शर्मा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** रक्षाबंधन के पर्व को लेकर शहर में उत्साह का माहौल है। इस पावन अवसर पर सामाजिक समरसता और सेवा की भावना को जीवंत करते हुए नेहरू नगर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर की छात्राओं ने गणेश अस्पताल पहुँचकर अस्पताल के डॉक्टर्स और स्टाफ को राखी बांधी। छात्राओं ने चिकित्सा स्टाफ को राखी बाँधकर उनके उत्तम स्वास्थ्य और सेवा कार्यों की सफलता की कामना की।

इस दौरान अस्पताल का वातावरण भावनात्मक और उत्सवी रंग में रंगा नजर आया। गणेश अस्पताल की चेयरमैन डॉ. अर्चना शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि रक्षाबंधन केवल भाई-बहन के बीच का पर्व नहीं, बल्कि भावनात्मक सुरक्षा और सामाजिक रिश्तों को मजबूत करने का प्रतीक है। जब हमारी बेटियां हमें राखी बांधती हैं, तो यह एक सम्मान और प्रेरणा का क्षण होता है। इस पहल से हमारे स्टाफ को भी भावनात्मक संबल और सम्मान का अनुभव होता है। जीएम डॉ. बिरज सिंह ने स्कूल प्रबंधन और छात्राओं का आभार जताते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से समाज और संस्थानों के बीच सकारात्मक जुड़ाव बढ़ता है। अस्पताल स्टाफ ने भी इस पहल का स्वागत किया और छात्राओं के स्नेह को अपना सौभाग्य बताया। इस अवसर पर बीरेन्द्र सिंह, मंगल, अमित, पुनीत, अंकित, जितेन्द्र, ओमजी, राहुल, नमन आदि ने छात्राओं से राखी बंधवाई।

# केसरी माता मंदिर में अवैध कब्जे की साजिश, पुजारन के परिवार को दी धमकी




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** पटेल मार्ग पर स्थित केसरी माता मंदिर में अवैध कब्जे और पुजारन के परिवार को जान से मारने की धमकी का गंभीर मामला सामने आया है। मंदिर की मालिक और पुजारन मीना बघेल, जो स्वर्गीय भरत नारायण गिरी की पत्नी हैं, ने पत्रकारों को बताया कि मंदिर का निर्माण महंत स्वामी ग्रीष्म गिरी और महंत दिगंबर भैरो गिरी द्वारा निर्वाणी अखाड़े की भूमि पर किया गया था। 20 जनवरी 1998 को रजिस्टर्ड वसीयत के माध्यम से मंदिर का अधिकार स्वर्गीय भरत नारायण गिरी को सौंपा गया था। उनके निधन (27 सितंबर 2024) के बाद, मीना बघेल और उनके पुत्र अंकित गिरी मंदिर के विधिक उत्तराधिकारी हैं। मंदिर की दुकानों से प्राप्त किराया मंदिर के रखरखाव और सामाजिक कार्यों में उपयोग होता है। इसके अलावा, बिजली बिल, हाउस टैक्स और अन्य सभी दस्तावेज स्वर्गीय भरत नारायण गिरी के नाम पर हैं। मीना बघेल ने आरोप लगाया कि स्व. भरत नारायण गिरी के निधन के बाद, महंत कन्हैया गिरी और महंत विजय गिरी, जिन पर पहले से बलात्कार और हत्या जैसे गंभीर मुकदमे दर्ज हैं, लालचवश मंदिर पर कब्जा करने की साजिश रच रहे हैं। बघेल के अनुसार, महंत कन्हैया गिरी और विजय गिरी अपने अनुयायियों के साथ मंदिर परिसर में आए और उन्हें धमकाते हुए मंदिर खाली करने को कहा।

इसके बाद दोनों महंत अपने अज्ञात अनुयायियों के साथ दोबारा मंदिर पर कब्जा करने की नीयत से पहुंचे और मंदिर परिसर में डटे हुए हैं। मीना बघेल ने बताया कि उन्होंने पुलिस से कई बार निवेदन किया कि कब्जाधारियों को मंदिर से हटाया जाए, लेकिन पुलिस का ढीला-ढाला रवैया महंतों के हौसले बुलंद कर रहा है। उन्होंने पुलिस आयुक्त को भी शिकायत पत्र सौंपा है। बघेल और उनके परिवार ने पुलिस प्रशासन से निष्पक्ष जांच और कानूनी कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने मांग की है कि महंत कन्हैया गिरी और विजय गिरी को मंदिर परिसर से हटाया जाए, क्योंकि इनके खिलाफ पहले से गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। परिवार ने मंदिर और अपनी सुरक्षा की भी मांग की है, साथ ही 11 अगस्त 2025 को प्रस्तावित सोलहवीं, भंडारा और चादर विधि को रोकने की अपील की है।

# शिल्पा त्यागी को वर्ष 2025 की प्रधानाचार्या के रूप में किया गया सम्मानित




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**साहिबाबाद।** दिवाकर मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल की प्रधानाचार्या शिल्पा त्यागी को राष्ट्रीय शिक्षा सम्मेलन में वर्ष 2025 की प्रधानाचार्या के रूप में सम्मानित किया गया। यह सम्मेलन कौशल विकास एवं उद्यमित मंत्रालय द्वारा मान्यता प्राप्त है। यह पुरस्कार उनकी अटूट लगन, दूरदर्शी नेतृत्व व शिक्षा के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान का सच्चा प्रतिबिंब हैं।

# आईटीएस में राष्ट्रीय महिला आयोग के नए प्रयास कैंपेन कैंपस कॉलिंग का शुभारम्भ




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** आईटीएस मोहन नगर में राष्ट्रीय महिला आयोग के नए प्रयास कैंपस कालिंग कैंपेन का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्र्यि महिला आयोग की अध्यक्षा विजया राहतकर एवं आईटीएस - दि एजुकेशन ग्रुप के वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने माँ सरवती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। अपने स्वागत सम्बोधन में अर्पित चड्ढा ने महिला शशक्तिकरण की दिशा में आईटीएस - दि एजुकेशन ग्रुप द्वारा किये जा रहे प्रयासों पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि समाज कि विकास एवं राष्ट्र के उत्थान एवं विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को देश की आधी आबादी को साथ लिए बिना संभव नहीं है।

उन्होंने कहा कि सभी को इस दिशा में प्रयास करने की आवश्यकता है और तभी सच्चे अर्थों में देश आगे बढ़ेगा। अपने सम्बोधन में मुख्या अतिथि एवं राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्षा राहतकर ने राष्ट्रीय आयोग द्वारा किया जा रहे प्रयासों एवं अनेक प्रकार की पहल का उल्लेख्य करते हुए कहा कि आज कि समय में जागरूकता एवं अपने अधिकारों एवं कर्तव्यों कि प्रति सही जानकारी के साथ साथ उपलब्ध कानूनों के बारे में जानकारी उपलब्ध होना अत्यंत आवश्यक है। इसके पूर्व आईटीएस के आई टी एवं स्नातक परिसर के निदेशक प्रो. (डॉ) सुनील कुमार पांडेय ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि बिना 50 प्रतिशत आबादी कि योगदान एवं उनकी बराबरी की भूमिका को सुनिश्चित करते हुए एवं महिलाओं को सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ने का अवसर प्रदान किया बिना समाज और देश के समग्र विकास का लक्ष्य प्राप्त कर राष्ट्र को विश्वगुरु के रूप में स्थापित कर पाना संभव ही नहीं है। इसके पूर्व राष्ट्रिए महिला आयोग की तरफ से एक- दिवसीय कार्यशाल का आयोजन किया गया जिसमें स्वतंत्र शोधकर्ता डॉ पलक मित्तल, अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त साइबर सिक्योरिटी विशेषज्ञ कामाक्षी शर्मा तथा राष्ट्रीय महिला आयोग के मीडिया सलाहकार शिवम् गर्ग ने 'लैंगिक समानता एवं साइबर जागरूकता' विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभी विशेषज्ञों का स्वागत करते हुए आईटीएस (स्नातक परिसर), मोहन नगर की उपप्राचार्य डॉ नैंसी शर्मा ने कार्यशाला के विषयवस्तु पर प्रकाश डाला एवं कहा की आज के समय में लैंगिक समानता को सुनिश्चित करने के लिए बड़े स्तर पर जागरूकता फैलाने एवं इस दिशा में गंभी प्रयास की आवश्यकता है। इस अवसर पर लगभा 1 हजार से भी छात्र, शिक्षकगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# तेज रफ्तार वाहन ने दो मासूम बच्चों को मारी टक्कर, एक की मौत

## घर से दुकान पर सामान लेने के लिए जा रहे थे बच्चे अचानक हुआ हादसा, बच्ची की हालत गंभीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** कोतवाली क्षेत्र के टटीरी कस्बे में एक दर्दनाक हादसा हुआ है। तेज रफ्तार वाहन ने दो मासूम बच्चों को टक्कर मार दी। दोनों भाई-बहन घर से दुकान पर सामान लेने के लिए निकले थे। हादसे में शौर्य और उसकी बहन शगुन गंभीर रूप से घायल हो गए।

डॉक्टरों ने शौर्य को मृत घोषित कर दिया। शगुन का बागपत के सर्वोदय हॉस्पिटल में उपचार चल रहा है। उसकी हालत भी चिंता. जनक बनी हुई है। स्थानीय लोगों ने मौके पर वाहन चालक को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है। स्थानीय निवासी हिम्मत सिंह ने



मृतक बच्चे का फाइल फोटो

बताया कि दोनों बच्चे अपने घर से सामान लेने के लिए निकले थे। तभी तेज रफ्तार वाहन की चपेट में वे आ



गए। वाहन की टक्कर से बड़ा हादसा हुआ। इसमें शौर्य की मौत हो गई जबकि उसकी बहन गंभीर रूप से घायल हुई है। वाहन चालक मौके से भागने का प्रयास कर रहा था, लेकिन स्थानीय लोगों ने घेराबंदी करके उसे पकड़ लिया। उन्होंने चालक को पुलिस के हवाले कर




दिया। पुलिस ने वाहन चालक को हिरासत में लिया है। अब पूरे मामले की जांच शुरू कर दी गई है। शौर्य की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। स्थानीय लोग पीड़ित परिवार को सांत्वना दे रहे हैं।

# राखी सिर्फ एक धागा नहीं, बल्कि विश्वास और उत्तरदायित्व का प्रतीक है:इंदु

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर के जनता वैदिक कालेज में हर घर तिरंगा के प्रथम चरण के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस की द्वितीय एवं चतुर्थ इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में तिरंगा राखी निर्माण कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया।

इस विशेष अवसर पर महाविद्यालय की छात्राओं ने अपने हाथों से तिरंगे के रंगों से सजी राखियाँ बनाई, जिनमें राष्ट्रभक्ति, भाईचारे और रचनात्मकता की छाप स्पष्ट रूप से दिखाई दी। कार्यशाला के पश्चात् इन स्नेहिल तिरंगा राखियों को महाविद्यालय के शिक्षकों की कलाई पर बाँधा गया, जिसने पूरे परिसर को एक पारिवा. रिक, भावनात्मक और एकता के सूत्र में पिरोने वाला अनुभव प्रदान किया। इस प्रेरणादायक कार्यक्रम का संचालन चतुर्थ इकाई की कार्यक्रम अधिकारी डा.इंदु तथा द्वितीय इकाई के कार्यक्रम अधिक. ारी श्वेता अग्रवाल द्वारा किया गया। इस अवसर पर चतुर्थ इकाई की कार्यक्रम अधिकारी डा.इंदु ने अपने वक्तव्य में कहा राखी सिर्फ एक धागा नहीं, बल्कि विश्वास और उत्तरदायित्व का प्रतीक है। जब यह धागा तिरंगे के रंगों से सजे, तो यह राष्ट्र के प्रति हमारे कर्तव्य और समर्पण का प्रतीक बन जाता है। हमारे विद्यार्थियों ने यह भाव आज अपने हाथों से रचा है। कार्यक्रम के प्रेरणास्रोत रहे प्राचार्य प्रो.डा.वीरेंद्र प्रताप सिंह, जिनके सशक्त नेतृत्व, मार्गदर्शन और सकारात्मक ऊर्जा से यह संपूर्ण आयोजन अत्यंत सफल, सुंदर और हृदयस्पर्शी रूप में संपन्न हो सका।

# छात्र-छात्राओं के मध्य अंतर सदन खो-खो प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर के दिल्ली रोड स्थित माउंट लिटेरा ज़ी स्कूल में कक्षा 4 से 12 तक के छात्र-छात्राओं के मध्य अंतर सदन खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसका शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य निशांत कुमार ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता में विद्यालय की चारों सदनों कोलंबस हाउस, लिओनार्डो दा विंची हाउस, अल्बर्ट आइंस्टीन हाउस एवं महात्मा गांधी हाउस के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने पूर्ण उत्साह, अनुशासन और खेल भावना के साथ सहभागिता की। आज के पहले लीग मैच में कोलं. बस हाउस और लिओनार्डो दा विंची हाउस के बीच रोमांचक मुक. ाबला खेला गया, जिसमें बालिका वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए लिओनार्डो दा विंची हाउस ने जीत हासिल की।

वहीं बालक वर्ग में कोलंबस हाउस की टीम विजयी रही। प्रतियोगिता में निर्णायक व ऑफिशियल के रूप में रविंदर पंवार, मोनिका पंडोले तथा अन्य सहायक स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही। सभी खिलाड़ियों ने अनुकरणीय टीमवर्क, ऊर्जा एवं खेल भावना का प्रदर्शन किया। आगामी मैचों को लेकर छात्रों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है।

# घर में सो रहे छात्र की जहरीले जीव के काटने से मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** खट्टा प्रहलादपुर गांव में घर में सो रहा कक्षा 6 का 14 वर्षीय किशोर की जहरीले जीव के काटने से मौत हो गई, जिससे परिजनों में कोहराम मचा है। ग्रामीण पीड़ित परिवार को सांत्वना देने मे लगे है।

खट्टा प्रहलादपुर निवासी सलीम का 14 वर्षीय पुत्र अमन गांव के ही एक स्कूल में कक्षा 6 में पढता था। मिली जानकारी के अनुसार रात्रि वह परिवार के साथ घर पर सोया हुआ था तभी किसी जहरीले जीव ने उसे काट लिया। उसे जब अहसास हुआ तो उसने परिजनों को बताया परिजनों ने उसके घाव को देखा और उसे बडौत अस्पताल के लिए लेकर चल दिये। जहा डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया जिसके बाद वह



मृतक बच्चे का फाइल फोटो

उसे शामली झाड़ फूक वालो के यहा ले गये। जहा से भी उसे मृत घोषित कर दिया गया जिससे परि. जनों में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रो बुरा हाल हाल है। जब यह सूचना गांव के लोगो को पता चली तो ग्रामीण पीड़ित परिवार को सांत्वना देने मे लगे है। ग्रामीणों ने



बताया कि मृतक युवक तीन बहनों का इकलौता भाई था जिसके चलते परिजन सदमे मे है। ग्रामीण उन्हें समझाने मे लगे है। मृतक की मां अपने पुत्र को याद कर बार बार बेहोश हो रही थी। ग्रामीणों ने बताया कि जहा युवक सोया था वहा गुहेरा देखा गया था जिससे गुहेरे के काटने से ग्रामीण मौत का कारण मान रहे है। वही परिजन सांप से काटने से मौत का कारण मान रहे है।

## एक नजर

### किसानों की समस्या को लेकर भाकियू की बैठक आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** सिगोली तगा गांव में भारतीय किसान यूनियन के कार्यकताओं की एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें किसानों की समस्याओ को लेकर चर्चा की गई। सिगोली तगा गांव में भाकियू नेता रवि शंकर शर्मा के आवास पर एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें बोलते हुए खेकड़ा ब्लाक अध्यक्ष दीपक शर्मा ने कहा कि रटौल बिजली घर से बिजली कटौती के चलते जहा किसान परेशान है। वही जनता भी परेशान है। इसके अलावा साधन सहकारी समिति पर समय से किसानों को खाद नही मिल रहा है जो बड़ी समस्या है जिसके लिए किसानों को एकजुट होकर जिलाअधिकारी के मिल समस्या के समाधान कराने की मांग रखेगे। वही रवि शंकर शर्मा ने कहा की सिगोली तगा में नाला निर्माण न होने के कारण जलभराव की समस्या बनी हुई है जिससे प्रशासन को जल्द बनवाना चाहिए। इस मौकें पर जगपाल धामा, सुधीर धामा, आजाद वीर, बालकराम आदि मौजूद रहे।

### खुरपका मुहपका बीमारी की रोकथाम के चलाया टीका अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** पशुओं मे होने वाली खुरपका मुहपका बीमारी की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा अभियान चलाया पशुओं के टीके लगाये गये। बरसात का मौसम शुरू होते ही पशुओं में खुरपका मुहपका बीमारी फैलने का खतरा बन जाता है जिससे गम्भीरता से लेते हुए पशुपालन विभाग ने रटौल नगरपंचायत में अभियान चलाकर 350 पशुओं को बीमारी से बचाव के लिए टीके लगाये गये। डाक्टर वीरेन्द्र ने बताया कि यह अभियान पांच दिन चलेगा और घर घर जाकर पशुओं को टीकाकरण किया जायेगा। इस मौकें पर मुजीब, विवेक संदीप आदि ने सहयोग किया।

### पूर्व सभासद विनोद कुमार उर्फ नीटु को कानपुर में किया सम्मानित




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर निवासी पूर्व सभासद विनोद कुमार उर्फ नीटु को कानपुर में सम्मानितकिया गया। उन्हें सम्मानित किए जाने जनपद बागपत में खूशी की लहर दौड़ गई है। जनपद बागपत के लोगों ने भी उन्हें बधाई दी है। इस मौके पर विनोद कुमार उर्फ नीटु सभासद ने कहा कि जो सम्मान मुझे मिला है यह मेरे जनपद बागपत के सम्मानित लोगों की देन है। राष्ट्रीय हथकरघा दिवस पर कानपुर में मेरठ परिक्षेत्र मे हथकरघा वस्त्र उत्पादन के क्षेत्र में उत्कर्ष कार्य करने पर नगर निवासी पूर्व सभासद विनोद कुमार उर्फ नीटु ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। इस अवसर पर हथकरघा मंत्री उतर प्रदेश राकेश सचान वह आयुक्त एवं निदेशक श्रीवी पाडियान एवं अपर आयुक्त पीसी ठाकुर क्षेत्रीय विधायक उपस्थित थे। समारोह में अग वस्त्र परशित्री पत्र एवं 15,000 रूपये का चैक देकर उन्हें सम्मानित किया गया।

### मंडलीय स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपरौली।** क्षेत्र के गांव तुगाना में गुरुवार को मंडलीय स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमे तीरंदाजी खिलाडियो ने बढ चढ कर भाग लिया। प्रतियोगिता में ब्लाक छपरौली के किरठल गांव के आर्य महाविद्यालय के बच्चों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान सभी वर्गों में 6 खिलाड़ियो का चयन हुआ, प्रतियोगिता मे खिलाडियो का चयन होने पर आर्य महाविद्यालय के प्राचार्य ब्रह्मदत्त, अमित आर्य उनके प्रशिक्षक विकास शास्त्री एवं प्रशिक्षक प्रवीण कुमार आदि व विद्यालय के सभी विद्यार्थियों ने बच्चों का सम्मान एवं स्वागत किया और शुभकामनाएं दी कि आगे राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में पदक प्राप्त करें। इन सब बच्चों को गुरुकुल प्रभात आश्रम मेरठ के कुल. पति स्वामी विवेकानंद सरस्वती का मार्गदर्शन एवं आशीर्वाद प्राप्त है।

# करंट लगने से मजदूर की मौत, ग्रामीणों ने किया हंगामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** अब्दुल्लापुर गांव में विद्युत पोल से करंट लगने से एक मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

बुधवार देर रात्रि में खेकड़ा थाना क्षेत्र के सहारनपुर निवासी 35 वर्षीय रोहित की अब्दुल्लापुर गांव में विद्युत पोल से करंट लगने से मौके पर ही मौत हो गई। रोहित अब्दुल्लापुर गांव में रहकर मजदूरी करता था। जब रोहित पानी पीने के लिए बाहर निकला था। इस दौरान वह विद्युत पोल की चपेट में आ गया और करंट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जैसे ही स्थानीय लोगों को इस घटना की



मृतक का फाइल फोटो

जानकारी मिली, मौके पर भारी भीड़ इकट्ठा हो गई। इस दौरान ग्रामीणों ने जमकर हंगामा किया और विद्युत विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया। ग्रामीणों का कहना है कि विद्युत पोल में करंट आया हुआ था। इसे कई बार बदलवाने की मांग की जा चुकी थी, लेकिन विद्युत विभाग के कर्मचारियों की लापरवाही के कारण यह हादसा हुआ। इस दौरान



हंगामा बढ़ता देख सीओ रोहन चौरसिया अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों को समझाकर शांत किया। इसके बाद पुलिस ने शव का पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ग्रामीणों ने मृतक के परिवार के लिए आर्थिक सहायता की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जूट गई है।

# विश्व हिंदू महासंघ की बैठक आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर में विश्व हिंदू महासंघ की एक बैठक का आयोजन नर्मदेश्वर महादेव मंदिर बड़ौत के प्रांगण में किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष कृष्णपाल शर्मा ने की। बैठक का संचालन वरिष्ठ उपाध्यक्ष ओमप्रकाश कश्यप ने किया। बैठक को संबो. धित करते हुए जिलाध्यक्ष कृष्ण पाल शर्मा ने कहा कि विश्व हिंदू महासंघ के परिवार में शामिल होने वाले कार्यकर्ताओं को महासंघ परिवार मजबूती प्रदान करने का काम करेंगा। जिलाध्यक्ष बागपत कृष्ण पाल शर्मा ने कहा कि गांव गांव जाकर संगठन को मजबूत करने का काम किया जाएगा। जल्दी ही जनपद बागपत में सदस्यता अभियान चलाकर 10000 नए सदस्य बनाए जाएंगे। बैठक में मुखिया प्रवक्ता श्रीनर्मदेश्वर महादेव मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य उमेश कौशिक ने योगी आदित्यनाथ महाराज के आदर्शो पर चलने का आहवान किया। वह हिंदू धर्म वह सनातन की रक्षा हेतु सदैव तत्पर रहने को कहा। बैठक में वरिष्ठ उपाध्यक्ष ओमप्रकाश कश्यप ने नगर अध्यक्ष पद के लिए रवि कश्यप के नाम का सुझाव दिया जिसमें सर सर्व सम्मानित से रवि कश्यप को नगर अध्यक्ष पद पर मनोनियन किया गया। मंडल प्रभारीनीरज शर्मा ने सभी पदाधिक. ारी को पटका पहनाकर सम्मानित किया। बैठक में सतेंद्र शर्मा कुलद. ीप शर्मा नवीन कश्यप गौरव शर्मा डा.जगमोहन अरविंद ठेकेदार कपिल कश्यप मनोज कश्यप अभी कश्यप कैलाश कश्यप कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# नगर पंचायत छपरौली द्वारा बच्चों को स्वच्छता के प्रति किया प्रेरित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपरौली।** नगर पंचायत छपरौली अधिशासी अधिकारी सीमा राघव के निर्देशन में गुरुवार को नगर पंचायत छपरौली द्वारा बंधन स्वच्छता कार्यक्रम के अंतर्गत एक रचनात्मक व प्रेरणादायक गतिविधि आयोजित की गई। इस अवसर पर स्वच्छ सारथी क्लब शान्ति सागर दिगम्बर जैन कन्या इण्टर कॉलिज एवं बृहत समाज सुधार इण्टर कॉलिज छपरौली के बच्चों द्वारा रीसायकल सामग्री का उपयोग कर तिरंगा थीम पर आधारित राखियाँ तैयार की गईं। विद्यालय के छात्र-छात्रओं द्वारा बहुत ही सन्दरण्सुन्दर रंगोली बनायी गयी। साथ ही नगर पंचायत छपरौली द्वारा स्वच्छ सारथी क्लब के सदस्यों एवं छात्राओं को घर से निकलने वाले



कचरे को अलग अलग कर के कचरा गाड़ी में ही देने एवं स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर तहजूब लिपिक विशाल कुमार कम्प्यूटर ऑपरेटर स्वच्छ भारत मिशन यशपाल सिंह प्रधानाचार्य बृहत समाज सुधार इण्टर कॉलिज शालिनी शुक्ला प्रधानाचार्य शान्ति सागर दिगम्बर जैन कन्या इण्टर कॉलिज, सागर काम्बोज, नरेश, सचिन, राहुल, सचिन खोखर, विकास, महेश, कॉलिज के अध्यापकगण एवं नगर पंचायत छपरौली के कर्मचारियो द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# 105 वर्ष पुरानी धर्मशाला के अधिग्रहण को रोके जाने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** विश्वकर्मा समाज के लोगों ने अपनी 105 वर्ष पुरानी धर्मशाला के अधिग्रहण को रोकने के लिए जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर एसडीएम को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम ज्ञापन सौंपा है।

अखिल भारतीय विश्वकर्मा पांच. ाल सभा के नेतृत्व में समाज के लोगों ने कहा कि यह धर्मशाला उनकी आस्था और समाज की धरो. हर है। उन्होंने अधिकारियों से इस 300 गज भूमि के अधिग्रहण को रो. कने की मांग की है। समाज के प्रति. निधियों ने स्पष्ट किया कि वे विकास कार्यों के लिए अधिग्रहण का विरोध नहीं करते हैं। हालांकि, अगर अधिग्रहण होता है तो नियमों के अनुसार उन्हें अन्य स्थान पर चार




गुना अधिक भूमि दी जानी चाहिए। साथ ही, नई धर्मशाला के निर्माण का पूरा खर्च शासन-प्रशासन द्वारा वहन किया जाना चाहिए। समाज के सदस्यों ने मुख्यमंत्री से उनकी आस्था का सम्मान करते हुए अधिग्रहण रोकने की गुहार लगाई है। उन्हें विश्वास है कि मुख्यमंत्री उनकी भावनाओं का सम्मान करेंगे। इस अवसर पर सुबोध, उमेश, धर्मपाल, बृजभूषण, सुरेश, अजय सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

# पुलिस ने चैकिंग के दौरान एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के थाना अंतर्गत छपरौली पुलिस ने अपराधों की रोकथाम को चलाए जा रहे हैं अभियान के अंतर्गत नगर में चलाई जा रहे के तहत एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। उसके कब्जे से 20 नाग अवैध चाइनीस मांझा बरामद किया गया। पकड़े गए अभियुक्त अंकुश पुत्र रघुनंदन निवासी पट्टी भुवाला छपरौली है। थाना छपरौली उप निरीक्षक सुरेंद्र सिंह हेड कांस्टेबल मोहित सैनी कांस्टेबल लवकुश कुमार की टीम ने इस अभियुक्त की गिरफ्तारी की। इस संबंध में छपरौली थाना प्रभारी निरीक्षक शिवदत्त ने बताया कि जन्माष्टमी के अवसर पर चाइनीस




मांझा की पतंग उड़ाने पर प्रतिबंध लगा हुआ है क्योंकि चाइनीस मांझा से इससे पूर्व में वाहन चालकों के साथ घटनाएं हो चुकी हैं। चाइनीज मांझे की डोर बहुत ही खतरनाक है इसलिए इस पर प्रतिबंध है।

# सूचना विभाग ने लॉन्च किया सूचना सेतु ऐप, एक क्लिक पर मिलेगी हर जरूरी जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जिला प्रशासन ने एक नवोन्मेषी डिजिटल पहल की है, जो नागरिकों को सरकारी सेवाओं से जुड़ने के तरीके को बदल देगी। जिलाधिकारी अस्मिता लाल के निर्देशन में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, बागपत द्वारा 'सूचना सेतु ऐप' विकसित किया गया है जो जनपद के नागरिकों को एक ही क्लिक पर प्रशासन, स्वास्थ्य, न्याय, शिक्षा, रोजगार, पंचायत, चुनाव, और अन्य सरकारी संसाधनों से सीधे जोड़ने वाला एकीकृत सूचना पोर्टल है।

जिला सूचना अधिकारी राहुल भाटी ने बताया कि हमारा प्रयास रहा है कि बागपत को सूचना और पारदर्शिता के मामले में राज्य का अग्रणी जिला बनाया जाए। सूचना सेतु ऐपश इसी सोच का परिणाम है। यह ऐप एक सेंट्रल हब बनकर उभरा है, जहां पर जिला, राज्य और केंद्र सरकार की तमाम वेबसाइटों, योजनाओं और सेवाओं को एक जगह एकीकृत किया गया है। जानकारी तक सहज पहुंच से नागरिक अधिक सजग, जागरूक और सशक्त होंगे। आरटीआई पोर्टल, जनसुनवाई, रोजगार सूचना, स्वास्थ्य परामर्श आदि लिंक नागरिकों को अपने अधिकारों और प्रशासनिक सेवाओं के प्रति सशक्त बनाते हैं। इस पहल की सबसे बड़ी खूबी है इसकी समावेशिता न कोई इंस्टॉल करने की ज़रूरत, न कोई भारी इंटरफ़ेस यह ऐप खास बात यह है कि इसे उपयोग करने के लिए उपयोगकर्ता को सिर्फ लिंक पर क्लिक या ऐप के क्यूआर कोड स्कैन करना होगा। जिले के सभी सरकारी भवनों, कलेक्ट्रेट, विकास भवन, पंचायत घरों, अस्पतालों, जनसुविधा केंद्रों और राशन की दुकानों पर क्यूआर कोड स्टिकर के माध्यम से एप का प्रचार प्रसार किया जाएगा। सूचना सेतु ऐप बनाकर बागपत ने यह कर दिखाया कि 'स्मार्ट जिला' सिर्फ स्मार्ट इमारतों से नहीं बल्कि स्मार्ट सोच और सेवा के जज्बे से बनता है। यह आईसीटी आधारित समाधान बिना किसी वित्तीय व्यय के युवा नवाच. ारक अमन कुमार की सहभागिता से शून्य लागत में विकसित किया गया है। यह पहल ना केवल सूचना के अभाव को दूर करेगी, बल्कि ई-गवर्नेंस, पारदर्शिता, और जन-जागरूकता को बढ़ावा देगी। एकल सूचना पोर्टल की सहायता से नागरिक अब बिचौलियों पर निर्भर हुए बिना सीधी, आधिकारिक और अद्यतित जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। तकनीकी विशेषज्ञ अमन कुमार ने बताया कि यह समाधान यूजर-फ्रेंडली एवं वेब आधारित है। इससे डिवाइस की स्टोरेज लिमिट, बार-बार अपडेट्स की बाध्यता और तकनीकी अक्षमता जैसी समस्याएं नहीं आतीं। ऐप में केवल सरकारी, प्रामाणिक और आधिका. रिक लिंक ही जोड़े गए हैं, जिससे भ्रामक जानकारी और फेक न्यूज की गुंजाइश नहीं है। ग्रामीण क्षेत्रें में डिजिटल पहुंच को आसान बनाना इस ऐप का प्रमुख उद्देश्य है। भविष्य में ऐप में फीडबैक सिस्टम एवं जनता की भागीदारी के विकल्प आदि जोड़े जाएंगे। बागपत अब राज्य के अन्य जिलों के लिए प्रौद्योगिकी प्रेरित परिवर्तन का उदाहरण बन रहा है। हाल ही में संपन्न हुए श्रावणी महाशिवरात्रि कांवड़ मेले में पुरामहादेव मंदिर पर आए लाखों श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए भी प्रशासन ने कांवड़ यात्रा एप लॉन्च किया था।

**सूचना**

मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम सुरेश बाला व जन्मतिथि 01.01.1965 दर्ज है जबकि मेरी पेंशन में मेरा नाम सरोज बाला उर्फ सोनिया दर्ज है। मेरी पेंशन में मेरा सही नाम सुरेश बाला दर्ज किया जाए।

सुरेश बाला पत्नी स्व. अतर सिंह, गांव बोढ़ा, तहसील बड़ौत बागपत उत्तर प्रदेश पिन कोड 250617

**NOTICE**

My name has been recorded as Madhu Chauhan in the school records of my son Daksh Chauhan which is wrong whereas my correct name is KM. Rekha Devi. KM.Rekha Devi wife of Amit Kumar resident of Baghpat.

**सूचना**

मेरी पौत्री का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपनी पौत्री कु.भूमिका से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगी।

अशोक कुमार पुत्र परमानन्द व रीना पत्नि स्व.दीपक निवासी कस्बा अग्रवाल मण्डी टटीरी थाना व जनपद बागपत।

# डीएम व एसपी ने किया बाढ़ संभावित गांवों का दौरा





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** गढ़मुक्तेश्वर में गंगा नदी का जलस्तर बढ़ने के कारण डीएम अभिषेक पांडे और एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने संभावित बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए कई अहम कदम उठाए हैं। उन्होंने बुधवार की देर रात में ही गढ़मुक्तेश्वर थाना क्षेत्र के बाढ़ संभावित गांवों का दौरा किया, ताकि ज़मीनी स्तर पर स्थिति का जायजा लिया जा सके।

इस दौरे के दौरान दोनों अधिकारियों ने ग्रामवासियों को सतर्क रहने की सलाह दी, खासकर बच्चों और पशुओं को पानी की तेज धाराओं से दूर रखने के लिए कहा। साथ ही उन्होंने ग्रामीणों को यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि किसी भी आपात स्थिति में वे तुरंत पुलिस और प्रशासन को सूचित करें ताकि समय पर सहायता पहुंचाई जा सके। इस दौरे के बाद उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को ज़रूरी निर्देश दिए ताकि किसी भी अप्रिय घटना को टाला जा सके और समय रहते बचाव व राहत कार्य शुरू किए जा सकें।

यह कदम दर्शाता है कि प्रशासन संभावित आपदा से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार है और लोगों की सुरक्षा को प्राथमिकता दे रहा है।

# आगामी त्यौहारों को लेकर खाद्य सुरक्षा विभाग सतर्क

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** रक्षाबंधन और जन्माष्टमी जैसे त्योहारों के मद्देनजर खाद्य सुरक्षा विभाग पूरी तरह सतर्क है। इसी क्रम में जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय के निर्देश पर पिलखुवा, धौलाना, गढ़मुक्तेश्वर और सिंभावली में खाद्य सुरक्षा विभाग ने एक विशेष अभियान चलाया।

इस अभियान का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि त्योहारों के दौरान बेचे जाने वाले खाद्य पदार्थ मिलावट रहित और सुरक्षित हों। इसके तहत टीमों ने कई दुकानों पर जाकर खाद्य सामग्री की गुणवत्ता, साफ-सफाई और लाइसेंस की जांच की। जांच के दौरान, पिलखुवा की जय भगवान स्वीट्स से कल्ह, दिनेश कुमार से रसगुल्ला और घेवर, और प्रवेश किराना स्टोर से नूडल्स, बेसन व कुकिंग लाइट फैट के नमूने लिए गए। धौलाना के विजय किराना स्टोर से सरसों का तेल और बेसन के नमूने भी लिए गए। कुल मिलाकर 8 नमूने प्रयोगशाला में जांच के लिए भेजे गए हैं। खाद सुरक्षा अधिकारी ने बता कि जांच रिपोर्ट आने के बाद अगर कोई भी विक्रेता दोषी पाया जाता है तो उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया है कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा ताकि जिले के निवा. सियों को सुरक्षित खाद्य सामग्री मिल सके।



# घर की छत पर फायरिंग कर भोकाल टाइट करने वाले दो सगे भाई गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना बहादुरगढ़ पुलिस ने थाना क्षेत्र के गांव गंदु नगला में छत पर अवैध हथियार से फायरिंग कर गांव में भोकाल पैदा करने वाले दो भाइयों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक अवैध पोनीया और एक अवैध तमंचा बरामद किया है।

एएसपी विनीत भटनागर ने प्रेसवार्ता करते हुए बताया कि थाना बहादुरगढ़ क्षेत्र के गांव गंदू नगला में बुधवार की देर रात गांव निवासी दो सगे भाई सत्यम सिंह व शिवम चौधरी ने गांव में अवैध तंमचें से अपने घर की छत पर हवाई फायरिंग की थी। फायरिंग की सूचना पुलिस को स्थानीय लोगों ने दी। घटना की सूचना मिलते ही बहादुरगढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज बालियान अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की जानकारी जुटाई। उन्होंने बताया कि थाना बहादुरगढ़ पुलिस ने संबंधित मामले में तत्काल कार्रवाई करते हुए गांव में भोकाल टाइट करने के लिए घर की छत पर फायरिंग करने वाले आरोपी दो सगे भाई सत्यम सिंह पुत्र गुरमीत सिंह और शिवम चौधरी पुत्र गुरमीत सिंह निवासी गंदू नगला थाना बहादुरगढ़ जनपद हापुड़ को गांव गंदू नगला गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक अवैध पोनिया एक जिंदा कारतूस के साथ और एक अवैध तमंचा दो जिंदा कारतूस के साथ बरामद किया। जिन हथियारों का इस्तेमाल फायरिंग के लिए किया गया था। एएसपी विनीत भटनागर ने बताया कि दोनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है और आरोपियों को सलाखों के पीछे भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि कानून व्यवस्था बिगाड़ने वालों को किसी भी सूरत में बक्शा नहीं जाएगा।



# जेएमएस वर्ल्ड स्कूल के छात्रों ने शूटिंग प्रतियोगिता में जीता स्वर्ण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जिले के जेएमएस वर्ल्ड स्कूल के छात्रों ने मेरठ स्थित एमआईटी स्कूल में आयोजित सीबीएसई ज़ोन शूटिंग प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। यह प्रतियोगिता 1 से 4 अगस्त तक आयोजित की गई थी।

अंडर-14 श्रेणी में स्कूल के तीन छात्रों दिव्यांश सिंह, सिद्धार्थ वीर दीक्षित और प्रतीक तेवतिया ने संयुक्त रूप से टीम इवेंट में स्वर्ण पदक जीतकर नोएडा में होने वाली सीबीएसई राष्ट्रीय शूटिंग प्रतियोगिता के लिए अपना स्थान सुनिश्चित किया है। इन छात्रों की इस ऐतिहासिक उपलब्धि से न केवल स्कूल बल्कि पूरा हापुड़ जिला गौरवान्वित हुआ है। प्रतियोगिता में रुद्र अत्रिश, रुद्र प्रताप सिसोदिया, कार्तिक शर्मा, तेज कुमार, अनिरुद्ध नगर, सौम्या चौधरी और रिद्धिमा सिरोही ने भी सराहनीय प्रदर्शन कर विद्यालय की साख को और मजबूती प्रदान की। विद्यालय की इस सफलता के पीछे छात्रों की मेहनत के साथ-साथ कोच अंकुश चौधरी का समर्पण भी प्रमुख रहा। विद्यालय की प्रधानाचार्य डा. निधि मलिक ने कोच की मेहनत की विशेष सराहना करते हुए कहा कि खिलाड़ियों की यह सफलता उनके कुशल मार्गदर्शन का परिणाम है। विद्यालय प्रबंध निदेशक डा. आयुष सिंघल, सचिव डा. रोहन सिंघल और प्रिंसिपल डा. निधि मलिक ने विजयी छात्रों और उनके कोच को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि जेएमएस के खिलाड़ी लगातार राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं, जिससे स्कूल और जिले दोनों का नाम रोशन हो रहा है। गौरतलब है कि पिछले वर्ष भी जेएमएस वर्ल्ड स्कूल की टीम ने सीबीएसई राष्ट्रीय शूटिंग प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त कर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया था। विद्यालय प्रबंधन ने विश्वास जताया कि इस सफलता से प्रेरित होकर छात्र भविष्य में और ऊंचाइयों तक पहुँचेंगे और देश का नाम रोशन करेंगे।




# नाबालिग लड़की के अपहरण के मामले में दोषी को तीन साल की सजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत हापुड़ पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। एक नाबालिग लड़की के अपहरण के मामले में न्यायलय द्वारा आरोपी को तीन साल के साधारण कारावास और 1,000 के जुर्माने की सजा सुनाई गई है।

अभियोजन विभाग से शासकीय अधिवक्ता विजय कुमार चौहान ने बताया कि 13 मार्च 2023 को आरोपी विपिन पुत्र श्रीनिवास निवासी ग्राम नगरीया तुला थाना बिलसंड़ा जनपद पीलीभीत द्वारा नाबालिग लड़की का अपहरण करने के सम्बन्ध में थाना हाफिजपुर पर मुकदमा दर्ज कराया गया था और 12 अप्रैल 2023 को आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया गया था। इसके बाद अभियोजन पक्ष ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तेजी से और प्रभावी पैरवी की। पेश किए गए ठोस सबूतों और गवाहों के बयानों के आधार पर न्यायालय ने आरोपी को दोषी ठहराया और गुरुवार को नाबालिग लड़की के अपहरण के मामले में न्यायलय द्वारा आरोपी को तीन साल के साधारण कारावास और 1,000 के जुर्माने की सजा सुनाई। इस फैसले से जहाँ अपराधियों में कानून का डर पैदा हुआ है, वहीं पीड़ितों को भी जल्द न्याय मिलने की उम्मीद जगी है। हापुड़ के पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानजय सिंह ने इस सफलता के लिए पुलिस और अभियोजन टीम की सराहना की। उन्होंने कहा कि जनपद में अपराध के मामलों में त्वरित न्याय सुनिश्चित कराने के लिए पुलिस पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। ऑपरेशन कन्विक्शन का मुख्य उद्देश्य यही है कि अपराधियों को जल्द से जल्द सजा दिलाई जाए ताकि समाज में कानून का डर बना रहे। अभियोजन विभाग से शासकीय अधिवक्ता विजय कुमार चौहान, विवेचक उपनिरीक्ष कैलाश चन्द, पैरोकार हेड कांस्टेबल पुष्पेंद्र व कोर्ट मोहर्रिर महिला कांस्टेबल पुष्पा का विशेष योगदान रहा।

# बनखंडा में बना शहीद स्मृति उपवन, वीर नारियों व पूर्व सैनिकों ने किया पौधारोपण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** देश की सेवा में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों की स्मृति को चिरस्थायी बनाने के उद्देश्य से अतुल्य गंगा ट्रस्ट एवं जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय, हापुड़ के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम बनखंडा स्थित अटल सरोवर परिसर में शहीद स्मृति उपवन की स्थापना की गई। इस पावन अवसर पर पूर्व सैनिकों, वीर नारियों, शहीद परिवारों, एनसीसी कैडेट्स, सेना के अधिका. रियों और ग्रामवासियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

कार्यक्रम की शुरुआत वीर नारियों द्वारा श्रद्धांजलि स्वरूप लगाए गए शिला पट्ट के उद्घाटन से हुई। फीता काटकर उपवन का शुभारंभ किया गया और शहीदों को नमन किया गया। इसके उपरांत सभी ने सामूहिक रूप से पौधारोपण किया। कुल 1000 पौधे रोपित कर उपवन को हरित व जीवनदायिनी स्वरूप प्रदान किया गया। पौधारोपण के साथ-साथ शहीद परिवारों व अतुल्य गंगा ट्रस्ट के सदस्यों ने इन पौधों के संरक्षण और नियमित देखभाल का दायित्व भी ग्रहण किया। 9 डीवी, 56 फील्ड रेजीमेंट मेरठ, ईबीएस बाबूगढ़, 38 बटालियन एनसीसी हापुड़, ग्राम प्रधान सुरेश कुमार व अतुल्य गंगा ट्रस्ट के सक्रिय सदस्य रोहित जाट की विशेष भूमिका इस आयोजन में सराहनीय रही। कार्यक्रम में लेफ्टिनेंट जनरल विकास रोहिला डीजी लैंड एंड एनवायरनमेंट मुख्य अतिथि रहे, जबकि ब्रिगेडियर जितेंद्र कुमार तोमर वीर चक्र विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस आयोजन में वीर नारियां गिरिराजो, मुनकेश देवी, बबीता, ज्योति शर्मा तथा शहीद परिजन गजेंद्र त्यागी, राजपाल सिंह, सतीश सिंह, बबली भी उपस्थित रहीं। साथ ही पूर्व सैनिक कैप्टन महीपाल, कैप्टन राजेश चौधरी, सूबेदार मेजर ओमबीर सिंह, हवलदार शाहिद अली, सूबेदार रतनपाल, सूबेदार चंद्रबीर, हवलदार आरिफ, सूबेदार किरनपाल सहित बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक और ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### ऑपरेशन तलाश अभियान के अन्तर्गत वारन्टी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना सिम्भावली पुलिस ने ऑपरेशन तलाश अभियान के अन्तर्गत एक वारन्टी को गिरफ्तार किया है।

थाना प्रभारी सुमित तोमर ने बताया कि हापुड पुलिस द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं वारन्टीयों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे ऑपरेशन तलाश अभियान के अन्तर्गत थाना सिम्भावली पुलिस द्वारा न्यायालय से विभिन्न मामलो में फरार चल रहे वारंटी दुष्यंत पुत्र पप्पू गिरी निवासी ग्राम फरीदपुर गोसाई थाना सिम्भावली जनपद हापुड को उसके मस्कन से गिरफ्तार किया गया है। प्रभारी ने बताया कि गिरफ्तार किया गया वारंटी लंबे समय से न्यायालय से गैरहाजिर चल रहा था। जिसके खिलाफ न्यायालय ने वारंटी जारी किए थे। न्यायालय से जारी वारंट के आधार पर पुलिस ने वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है।

### अवैध हथियार रखने के दोषी को दो वर्ष के कारावास की सुनाई सजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** अवैध हथियार रखने के मामले में आरोपी को प्रभावी पैरवी के चलते न्यायालय द्वारा सज़ासुनाई गई। साथ ही अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

सहायक शासकीय अधिवक्ता ने बताया कि वर्ष 2021 में आरोपी बादल द्वारा अवैध रूप से हथियार रखना पाया गया था, जिसके सम्बन्ध में आरोपी के खिलाफ थाना पिलखुवा पर आर्म्स एक्ट का मुकदमा दर्ज किया गया था। इसी क्रम में गुरुवार को न्यायालय द्वारा बादल पुत्र राजेन्द्र निवासी मोहल्ला रमपुरा थाना पिलखुवा जनपद हापुड़ को अवैध हथियार रखने के मामले में दोषी मानते हुए 2 वर्ष का साधारण कारावास व 500 रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है।

### घर में चोरी के मामले में न्यायालय ने दोषी को सुनाई सजा, लगाया जुर्माना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** गुरुवार को न्यायालय ने घर में चोरी करने के मामले में एक आरोपी को सजा सुनाते हुए जुर्मानी से दंडित किया है।

सहायक शासकीय अधिवक्ता ने बताया कि वर्ष 2023 में आरोपी सुमित द्वारा घर में चोरी करने के घटना को अंजाम दिया गया था जिसके बाद पुलिस ने संबंधित मामले में आरोपी के खिलाफ थाना हापुड देहात पर चोरी का मुकदमा दर्ज किया था। इसी क्रम में न्यायालय द्वारा सुमित पुत्र ऋषिपाल निवासी ग्राम अहमदपुरी थाना परीक्षितगढ़ जनपद मेरठ को घर में चोरी करने के मामले में दोषी मानते हुए जुर्म इकबाल के आधार पर 2 वर्ष का साधारण कारावास एवं 1,000 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

### रामलीला आयोजन समिति के गठन को लेकर बढ़ रही तनातनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** श्रीराम लीला आयोजन समिति का गुपचुप ढंग में गठन किए जाने को लेकर दोनों पक्षों में बढ़ रही तनातनी के बीच एक पक्ष ने दोबारा दुर्गा मंदिर में बैठक बुलाकर अपना गुणगान किया। दूसरे पक्ष ने पंचायती मंदिर में आज महापंचायत बुलाई है।

पौराणिक गढ़ गंगानगरी में होने वाले आगामी श्रीराम लीला मंचन को लेकर आयोजन समिति का गठन प्रतिष्ठा का विषय बनता जा रहा है। पिछले साल श्रीराम लीला का आयोजन करने वाली समिति द्वारा एजेंडे के बिना ही सोमवार को प्राचीन पंचायती मंदिर की बजाए दुर्गा मंदिर में बैठक कर गुपचुप ढंग में समिति का गठन कर लिया गया था। जिसका पता लगने पर स्थानीय लोगों में कड़ी नाराजगी व्याप्त हो गई थी। मंगलवार को विरोध में बैठक होने पर बुधवार को फिर से दुर्गा मंदिर में बैठक कर आयोजन समिति को सही ठहराने का भरसक प्रयास किया गया। हालांकि गुपचुप ढंग में आयोजन समिति का गठन करने का आरोप लगाते हुए विरोध जता रहे दूसरे पक्ष ने आज प्राचीन पंचायती मंदिर में महा पंचायत बुलाई है। महा पंचायत में विभिन्न मुद्दों पर गहन चर्चा के साथ ही आयोजन समिति के गठन को लेकर व्यापक रणनीति तैयार की जाएगी।

# मारपीट व फायरिंग के मामले में 10 माह से फरार चल रहा आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हापुड़ नगर पुलिस ने मौहल्ला मजीदपुरा में घटित मारपीट व फायरिंग की घटना में करीब 10 माह से फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है।

प्रभारी निरीक्षक मुनीश प्रताप ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी द्वारा थाना क्षेत्र के मोहल्ला मस्जिदपुरा में मारपीट व फायरिंग की वारदात को अंजाम दिया गया था। घटना को अंजाम देने के बाद से ही आरोपी फरार चल रहा था। संबंधित मामले में मुकदमा दर्ज कर पुलिस फरार आरोपी की तलाश में जुट गई थी। गुरुवार को पुलिस ने मौहल्ला मजीदपुरा में घटित मारपीट व फायरिंग की घटना में करीब 10 माह से फरार चल रहे आरोपी शावेज पुत्र दिलशाद निवासी म.नं. -713 सब्जी मण्डी नियर भूरा लस्सी वाला कस्बा व थाना मवाना जनपद मेरठ व हाल पता पीर वाला मौहल्ला अम्बेडकर मूर्ती ग्राम असौडा थाना हापुड़ देहात जनपद हापुड़ को उसके मस्कन जनपद मेरठ से गिरफ्तार किया गया है एवं अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# भाकियू ने किसानों की समस्याओं को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** बृहस्पतिवार को भारतीय किसान यूनियन संघर्ष अराजनैतिक के पदाधिकारियों ने किसानों की समस्याओं का समाधान कराए जाने को लेकर तहसील का घेराव करते हुए, एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान उन्होंने कठोरता से अपनी मांगे पूरी किये जाने की मांग की। एसडीएम ने जांच कराकर जल्द ही इन समस्याओं का निस्तारण कराए जाने का आश्वासन दिया है।

भारतीय किसान यूनियन संघर्ष अराजनैतिक के पदाधिकारीयों ने हापुड़ जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रधान के नेतृत्व में किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर तहसील मुख्यालय का घेराव करते हुए एसडीएम को ज्ञापन सौपा। इस दौरान उन्होंने कहा कि विद्युत विभाग द्वारा लोगों के घरों पर स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे है भाकियू संघर्ष अराजनैतिक इसका पूर्ण रूप से विरोध करती है अगर किसी के भी घर पर स्मार्ट मीटर लगाने की को. शिश की गई तो हमारा संगठन आंदोलन करने के लिए मजबूर है। उन्होंने कहा कि जनपद की दोनों चीनी मिले सिंभावली व ब्रजनाथपुर शुगर मिलो द्वारा किसानों का करोड़ों रुपए बकाया गन्ना भुगतान अभी तक नहीं किया गया है, शीघ्र ही किसानों का गन्ना भुगतान कराया जाए। और आवारा पशुओं के कारण प्रतिदिन सड़क दुर्घटनाएं होती हैं, और ये आवारा पशु किसानों की गाढी कमाई से उगाई फसल को बर्बाद कर रहे हैं, आवारा पशुओं की समस्या का जल्द उचित समाधान हो। भाकियू संघर्ष अराजनैतिक के प्रदेश अध्यक्ष युवा नितेश पंडित ने कहा कि किसान को राशन कार्ड बनवाने व उसमे नाम जुड़वाने के लिए तहसील के 10-10 बार चक्कर काटने के बाद भी किसान के काम को तहसील प्रशासन प्राथमिकता नहीं दे रहा है। किसानों की समस्या को अनदेखा न करा जाएं। जल्द किसानों की जमीनों को कब्जा मुक्त कराया जाए और भूमाफियों के खिलाफ़ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए। इस संबंध में गढ़ एसडीएम श्रीराम यादव ने किसानों को आश्वासन देते हुए कहा कि जल्द ही किसानों की सभी समस्याएं जांच कर निस्तारित करा दी जाएंगी।



# जिला पंचायत अध्यक्ष का धूमधाम से मनाया जन्मदिन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जिला पंचायत सभागार में अध्यक्ष रेखा हूण का जन्मदिवस गरिमामय और उल्लासपूर्ण माहौल में मनाया गया, जिसमें जनपद भर से बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता मौजूद रहे।



जैसे ही रेखा हूण सभागार में पहुंचीं, तालियों की गड़गड़ाहट और जयघोष के साथ उनका भव्य स्वागत किया गया। मंच पर उपस्थित अतिथियों ने उन्हें शॉल ओढ़ाकर, गुलदस्ते भेंट कर और प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। पूरा सभागार शुभकामनाओं और बधाइयों से गूंज उठा। कार्यक्रम के दौरान विशेष रूप से आयोजित केक कटिंग समारोह में जनप्रतिनिधियों, महिला कार्यकर्ताओं, बुजुर्गों और युवा कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस मौके पर हर कोई रेखा हूण को जन्मदिन की शुभकामनाएं देने के लिए उत्साहित नजर आया। भाजपा ज़िलाध्यक्ष नरेश तोमर ने उन्हें सम्मानित किया, जो सम्मान का प्रतीक है। इस अवसर पर भाजपा नेता प्रमोद नागर, एएमए शिशुपाल शर्मा, सुभाष प्रधान, सुरेश तोमर, पुनीत गोयल, सुमित शिशोदिया, जयभगवान शर्मा, मोहन सिंह, प्रमोद जिंदल, अलका निम, देवी सहाय, शैलेंद्र राणावत, विनोद प्रधान, देवेंद्र प्रधान, ओमवीर वकील, और सागर हूण सहित कई प्रमुख नेता, कार्यकर्ता और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में रेखा हूण ने सभी का धन्यवाद करते हुए कहा कि यह सम्मान उनके लिए प्रेरणा है और वे आगे भी जनता की सेवा को अपना धर्म मानकर कार्य करती रहेंगी।

# पार्टी विरोधी गतिविधियों के कारण श्यामसुंदर भुर्जी को निष्कासित करने का प्रस्ताव पारित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** क्षेत्र के बुलंदशहर रोड स्थित जिला कार्यालय पर जिला अध्यक्ष आनंद गुर्जर की अध्यक्षता में मासिक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में पीडीए कार्यक्रम और श्अपना बूथ करो मजबूतश जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई, लेकिन मुख्य रूप से प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य श्यामसुंदर भुर्जी द्वारा पार्टी की छवि खराब करने की कोशिशों पर गहन विचार-विमर्श किया गया।



बैठक में जिला अध्यक्ष आनंद गुर्जर ने बताया कि 25 जुलाई को भुर्जी ने एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल किया, जिसमें उन्होंने पार्टी कार्यालय के स्टोर रूम में रखी प्रचार सामग्री और बाबा साहेब की तस्वीर को गलत तरीके से पेश किया। स्टोर में ताला लगा था और चाबी जिला प्रभारी और प्रवक्ता संजय सिंह यादव के पास थी। जिला अध्यक्ष की अनुपस्थिति में षडयंत्र के तहत यह वीडियो बनाया गया। जांच में श्यामसुंदर भुर्जी ने अपनी गलती स्वीकार कर ली है। मासिक बैठक में पदाधिकारियों ने उनकी इस पार्टी विरोधी गतिविधि पर कड़ा रोष व्यक्त किया। इस प्रकार की गतिविधियों को देखते हुए, मासिक बैठक में सर्वसम्मति से श्यामसुंदर भुर्जी को पार्टी से निष्कासित करने की सिफारिश के लिए प्रदेश अध्यक्ष को पत्र लिखने का प्रस्ताव पारित किया गया है। बैठक में तेजपाल प्रमुख, ललित सिंह, राजेश यादव, दिनेश तोमर, पदमसिंह जाटव, अशोक यादव और पुरुषोत्तम वर्मा एडवोकेट सहित कई अन्य पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए।

# अतिक्रमण पर चला ग्रेनो प्राधिकरण का बुलडोजर

- 65 हजार वर्ग मीटर जमीन को अतिक्रमण से मुक्त कराया
- जमीन की कीमत करीब 130 करोड़ रुपये होने का अनुमान



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने ग्राम चिटेहरा में अधिसूचित एरिया पर अतिक्रमण के खिलाफ बृहस्पतिवार को बुल्डोजर चलाया। प्राधिकरण ने करीब 65 हजार वर्ग मीटर जमीन को अतिक्रमण से मुक्त करा लिया है, जिसकी कीमत करीब 130 करोड़ रुपये आंकी जा रही है। बताया जा रहा है कि कालोनाइजर इस जमीन पर अवैध निर्माण कर कालोनी काटने की कोशिश रहे थे।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देश पर प्राधिकरण के अधिसूचित एरिया में अतिक्रमण करने वालों पर कार्रवाई जारी है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के परियोजना और भूलेख विभाग की टीम ने पुलिस के सहयोग से बृहस्पतिवार को भनौता गांव में अतिक्रमण पर कार्रवाई की। इस कार्रवाई का नेतृत्व कर रहे प्राधिकरण के परियोजना विभाग के महाप्रबंधक एके सिंह और ओएसडी राम नयन सिंह ने बताया कि काला. नाइजर ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अधिसूचित एरिया ग्राम भनौता के खसरा संख्या-131, 207, 228, 294, 295 296 में लगभग 65 हजार वर्ग मीटर जमीन पर बिना प्राधिकरण की अनुमति निर्माण कर रहे थे। कालोनाइजरों ने अवैध रूप से दूर दर्जन मकान भी बना लिए थे। अवैध कालोनी काटने की कोशिश कर रहे थे। बिना नक्शा पास कराए अवैध निर्माण पर रोक लगाने के लिए प्राधिकरण की तरफ से नोटिस भी जारी की गई, लेकिन कालोनाइजर चोरी-छिपे अवैध कालोनी काटने की कोशिश कर रहे थे। बृहस्पतिवार को महाप्रबंधक एके सिंह, ओएसडी राम नयन सिंह, एसीपी वीर कुमार ने वर्क सर्किल दो के प्रभारी नरोत्तम सिंह व अन्य स्टाफ और पुलिस बल के साथ मिलकर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की। प्राधिकरण की टीम ने 06 जेसीबी और 5 डंपर की मदद से तीन घंटे में कार्रवाई संपन्न की। मुक्त कराई गई जमीन की कीमत 130 करोड़ रुपये आंकी गई है। एसीईओ सुमित यादव ने अतिक्रमण करने वाले को चेतावनी दी है कि ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अधिसूचित एरिया में बिना अनुमति या बिना नक्शा पास कराए अवैध निर्माण कर ने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। एसीईओ ने जनमानस से अपील की है कि ग्रेटर नोएडा में कहीं भी जमीन खरीदने से पहले प्राधिकरण से संपर्क कर पूरी जानक. ारी जरूर प्राप्त कर लें। अवैध कॉलोनी में अपनी गाढ़ी कमाई न फंसाएं।

## नोएडा प्राधिकरण ने 15 करोड़ की जमीन खाली कराई



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण का अवैध निर्माण को लेकर अभियान निरंतर जारी है। गुरुवार को प्राधिकरण ने सोरखा जाहिदाबाद में 4 हजार वर्गमीटर जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराया। यहां अवैध रूप से प्लाटिंग की जा रही थी। भू-माफिया जमीन के चारों ओर बाउंड्री वॉल बनाकर अंदर प्लॉट काट रहे थे। इसको प्राधिकरण के बुलडोजर ने ध्वस्त किया। इस जमीन की कीमत करीब 15 करोड़ रुपए आंकी जा रही है।

प्राधिकरण ने बताया कि ये जमीन अधिसूचित जमीन है। यहां बिना प्राधिकरण की अनुमति के निर्माण और प्लॉटिंग की जा रही थी। खसरा नंबर 949, 615,618 और 612 है। इस पर पहले भी प्राधिकरण ने नोटिस जारी किया था। लेकिन नहीं सुनी गई। ऐसे में प्राधिकरण ने बुलडोजर एक्शन लिया और अवैध निर्माण और प्लॉटिंग को ध्वस्त किया। जमीन को कब्जे में लिया। यहां कालोनाइजर की ओर से प्लॉटिंग, सीसी रोड व साइट ऑफिस बनाया गया था। इसके अलावा कॉलोनाइजर के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज कराई जा रही है।

**प्राधिकरण ने जारी की एडवाइजरी:** प्राधिकरण ने एडवाइजरी जारी की कि जन सामान्य को सचेत किया जाता है कि इस क्षेत्र में भूखंड खरीदने व बेचने के लिए भूमाफियाओं के चंगुल में न आएं। यहां पर प्राधिकरण की ओर से अवैध निर्माण को ध्वस्त करते हुए नियोजन के अनुसार विकास कार्य कराया जाना प्रस्तावित है।

## छह सुरक्षा गार्डों ने पिता को पीटा

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर रेलवे स्टेशन के पास स्थित पैराडाइज स्कूल में फीस न जमा करने को लेकर विवाद हो गया। एक छात्र के पिता पर सुरक्षा गार्डों ने हमला कर दिया।

पतला खेड़ा गांव के रहने वाले सीटू के अनुसार, उनके बेटे चिराग की तबीयत खराब होने पर स्कूल से फोन आया था। जब वह अपने बेटे को लेने स्कूल पहुंचे तो सुरक्षा गार्डों ने उन्हें अंदर जाने से रोक दिया। गार्डों का कहना था कि फीस जमा न होने के कारण वह अपने बेटे को नहीं ले जा सकते। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी हुई, जिसके बाद आरोप है कि 6 सुरक्षा गार्डों ने लाठी-डंडों से सीटू पर हमला कर दिया। हमले में सीटू के सिर और हाथ समेत शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। पीड़ित का आरोप है कि उनके बेटे को भी कई घंटे तक स्कूल में बंधक बनाकर रखा गया। बाद में पुलिस की मदद से बच्चे को वहां से छुड़ाया गया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने स्कूल के 6 कर्मचारियों के खिलाफ गुरुवार को मामला दर्ज किया है। दनकौर कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर लिया गया है। जल्द ही जांच कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पीड़ित का इलाज वर्तमान में पास के एक अस्पताल में चल रहा है। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

## 19 स्कूलों का नहीं होगा विलय, 400 बच्चों को राहत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** जिले के 19 परिषदीय स्कूलों का विलय नहीं होगा। इन स्कूलों के बच्चे अब अपने पूर्व विद्यालय में ही पढ़ेंगे। यह फैसला बेसिक शिक्षा विभाग ने लिया है। दरअसल इन विद्यालयों का विलय जिन स्कूलों में किया गया था वे एक किमी से ज्यादा दूर हैं। ऐसे में बच्चों को स्कूल जाने में परेशानी हो रही थी। इसको देखते हुए विभाग ने यह फैसला किया है। इससे 400 बच्चों को राहत मिलेगी।

शासन के निर्देश पर जिले में 50 से कम छात्रों वाले 72 स्कूलों के विलय का निर्देश जारी किया गया था। उत्तर प्रदेशीय शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष प्रवीन शर्मा ने बताया कि प्राथमिक विद्यालय नंगला चीती का प्राथमिक विद्यालय चीती में विलय हुआ है जिसकी दूरी दो किमी है। ऐसे कई स्कूल हैं जिनका विलय निरस्त किया जाना चाहिए।

**इन स्कूलों का विलय रुका:** बीएसए राहुल पंवार ने बताया कि इन स्कूलों में करीब 400 बच्चे हैं जो अब अपने घर के नजदीक के विद्यालय में ही जा सकेंगे। उन्होंने बताया कि दनकौर ब्लॉक के धनौरी, खेरली भाव, अमीनाबाद, दादरी ब्लॉक के दादूपुर, दयानगर, भोगपुर, जेवर ब्लॉक के खेड़ा तीर्थली, नगला श्रीगोपाल और बिसरख ब्लॉक सुनपुरा-दो स्कूलों समेत अन्य के विलय का फैसला निरस्त किया गया है।

### एक नजर

## इंस्टाग्राम पर फर्जी अकाउंट बनाकर युवती के फोटो किए वायरल

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** सिरफिरे ने इंस्टाग्राम पर फर्जी अकाउंट बनाकर सेक्टर-1 निवासी युवती के फोटो वायरल कर दिए। इसका पता चलने पर पीड़िता ने फेज-1 थाने में मुकदमा दर्ज कराया। साइबर सेल की मदद से आरोपी की तलाश की जा रही है।

युवती ने पुलिस को बताया कि उसे पिछले दिनों पता चला कि इंस्टाग्राम पर किसी सिरफिरे ने उसके नाम और फोटो का उपयोग कर फर्जी अकाउंट बना लिया है। पीड़िता ने मैसेज कर ऐसा करने से मना किया तो उसने एक बार मिलने की बात बोली। इस तरह और फोटो डालकर रुपये कमाने का प्रलोभन भी दिया। पीड़िता ने पुलिस से मामले की शिकायत करने की बात कही। उसने अकाउंट पर आगे कुछ नहीं किया, लेकिन कुछ दिन बाद उसने ने युवती की दोस्त और जानकार को मार्फ्ड फोटो भेज दिए। पीड़िता के मना करने बाद भी वह फोटो भेजकर बदनामी कर रहा है। पीड़िता को पता चला है कि वह निजी फोटो को अन्य लोगों को रुपये के बदले बेच रहा है। इससे पीड़िता बहुत परेशान है। पीड़िता ने फेज वन थाने में आइडी की जानकारी देते हुए शिकायत दी। थाना प्रभारी ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## कपड़े में मिला नवजात बच्चे का भ्रूण

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** थाना सेक्टर-39 क्षेत्र के सदरपुर कॉलोनी में एक नवजात का भ्रूण मिला है। भ्रूण नाले में कपड़े में लिपटा था। आसपास के लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने भ्रूण को कब्जे में लिया और पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। बताया गया कि नाले में कहीं से बहकर आ सकता है। हालांकि यहां लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है। ताकि पता लग सके कि किसने भ्रूण को यहां फेंका है। जानकारी मिलते ही मौके पर लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर थाना सेक्टर-39 पुलिस पहुंची और जांच पड़ताल की। बताया जा रहा है कि भ्रूण करीब 4 महीने के आसपास का है। जिसको कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। आसपास के लोगों से भी पूछताछ की जा रही है। इसके अलावा सीसीटीवी फुटेज देखी जा रही है। भ्रूण के साथ कुछ भी नहीं मिला है। हो सकता है किसी ने यहां फेंका हो।

## भूखंड योजना में आवेदन का समय बढ़ा

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** यमुना विकास प्राधिकरण ने अस्पताल और बाल कल्याण एवं प्रसूति केंद्र के भूखंडों की योजना में आवेदन करने तिथि को बढ़ा दिया है। अब आवेदक 25 सितंबर तक आवेदन कर सकेंगे। पहले यह तारीख 30 अगस्त थी। योजना के तहत 30 सितंबर को ई-नीलामी होगी। विशेष कार्यकारी अधिकारी शैलेंद्र भाटिया ने बताया कि प्राधिकरण ने 18 जून को सेक्टर-20 में बाल कल्याण एवं प्रसूति केंद्र के लिए पांच हजार वर्गमीटर के एक भूखंड की योजना शुरू की थी। वहीं, सेक्टर-20, 18 और 22ई में चार भूखंड अस्पताल के लिए थे। इन कुल पांच भूखंडों की योजना के लिए 30 अगस्त तक आवेदन मांगे गए थे, लेकिन अब प्राधिकरण ने योजना में आवेदन की तिथि को बढ़ा दिया है। बताया गया कि योजना के तहत काफी आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। ऐसे में अब आवेदन की तिथि को बढ़ाने का फैसला लिया गया है। योजना के तहत आवेदन की प्रक्रिया अब 25 सितंबर तक चलेगी, जबकि 30 सितंबर को ई-नीलामी के लिए भूखंड का आवंटन किया जाएगा।

## स्काईवॉक बनाने के लिए टेंडर जारी

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** नोएडा प्राधिकरण ने सेक्टर-62 मॉडल टाउन गोलचक्कर पर बनने वाले स्काईवॉक के लिए टेंडर जारी कर दिया है। इसको बनाने के लिए 21 अगस्त तक आवेदन मांगे गए हैं। 22 अगस्त को टेंडर खोला जाएगा। निर्माण कार्य शुरू होने के बाद यह स्काईवॉक एक वर्ष में बनकर तैयार होगा। यह स्काईवॉक दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर बने एफओबी को छोड़ते हुए छिजारसी की तरफ जीरो आकार में बनाया जाएगा। स्काईवॉक के निर्माण से सेक्टर-62 में लगने वाले जाम की समस्या का समाधान होगा। इसका निर्माण करीब 28 करोड़ की लागत से होगा। आईआईटी दिल्ली ने हाल ही में इस परियोजना के डिजाइन और बजट को मंजूरी दी थी। मॉडल टाउन गोलचक्कर दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे से सटा हुआ है। एक्सप्रेसवे से आकर इस गोलचक्कर से आकर वाहन नोएडा शहर में प्रवेश करते हैं। यहां ऑटो वालों का काफी जमावड़ा रहता है। इसके अलावा यहां पर पैदल लोगों का काफी आवागमन है। इन वजहों से अक्सर जाम की समस्या रहती है। इसको देखते हुए प्राधिकरण ने पिछले साल यहां पर स्काईवॉक बनाने का निर्णय लिया था। करीब एक महीने पहले इसका डिजाइन और लागत तैयार कर मंजूरी के लिए आईआईटी दिल्ली को भेजा गया था।

## नोएडा में मॉडल रोड बनाने के लिए नहीं बनी सहमति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा के उद्योग मार्ग को मॉडल रोड बनाने की योजना एक बार फिर अटक गई है। जिस एजेंसी को टेंडर प्रक्रिया के जरिए चुना गया था, अब उसके साथ रेट को लेकर प्राधिकरण की सहमति नहीं बन पा रही है। पहले भी यही दिक्कत आई थी और अब फिर से तीसरी बार टेंडर की प्रक्रिया दोहरानी पड़ेगी। हालांकि प्राधिकरण और निर्माण कंपनी के बीच बातचीत अभी भी चल रही है, लेकिन अब तक कोई ठोस नतीजा नहीं निकल सका है। इससे पहले भी एक बार निर्माण कंपनी के साथ रेट को लेकर सहमति नहीं बन पाई थी।

सेक्टर-1 के गोलचक्कर से लेकर सेक्टर-11 के झुंडपुरा तिराहे तक फैला हुआ करीब 2.5 किलोमीटर लंबा यह उद्योग मार्ग, नोएडा प्राधिकरण के मुख्य दफ्तर को जोड़ता है। यही वजह है कि इस रास्ते से वीआईपी, निवेशक और उद्योग जगत से जुड़े लोग आते-जाते रहते हैं। इस सड़क के दोनों ओर कई बड़ी औद्योगिक कंपनियां, कार शोरूम, दुकानें और अन्य व्यवसायिक गतिविधियां हैं। हर वक्त ट्रैफिक का दबाव बना रहता है। ऊपर से सड़क की चौड़ाई कम है, जिससे रोजाना जाम लगता है और लोगों को परेशानी होती है। इन्हीं कारणों से प्राधिकरण ने करीब एक साल पहले इसे मॉडल रोड में तब्दील करने का फैसला किया था।

**टेंडर में लगातार हो रही परेशानी:** इस योजना के लिए पहली बार पिछले साल टेंडर निक. ाले गए थे, लेकिन तीन-चार बार कोशिश करने के बाद भी किसी एजेंसी का फाइनल चयन नहीं हो सका। फिर छह महीने पहले एक एजेंसी तय की गई, लेकिन रेट को लेकर सहमति नहीं बनी। अब फिर से टेंडर निकाले गए और दूसरी कंपनी से बात हुई, लेकिन नतीजा फिर वही निकला। कीमतों को लेकर बात नहीं बनी। प्राधिकरण की योजना है कि इस मॉडल रोड परियोजना पर करीब 40 करोड़ रुपए खर्च किए जाएं। लेकिन अब तक कोई एजेंसी उस लागत पर राजी नहीं हो पाई है।

**सीबीआई से लेनी पड़ी थी मंजूरी:** एक और वजह जिसने इस प्रोजेक्ट को देर से शुरू करने में अहम भूमिका निभाई, वो है सीबीआई की अनुमति। दरअसल, 15 साल पहले इसी उद्योग मार्ग पर बिजली केबिल डालने को लेकर एक घोटाला हुआ था, जिसकी जांच अब सीबीआई कर रही है। इस वजह से प्राधिकरण को सड़क पर कोई भी निर्माण शुरू करने से पहले सीबीआई से इजाजत लेनी पड़ी।

## विवाद के बाद समझौते के बहाने बुलाकर पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** एक व्यक्ति को पड़ोसी ने सेक्टर-9 स्थित दुकान पर बुलाकर कर्मचारी के साथ मिलकर पीट दिया। नाली के विवाद की शिकायत पुलिस से करने पर पड़ोसी रंजिश मानता है। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ फेज-1 थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। गाजियाबाद की खोड़ा कॉलोनी निवासी प्रकाश कुमार मिश्रा ने पुलिस को बताया कि उनका बादलपुर थाना क्षेत्र के छपरौली गांव में घर है। उसमें किरायेदार रहते हैं। वहां पर पड़ोस में रामबहादुर का भी मकान है। प्रकाश का रामबहादुर से नाली को लेकर विवाद चल रहा है। आरोप है कि आए दिन रामबहादुर परेशान करता है। वह मारपीट तक कर चुका है।

उसके गलत आचरण से परेशान होकर प्रकाश मामले की शिकायत बादलपुर थाना पुलिस से भी कर चुके हैं। इसकी जानकारी होने पर रामबहादुर ने पांच जून को सेक्टर-9 स्थित दुकान पर बुलाया। आरोप है कि वहां पर रामबहादुर ने अपने कर्मचारी के साथ मिलकर उसके साथ मारपीट की। थाना प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

## मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में जिला पोषण समिति की बैठक सम्पन्न



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** जिलाधिकारी के निर्देशों के क्रम में आज मुख्य विकास अधिकारी गौतम बुद्ध नगर शिवाकांत द्विवेदी की अध्यक्षता में विकास भवन के सभागार में जिला पोषण समिति की समीक्षा बैठक संपन्न हुई।

बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा जुलाई माह की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। रिपोर्ट में पोषण ट्रैकर के आधार पर बताया गया कि गत माह जिले में 92 प्रतिशत बच्चों की लंबाई और वजन मापी गई, जिसमें 747 बच्चे सैम (गंभीर रूप से कुपोषित) तथा 3427 बच्चे मैम (मध्यम रूप से कुपोषित) के रूप में चिन्हित किए गए हैं।

इस पर मुख्य विकास अधिकारी ने सभी सीडीपीओ व चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया कि शत-प्रतिशत बच्चों की लंबाई और वजन की माप सुनिश्चित की जाए तथा सभी चिन्हित बच्चों को ई-कवच पोर्टल पर पंजीकृत कर, आवश्यक औषधि देकर शीघ्र कुपोषण से मुक्त किया जाए।

मुख्य विकास अधिकारी ने "संभव अभियान" की समीक्षा करते हुए जनपद की प्रदेश स्तरीय रैंकिंग में निचले स्थान पर आने पर गहरा असंतोष व्यक्त किया और मुख्य चिकित्साधिकारी तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी को आपसी समन्वय से कार्य करते हुए 15 दिनों में जनपद की रैंक को प्रदेश के टॉप-10 जिलों में लाने के निर्देश दिए।

इसके अतिरिक्त, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के अंतर्गत अब तक 606 लाभार्थियों का पंजीकरण किया गया है। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी पात्र महिलाओं को अभियान चलाकर योजना का लाभ दिलाने तथा आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को योजना संबंधी प्रशिक्षण देने के भी निर्देश दिए।

बैठक में उप जिलाधिकारी जेवर अभय कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी दादरी अनुज नेहरा, जिला विकास अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी तरुण कुमार, शिव प्रताप सिंह परमेश, उप निद. ेशक कृषि राजीव कुमार, आयुष विभाग, जिला मलेरिया विभाग, बाल विकास एवं स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## कार की टक्कर से किशोर की मौत

**नोएडा।** सेक्टर-126 लोटस वैल्यू सोसाइटी के सामने तेज रफ्तार कार ने 16 साल के किशोर को टक्कर मार दी। आसपास के लोगों ने घायल को अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया। जहां उसने दो दिन बाद दम तोड़ दिया। पिता ने सेक्टर-126 थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी फुटेज से आरोपी की पहचान करने में जुटी है।

झारखंड मूल निवासी इंद्रदेव शर्मा ने पुलिस को बताया कि वह परिवार के साथ सेक्टर-126 रायपुर खादर गांव में रहते हैं। उनका बेटा अनुज शर्मा बाइक से 25 जून को लोटस वैल्यू सोसाइटी के सामने से गुजर रहा था। इसी दौरान एक तेज रफ्तार कार ने उसको टक्कर मार दी। घटना में उसे गंभीर चोट आई। लोगों ने उसको अस्पताल में भर्ती कराया।

## रक्षाबंधन पर नोएडा और ग्रेटर नोएडा डिपो से बसें अतिरिक्त फेर लगाएंगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा और ग्रेटर नोएडा डिपो से 12 अगस्त तक रक्षाबंधन स्पेशल बसें चलेंगी। उत्तर प्रदेश परिवहन निगम गौतमबुद्ध नगर के अनुसार 305 बसें 1500 अतिरिक्त फेरे लगाएंगी। सात अगस्त से यह सुविधा शुरू कर दी गई है। रक्षाबंधन नौ अगस्त को है। रक्षाबंधन पर बड़ी संख्या में लोग रोडवेज बसों में सफर करते हैं। नोएडा और ग्रेटर नोएडा डिपो से शहरों के लिए बस की सुविधा शामिल है। मुख्य शहरों में मेरठ, आगरा, मथुरा, एटा, कासगंज, अलीगढ़, बंदायू, बरेली, सहारनपुर, लखनऊ समेत अन्य शहरों के लिए डिपो से बसें चलती हैं। उत्तर प्रदेश परिवहन निगम गौतमबुद्ध नगर के क्षेत्रीय प्रबंधक मनोज कुमार ने कहा कि मुख्यालय के दिशा-निर्देश के अनुसार बसों के अतिरिक्त फेरों की सुविधा लागू कर दी गई है।

हालांकि गुरुवार को भीड़ नहीं थी। रोज की तरह ही यात्री बसों में सफर कर रहे थे। उन्होंने कहा कि शुक्रवार शाम से भीड़ होने की संभावना है। शनिवार तड़के भी समीप स्थिति शहरों की बसों में भीड़ हो सकती है। उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन पर 8 अगस्त की सुबह 6 बजे से 10 अगस्त रात्रि 12 बजे तक बहनों को रोडवेज बसों में निशुल्क सफर की सुविधा दी जाएगी। मुख्यालय के दिशा-निर्देश के अनुसार सात अगस्त से 12 अगस्त तक चालक, परिचालक और कार्यशाला के कर्मचारियों की छुट्टी निरस्त कर दी गई है। छुट्टी सिर्फ आपातकालीन स्थिति में ही स्वीकृत की जाएगी। त्योहारों पर यात्रियों की भीड़ के चलते चालक और परिच. ालकों की छुट्टी निरस्त कर दी जाती है।

यात्रियों की भीड़ होने पर दोनों डिपो से देर रात तक बसें मिलेंगी। बहनों और बुजुर्गों को सीट देने में प्राथमिकता मनोज कुमार ने कहा कि बसों में भीड़ के दौरान बहनों और बुजुर्गों को सीट देने में प्राथमिकता रहेगी। इसके लिए चालक और परिचालकों को दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। चालक और परिचालकों को यात्रियों से अच्छे व्यवहार के निर्देश भी दिए गए हैं। इसके लिए इनकी लगातार काउंसलिंग की जा रही है। उन्होंने कहा कि बसों की जांच के लिए सड़कों पर परिवहन निगम की टीमें तैनात रहेंगी।

## नोएडा में गंदगी फैलाने वालों पर 1.30 लाख रुपये जुर्माना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण स्वच्छ सर्वेक्षण में प्रतिभाग करता है। शहर में प्लास्टिक के उपयोग को नियंत्रित करने एवं सफाई व्यवस्था बनाए रखने के लिए निरंतर प्रयास कर रहा है। प्राधिकरण सिंगल यूज प्लास्टिक की रोकथाम और गंदगी न फैलाने के लिए अभियान चलाता है।

गुरुवार को नोएडा के विभिन्न स्थानों का निरीक्षण किया गया। सेक्टर-32 लॉजिक्स मॉल के बाहर वेंडिंग जोन में कई दुकानदार सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग करते हुए पाए गए। कुछ दुकानदारों द्वारा गंदगी भी फैलाई जा रही थी। इन दुक. ानदारों पर कुल 30,000 रुपये का चालान किया गया। छलेरा गांव के निरीक्षण में भी दुकानदार सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल करते और अनाधिकृत रूप से खुले में कचरा फेंकते पाए गए। यहां प्लास्टिक का इस्तेमाल करने वालों और खुले में कचरा फेंकने वालों पर कुल 50,000 रुपये का चालान किया गया। सेक्टर-94 कैपिटल सिटी में पर 50,000 रुपये की पेनाल्टी लगाई गई।

निरीक्षण के दौरान पाया गया कि इस रेस्टोरेंट द्वारा अपने कचरे को सही तरह से अलग नहीं किया जा रहा था। कूड़ा संग्रहण करने वाली एजेंसी को मिश्रित कचरा दिया जा रहा था। गीले कचरे के निस्तारण के लिए कोई उचित प्रबंध नहीं था। बल्क वेस्ट जनरेटर के दायित्वों का निर्वहन न करने और कूड़े को अलग न करने के कारण यह आर्थिक दंड लगाया गया है।

## ट्रक ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन का प्रदर्शन

- सिरसा टोल प्लाजा पर धरना, बाहरी ओवरलोड वाहनों पर कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के कासना थाना क्षेत्र में स्थित सिरसा टोल प्लाजा के पास ट्रक ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के कार्यकर्ताओं ने धरना प्रदर्शन शुरू किया है। प्रदर्शनकारी बाहर से आने वाले ओवरलोड वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। ट्रक ट्रांसपोर्ट यूनियन ने सिरसा टोल प्लाजा के पास कई ट्रकों को इकट्ठा करके जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने परिवहन विभाग पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि विभाग बाहरी ओवरलोड वाहनों पर कार्रवाई नहीं कर रहा है और उन्हें शह दे रहा है। सड़क ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष सोनू नागर के नेतृत्व में हो रहे इस प्रदर्शन में प्रदर्शनकारियों ने बिना नंबर प्लेट के चल रहे भारी वाहनों पर भी कार्रवाई की मांग की है। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होंगी, तब तक उनका धरना जारी रहेगा। ट्रांसपोर्टरों का आरोप है कि नियमों का उल्लंघन करने वाले बाहरी वाहनों के कारण स्थानीय ट्रांसपोर्टरों को नुकसान हो रहा है।

## खाद्य सुरक्षा व औषधि प्रशासन विभाग एक्शन में

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** आगामी रक्षाबंधन पर्व के दृष्टिगत जनपद वासियों को शुद्ध खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी गौतमबुद्धनगर मेधा रूपम के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारीगण खाद्य प्रतिष्ठानों पर छापेमारी कर खाद्य पदार्थों के नमूने जांच हेतु संग्रहित कर रहे हैं।



इसी श्रृंखला में सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय सर्वेश मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि आज खाद्य सुरक्षा अधिकारी सैयद इबादुल्लाह, विशाल कुमार गुप्ता एवं अमर बहादुर सरोज की टीम द्वारा इटहरा स्थित बादशाही पनीर से खोया का 01 नमूना, बिसरख स्थित बृंदावन रेस्टोरेंट से पनीर का 01 नमूना तथा ग्रेटर नोएडा वेस्ट जिया ट्रेडर्स से सरसों के तेल का 01 नमूना लिया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी मुकेश कुमार, रविंद्र नाथ वर्मा एवं मालती की टीम द्वारा सिकंदराबाद कासना स्थित आंशिक स्वीट्स से कलाकंद का 01 नमूना, कासना स्थित पंजाब स्वीट्स से छेना रसगुल्ला का 01 नमूना लिया गया। इसी प्रकार खाद्य सुरक्षा अधिकारी शैलेंद्र कुमार पांडेय, ओ पी सिंह एवं विजय बहादुर पटेल की तीसरी टीम द्वारा कंचनजंगा मार्केट सेक्टर 53 नोएडा स्थित रमन स्टोर से घी का 01 नमूना एवं कुंडली बांगर सेक्टर 150 स्थित ब्लिंकिट स्टोर से 01 डोडा बर्फी व 01 बेसन का नमूना लिया गया। इस प्रकार कुल 08 नमूना लेकर प्रयोगशाला प्रेषित किए जा रहे हैं।

सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय ने बताया कि आगे भी इसी प्रकार से जिलाधिकारी के निर्देशन में जांच अभियान संचालित करते हुए नमूने संग्रहित करने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी, ताकि जनपद वासियों को आगामी रक्षाबंधन पर्व के दौरान निर्धारित मानकों के अनुरूप शुद्ध खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध हो सके।

## कुत्ते को पीटने के मामले में केयरटेकर पर केस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेनो वेस्ट में रहने वाली महिला ने केयरटेकर पर पालतू कुत्ते को पीटने का आरा. ेप लगाया है। महिला का आरोप है कि केयरटेकर नशा करता है। आशंका है कि नशे में उसने कुत्ते को बेरहमी से पीटा। महिला की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बिसरख पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक रोजा याकूबपुर में रहने वाली महिला स्वाती ने पुलिस से शिकायत की कि उन्होंने बिहार के रहने वाले आरिफ को अपने पालतू कुत्ते की देखभाल के लिए रखा था। महिला का आरोप है कि परिवार की अनुपस्थिति में आरिफ ने कुत्ते के साथ मारपीट की।

आरिफ नशा करता है। नशे में उसने कुत्ते को बेरहमी से पीटा। इससे उसकी हड्डी चार जगह से टूट गई। अब वह चल फिर नहीं सकता है।

कोतवाली प्रभारी का कहना है कि महिला की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ पशु क्रूरता की धारा में मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की जांच की जा रही है। आरोपी के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email: parveshnoida@gmail.com

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# छात्र ने घर में ही फांसी लगाकर की आत्महत्या

## परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से किया इंकार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** एक छात्र ने अपने ही घर में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। इस घटना का पता आज बृहस्पतिवार की सुबह लगा जब परिजन सोकर उठे और छात्र के कमरे में गये। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजना चाहा लेकिन परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर शव का अंतिम संस्कार कर दिया। घटना को लेकर परिजनों में कोहराम मचा है और गांव में भारी शोक है।

मिली जानकारी के अनुसार बुढाना कोतवाली की परासौली पुलिस चौकी क्षेत्र के गांव हरियाखेडा निवासी 16 वर्षीय किशोर भीम पुत्र देवपाल सिंह गांव में ही स्थित एक प्राइवेट स्कूल का छात्र था। जो कि अपने माता पिता का इकलौता पुत्र था। चर्चा है कि स्कूल का एक शिक्षक भीम पर फीस देने का दबाव बना रहा था लेकिन गरीब होने की वजह से भीम स्कूल की फीस की भरपाई नहीं कर पा रहा था। उक्त शिक्षक ने उसको बृहस्पतिवार के दिन फीस ना लाने पर स्कूल से नाम काटने की चेतावनी दी थी तो बीते कल स्कूल से आने के बाद वह गुमसुम घर आया और अपने कमरे में चला गया। घर में मां बाप भी थे। रात होते ही वे भी सो गये। आज सुबह जब भीम के परिजन जागे और भीम को जगाने के लिए कमरे में गये तो कमरे का नजारा देख परिजनों के होश उड गये क्योंकि भीम का शव रस्सी के फंदे पर झूल रहा था। परिजनों की चीख पुकार सुन मौहल्ले के लोग आ गये और पुलिस को सूचना दी। कुछ देर बाद परासौली चौकी इंचार्ज सुमित कुमार ने घटना की जानकारी उच्चाधिकारियों को फोन पर देकर घटनास्थल की ओर दौड लगा दी। पुलिस परिजनों से घटना की जानकारी लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने लगी तो परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया। नम आंखों से भीम के शव को अंतिम संस्कार कर दिया गया। इस मामले की कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं की गयी। घटना को लेकर गांव में शोक है।

### रक्षाबंधन पर जेल में बहनों के लिए होगी विशेष व्यवस्था

**मुजफ्फरनगर।** जेल अधीक्षक ने जानकारी देते हुए बताया कि कारागार मंत्री, कारागार विभाग उत्तर प्रदेश के पत्र के अनुसार मुख्यालय कारागार प्रशासन व सुधार सेवाएं उत्तर प्रदेश लखनऊ के पत्र द्वारा निर्देशित किया गया है कि मुख्यमंत्री के पूर्व आदेशों के क्रम में विगत वर्षो की तरह रक्षाबंधन का त्यौहार नौ अगस्त को समस्त प्रदेशों की जेलों में निरूद्ध महिलाओं व पुरूष बंदियों की अपने परिजनों, भाई-बहनों से मुलाकात कर मनाया जाएगा। इसके बाद जेल प्रशासन ने त्यौहार मनाने के लिए आवश्यक प्रबंद्ध किए है। जेल में बंदी भाईयों से मुलाकात करने आने वाली माता-बहनों की सर्व प्रथम मुलाकात कराई जाएगी।

# एएनएम हत्याकांड का खुलासा:हत्यारोपी गिरफ्तार

## मुठभेड़ में पड़ौसी हत्यारोपी से हथियार बरामद, सम्पत्ति के लालच में की घटना




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में कोतवाली पुलिस ने एएनएम हत्याकांड का खुलासा करते हुए मुठभेड के दौरान आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक तमंचा व कारतूस बरामद होना बताया है। एएनएम हत्याकांड के पीछे उसकी सम्पत्ति से चिढ़ होना बताया गया है।

गुरूवार को पुलिस लाइन के सभागार में एसपी सिटी ने एक प्रेसवार्ता आयोजित कर पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि बुधवार की रात शाहबुद्दीनपुर निवासी एएनएम विधवा बबीता पत्नी स्व. चन्द्रपाल की हत्या कर दी गई थी। एएनएम चरथावल के गांव मलिरा सीएचसी में कार्यरत थी। और देर शाम एएनएम बबीता का शव उसी के घर में बैड पर खून से लथपथ पड़ा हुआ मिला था। उन्होने बताया कि हत्याकांड के खुलासे के लिए उन्होने टीमे बनाई और सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चैक की तो पुलिस को कातिल के संबंध में कुछ सुराग मिले। उन्होने बताया कि गठित की गई टीम गश्त पर थी कि इसी बीच सूचना मिली कि बबीता का हत्यारोपी मिमलाना रोड स्थित एक प्लाट पर बैठा हुआ है। पुलिस ने घेराबंदी की तो आरोपी मौके से भागने लगा और पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी फायरिंग में आरोपी घायल हो गया जब अस्पताल ले जाकर उससे पूछताछ की गई तो घायल ने अपना नाम बंटी पुत्र हरभजन बताया।

एसपी सिटी ने जानकारी दी कि शहर कोतवाल व पुलिस टीम में शामिल इंस्पेक्टर क्राइम रूपेश कुमार शर्मा ने युवक से पूछताछ की तो घायल ने बताया कि वह मृतक बबीता की गली से दूसरी गली में रहता है और वह उसकी संपन्नता से चिढ़ता था। एसपी सिटी ने जानकारी दी कि महिला के घर में आरोपी गंदी नियत से घुसा था और दोनो में हाथा पाई हुई तो तकिये मुंह पर रखकर उसको पीटना शुरू कर दिया जिससे उसकी मौत हो गई। फिलहाल पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर आरोपी बंटी की लिखापढ़ी कर उसको जेल भेज दिया।

### कई बार की थी आरोपी बंटी की मदद, नहीं आया रहम

**मुजफ्फरनगर।** रिश्ते के भांजे ने मुंह बोली मौसी का बेरहमी से कत्ल कर रिश्तों को कलांकित कर दिया है। हत्यारोपी का मृतका बबीता के घर काफी आना-जाना था और मृतका एएनएम उसके सुख-दुख में भी उसकी मदद करती थी। सूत्रों से पता चला कि आरोपी ने करीब छह माह पूर्व भी मृतका एएनएम बबीता से एक लाख रूपयें उधार लिया था और कुछ दिन पूर्व जब तीन लडकियों पर उसकी पत्नी को बेटा पैदा हुआ तो बबीता से पांच हजार रूपयें उधार लिए गए और बबीता ने बेटा पैदा होने की खुशी में हत्यारोपी बंटी को दो हजार रूपयें दिए थे इतना ही नहीं लोगों में यह भी चर्चा है कि बबीता के पति चन्द्रपाल ने ही बंटी की मां का रिश्ता कराया था इसी के चलते आरोपी का घर आना-जाना था।

बुधवार के दिन भी जब एएनएम बबीता की सीएचसी से छुट्टी हो गई तो आरोपी बंटी ही मौहल्ला जनकपुरी के निकट से एक बाइक पर बैठा कर उन्हे घर तक लाया था बंटी के दीमाक में क्या चल रहा है इसको बबीता समझ नहीं सकी और शाम के समय आरोपी बंटी बबीता के घर पहुंचा और उससे किसी बात को लेकर झगडा कर लिया सूत्रों का कहना है कि घटना के दिन भी आरोपी बंटी बबीता से दो हजार रूपयें उधार मांग रहा था। और जब हाथापाई तो पडौस के बच्चों ने इस घटना को देख लिया था। दो हजार रूपये न देने पर बंटी ने बबीता के मुंह पर तकिया रखा और हाथ में पहने कडे से उस पर ताबड़तोड़ वार कर दिए जिससे आंख पर गहरी चोट लगने के कारण उसका खून गले सहित पूरे शरीर पर बहने लगा था। फिलहाल लोगों में अब यही सवाल उठ रहे है कि बबीता ने हत्यारोपी बंटी की कई बार पैसों से मदद की और उसे अपने बेटे की तरह समझती थी, लेकिन वह वही कातिल निकलेगा यह बबीता समझ नहीं पाई।

# एसडीएम पर रिश्वत लेने का आरोप, डीएम ने बैठाई जांच

## करोड़ों रूपए की रिश्वत लेकर जमीन दूसरे के नाम करने के खेल का खुलासा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जानसठ एसडीएम पर तीन करोड रुपये की रिश्वत लेकर सरकारी जमीन को भूमाफिया अमृतपाल के नाम करने का आरोप लगा है। इस मामले की शिकायत के बाद डीएम ने जांच के लिए टीम गठित की है।

मामला तहसील जानसठ के गांव इसहाकवाला से जुडा बताया जा रहा है। बताया जाता है कि डेरावाला कोऑपरेटिव फार्मिंग सोसायटी का गठन 1962 में हुआ था। इस जमीन का क्षेत्रफल 743 हेक्टेयर है। इस सोसायटी में जीवन दास सचिव थे और हरबंस समेत कई अन्य सदस्य थे। 1972 में हरबंस अपनी हिस्से की 23 एकड जमीन लेकर सोसायटी से अलग हो गए थे। इस समय हरबंस के पोते और जीवन दास के बेटे गुलशन के बीच जमीन को लेकर जानसठ एसडीएम की कोर्ट में पिछले कई सालों से विवाद चल रहा था। वर्ष 2018 में तहसील के पटवारी, तहसीलदार और एसडीएम ने हाईकोर्ट को लिखित रूप से सूचित किया था कि इस सोसायटी की जमीन में हरबंस का कोई हिस्सा नहीं है। पीडित परिवार ने एसडीएम पर 3 करोड रुपये की रिश्वत लेकर जमीन भूमाफिया अमृतपाल के नाम दर्ज करने का आरोप लगाया है। जांच कमेटी आरोपों की जांच कर रही है। गुलशन ने कहा कि हम चाहते हैं कि एसडीएम पर कार्रवाई हो। बताया जाता है कि जमीन के ठीक सामने हाईवे जा रहा है। पिछले दिनों सोसाइटी के लोग और अमृतपाल हाईकोर्ट गए थे कि उनकी जमीन से हाईवे जा रहा है। उनको मुआवजा दिया जाए, जिसके बाद हाईकोर्ट ने जमीन को सरकारी जमीन मानते हुए मुआवजा दिलाने से इंकार कर दिया था। जिस जमीन को कोर्ट ने सरकारी माना उसे एसडीएम ने दूसरे के नाम पर कर दिया।इस मामले की शिकायत डीएम तक पहुंची, तो एसडीएम ने रातों-रात अपने दिए हुए आदेश को खारिज कर दिया। अरबों की इस जमीन के खेल का खुलासा होते ही आनन-फानन में डीएम उमेश मिश्रा ने इस प्रकरण की जांच के लिए तीन तीन सदस्य वाली कमेटी बनाकर जांच के निर्देश दिए इसमें तीन एसडीएम शामिल है।

> जानसठ थाना क्षेत्र के गांव मे जमीन दूसरे के नाम करने के मामले की शिकायत मेरे संज्ञान में आई है। पीड़ित परिवार का आरोप है कि रिश्वत लेकर यह काम किया गया है। मैंने उसकी जांच के लिए एक कमेटी गठित कर दी है। जांच रिपोर्ट आने के बाद जो भी दोषी पाया जाएगा उस पर कडी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।.....
>
> **उमेश मिश्रा**
> **जिलाधिकारी**
> **मुजफ्फरनगर**

# शाहबुद्दीनपुर रोड़ पर मचा चोर का शोर, फायरिंग

- **कई युवक घायल, पुलिस ने कराई डॉक्टरी, जांच शुरू**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** चोर का शोर रूकने का नाम नहीं ले रहा, पुलिस प्रशासन के सख्त कदम व अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी कार्यवाही के बाद भी चारो ओर लोग भयभीत होकर पहरा देने पर मजबूर है। बीती रात एक सनसनी खेज घटना होने से बच गई। नगर कोतवाली क्षेत्र के शाहबुद्दीनपुर रोड पर चोर होने का शोर मचा तो जाग रहे लोग बाहर निकले इसी बीच उन्हे ताबडतोड फायरिंग सुनाई पड़ी। इस दौरान कई युवक घायल हुए काफी देर तक लोग यह नहीं समझ पाए कि आखिर फायरिंग कहा हुई और वह घायल कैसे हुए इसी बीच जब छत पर चढ़ रहे व्यक्ति ने फायरिंग की तो मौहल्लेवासियों ने इसकी जानकारी नगर कोतवाली पुलिस को दी। सूचना के कुछ देर बाद ही पुलिस मौके पर पहुंची। इससे समय शाहबुद्दीनपुर रोड के रहने वाले 40 वर्षीय दिलशाद, 25 वर्षीय राकीब, 08 वर्षीय जैद, 20 वर्षीय आशू, 20 वर्षीय दानिश जख्मी हो चुके थे। मौहल्लेवासियों ने पडौस के ही एक व्यक्ति पर कई राउड फायरिंग करने व क्षेत्र की शांति बिगाडने का आरोप लगाते हुए कार्यवाही की मांग की। पुलिस ने सभी घायलों को डॉक्टरी परिक्षण करा दिया। नगर कोतवाल उमेश रोरिया का कहना कि चोर होने की सूचना पर हमारी फायरिंग हुई थी घायलों का इलाज करा दिया गया।

# फिर खुली पालिका कर्मचारियों के खेल की पोल

## टैक्स विभाग ने जारी कर दिया फर्जी किरायेदारी सर्टिफिकेट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** नगर पालिका में इस बार फिर फर्जी किरायेदारी सर्टिफिकेट जारी किए जाने का बडा खेल सामने आया है। यह मामला उस समय प्रकाश में आया जब संपत्ति स्वामी ने नगर पालिका पहुंचकर हंगामा करते हुए टैक्स विभाग के अधिकारी व कर्मचारियों पर गंभीर आरोप लगाए। नगर पालिका के टैक्स विभाग से किरायेदारी का फर्जी सर्टिफिकेट जारी कर दिया गया।

मामला खालापार स्थित निजी सम्पत्ति से जुडघ है नगर पालिका में यह संपत्तिमकान के रूप में दर्ज है। इसी सम्पत्ति को लेकर विवाद हो गया है।

सम्पत्ति का स्वामी अपने परिजन व अन्य लोगों के साथ नगर पालिका पहुंचा। उक्त लोगों ने टैक्स विभाग में अधिकारी और कर्मचारियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए हंगामा करते हुए कहा कि उनके नाम पंजीकृत अचल सम्पत्ति के लिए किरायेदारी सर्टिफिकेट किसी अन्य व्यक्ति के नाम जारी कर दिया। जबकि उनकी सम्पत्ति पर कोई किरायेदारी नहीं है न ही इसका कोई रिकॉर्ड ही पालिका के पास उपलब्ध है।

बिना रिकॉर्ड और वैध दस्तावेज होने व सम्पत्ति उनके नाम दर्ज होने के बावजूद दस्तावेजों में हेरा फेरी करते हुए अनुचित लाभ प्रदान करने की नीयत से यह फर्जी किरायेदारी सर्टिफिकेट पालिका के टैक्स विभाग से जारी किया गया। उधर उक्त व्यक्ति ने इसी सर्टिफिकेट के सहारे संपत्ति पर कोर्ट में दावा कर दिया।

### चर्चित कर्मचारी की मिली हैंड राईटिंग

**मुजफ्फरनगर।** इस मामले में टैक्स विभाग के एक लिपिक और एक अन्य कर्मचारी की भूमिका संदिग्ध बनी हुई है। इन दोनों पर पूर्व में भी कई बार फर्जी दस्तावेज के मामले को लेकर गंभीर आरोप लगे है। उक्त कर्मचारी ने पिछले दिनों एक टीएस के फर्जी साइन भी कर दिए थे। इस मामले में डिस्पेच रजिस्टर में तैनात महिला कर्मचारी के बजाये इसी कर्मचारी की राइटिंग पाई गई है।

> प्रकरण गंभीर है। इसमें एक लिपिक और कुछ कर्मचारियों के नाम सामने आये हैं। जांच कराई जा रही है, कार्यवाहक कर अधीक्षक पारूल यादव को नोटिस जारी करते हुए जवाब मांगा गया है।....
>
> **डॉ. प्रज्ञा सिंह**
> **अधिशासी अधिकारी**

### एक नजर...

## तीन लोग 24.50 लाख की नकदी के साथ गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर।** नगर कोतवाली पुलिस ने तीन लोगों को दबोचकर 24 लाख 50 हजार कीनगदी पकडने का दावा किया है। पुलिस का दावा है कि यह पैसा हवाला का है और हिरासत में लिए गए तीनों लोग दलाल है। इस मामले को सऊदी अरब से जोडा जा रहा है संज्ञान में आने के बाद एसएसपी ने इसकी जानकारी आयकर विभाग को दी तो टीम ने कोतवाली पहुंचकर आरोपियों से पूछताछ की जिसमें महत्वपूर्ण जानकारी मिलने की चर्चाएं है। नगर कोतवाली पुलिसने एक सूचना के आधार पर तीन लोगों को गिरफ्तार किया पुलिस दावा कर रही है कि उक्त लोगों के पास से 24 लाख 50 हजार की नगदी बरामद की गई है। पुलिस यह भी दावा कर रही है कि उक्त रूपया हवाला का है और तीनों लोग किसी के लिए काम करते है और बरामद रूपये को उक्त लोग उनके मालिकों तक पहुंचाने जा रहे थे। सूचना मिलने के बाद नगर कोतवाल ने इस मामले की जानकारी वरिष्ठ पुलसि अधीक्षक संजय वर्मा को दी थी इसी के बीच हवाला का रूपये पकडने के लिए टीम बनाई गई जहां पुलिस ने आजम निवासी लद्दावाला व तालिब निवासी बुढ़ाना और साहिल को दबोच लिया। एसएसपी ने इस मामले की जानकारी स्वयं ही आयकर विभाग के डिप्टी डायरेक्टर को दी। जिसके बाद टीम तीनों आरोपियों को पूछताछ के लिए अपने साथ ले गई, हालांकि अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो सका कि बरामद किया गया रूपया हवाला का है।

**नगर कोतवाल उमेश रोरिया** से बरामद रूपयों के संबंध में जानकारी ली गई तो उन्होने बताया कि पकडे गए आरोपी व नगदी आयकर विभाग के हवाले कर दी गई है जो मामला जांच में आएगा और जिस तरह की आयकर विभाग तहरीर देगा उसी के आधार पर कार्यवाही की जाएगी।

## हथियारों के पांच तस्कर गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर।** सिविल लाइन पुलिस ने स्पेशल ग्रुप की संयुक्त टीम के साथ साझा कार्यवाही करते हुए अवैध हथियारों का जखीरा बरामद किया है। पुलिस ने इस दौरान पांच सोदागरों को गिरफ्तार होना बताया है। और इनके कब्जे से भारी मात्रा में पिस्टल, रिवॉल्वर व तमंचे बरामद करते हुए एक स्कूटी भी बरामद होना बताया है।

एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि सिविल लाइन थाना प्रभारी व दरोगा प्रशांत कुमार गिरी, शानू चौधरी व स्पेशल संयुक्त ग्रुप की टीम के साथ मिलकर एक सूचना के आधार पर संधावली अण्डर पास के निकट से स्कूटी पर सवार पांच लोगों को रोक लिया और उनसे जब पूछताछकी गई तो उन्होने अपने नाम आकिब पुत्र रशीद अहमद लखीपूरा थाना लिसाढ़ीगेट जनपद मेरठ, सालिम पुत्र मौहम्मद तारिक मौहल्ला बनियापाढ़ा कोतवाली मेरठ, आरिफ पुत्र मौ. अली व कुश कौशिक पुत्र महेश कौशिक निवासी किला पक्षितगढ मेरठ, असद पुत्र मेहरूजुद्दीन निवासी मेरठ बताए है। तलाशी के दौरान आरोपियों के कब्जे से तीन पिस्टल, एक रिवॉलवर, आठ तमंचे, मस्कट व स्कूटी बरामद की गई। एसपी सिटी ने जानकारी दी कि पकडे गए आरोपी हथियारों के सौदागर है जो हथियारों की ले बेच करते है। जिस तरह का ग्राहक होता है उसी तरह का हथियार बेच देते है। उन्होने बताया कि टीम को दस हजार के इनाम से पुरस्कृत किया जाएगा।




मुजफ्फरनगर: ज़्ज्बा दौड़ के लिए जागरूकता रैली को झंडी दिखाते सत्यप्रकाश रेशू व अन्य।

# बाइक रैली निकालकर दिया ज़ज्बा दौड़ का निमंत्रण

- **गांधी वाटिका से शुरू हुई रैली रेशू विहार पहुंचकर हुई सम्पन्न**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** समर्पित युवा समिति एवं समर्पित महिला शक्ति द्वारा आयोजित की जाने वाली प्रतिष्ठित जज्बा-11 दौड की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने के लिए आज एक बाइक रैली का आयोजन किया गया।

रैली का आरंभ डीएम उमेश चंद्र मिश्रा, नगर पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप पंजाबी समाज समिति के अध्यक्ष अंकुर दुआ सहित अनेकों गणमान्य व्यक्तियों द्वारा केसरिया झंडी दिखा कर किया

बाइक रैली गांधी वाटिका गांधी कॉलोनी से प्रारंभ होकर द्वारिका पुरी, भोपा रोड, गौशाला रोड, पटेल नगर, जानसठ रोड फ्लाई ओवर, महावीर चौक, मीनाक्षी चौक, शिव चौक झांसी रानी, प्रकाश चौक होते हुए रेशु विहार स्थित सत्य प्रकाश रेशू के निवास स्थान पर संपन्न हुई।

रैली मार्ग पर अनेक स्थान पर लोगों द्वारा पुष्प वर्षा की गई।

समर्पित परिवार के सदस्यों द्वारा बडे प्रेम के साथ सभी को जज्बा दौड में शामिल होने का निमंत्रण दिया पूरा मार्ग भारत माता की, जय वंदे मातरम, जय हिंद के नारों से गूंज उठा जहां-जहां से भी बाइक रैली गुजरी वहां वहां लोगों ने बडी उत्सुकता के साथ कार्यक्रम की जानकारी समिति के सदस्यों से प्राप्त की।

रैली को सफल बनाने में समर्पित युवा समिति एवं समर्पित महिला शक्ति के सभी सदस्यों का पूर्ण योगदान रहा।

# समीक्षा में एसएसपी ने पढ़ाया कानून का पाठ




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने पुलिस लाइन के सभागार में जनपद के समस्त आला अधिकारी व थाना इंचार्जो की अपराध गोष्ठी की ओर कानून व्यवस्था की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए है।

गुरूवार को जनपद के पुलिस मुखिया संजय कुमार वर्मा ने पुलिस लाइन के सभागार में जनपद के आला अधिकारी समस्त थाना प्रभारी के साथ अपराध गोष्ठी का आयोजन किया। उन्होने शासन की नीतियों से अवगत कराते हुए कानून का पाठ पढ़ाया। एसएसपी ने महिला सुरक्षा संबंधी घटनाओं पर ज्यादा फोकस रहा। इस दौरान एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत, एसपी देहात आदित्य बंसल, एसपी क्राइम इन्दु सिद्धार्थ, एसपी यातायात अतुल कुमार चौबे और समस्त सक्रिल अफसर व थाना प्रभारी शाखा प्रभारी मौजूद रहे।

एसएसपी ने कहा कि टॉप-10 व हिस्ट्रीशीटर व अपराधियों व पुराने खलीफाओं व नई तांतियो के अपराधियों पर कडी नजर रखी जाए।

उन्होने समस्त क्षेत्रों के प्रधान, जिम्मेदार लोगों, जनप्रतिर्निधि, पुलिस मित्रों के साथ बैठक कर अपराधियों के संबंध में जानकारी की बात कही। एसएसपी ने जनपद में खनन माफियाओं, काले धंधे में लिप्त लोगों पर कडा शिकंजा कसने के आदेश दिए। उन्होने शराब तस्करी से लेकर शस्त्र तस्करी रोकने के लिए भी दिशा-निर्देश दिए है।

उन्होने कहा कि गैंगस्टर के तहत शातिर अपराधियों की सम्पत्ति जब्तीकरण की कार्यवाही करें। उन्होने लम्बित विवेचनाओं का शीघ्र निस्तारण और छात्राओं की सुरक्षा के भी आदेश दिए है।

# गंगा बैराज पर रूट डायवर्जन

## उफान पर पहुंची गंगा, बाढ़ के मद्देनजर रोका ट्रेफिक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** बिजनौर से गंगा बैराज मार्ग पर जलभराव व मार्ग के कटान होने के कारण से मार्ग पूरी तरह बन्द कर दिया गया है और इधर से गुजरने वाले यातायात को डायवर्जन कर दिया।

जनपद बिजनौर से गंगा बैराज मार्ग पर जलभराव व मार्ग के कटान होने कारण बिजनौर से गंगा बैराज की ओर से समस्त वाहनों का डायवर्जन कर दिया है जो इस प्रकार है- मुजफ्फरनगर की ओर से आने वाले व बिजनौर, मुरादाबाद, काशीपुर जसपुर रामपुर बरेली अमरोहा की ओर जाने वाले समस्त प्रकार वाहन मोन्टी तिराहा मीरापुर (मुजफ्फरनगर) से मेरठ, हापुड़, अमरोहा, मुरादाबाद होते हुए अपने अपने गन्तव्य स्थान की ओर जायेगें।

जनपद मुरादाबाद, काशीपुर, जसपुर, रामपुर, बरेली, की ओर से वाया नूरपुर, बिजनौर, गंगा बैराज होते हुए मेरठ, मुजफ्फरनगर, की ओर जाने वाले समस्त प्रकार के वाहन वाया मुरादाबाद, अमरोहा, हापुड, मेरठ, मुजफ्फरनगर की ओर जायेगें। जनपद मुरादाबाद, काशीपुर, जसपुर, रामपुर, बरेली, की ओर से वाया अफजलगढ, धामपुर, नजीबाबाद होते हुए हरिद्वार, मुजफ्फरनगर की ओर जाने वाले समस्त प्रकार के वाहन वाया अफजलगढ, धामपुर, नजीबाबाद होते हुए हरिद्वार, रुडकी, मुजफ्फरनगर की ओर की ओर जायेगें। जनपद बिजनौर से वाया गंगा बैराज होते हुए मेरठ मुजफ्फरनगर की ओर जाने वाले समस्त प्रकार के वाहन वाया चांदपुर, धनौरा, गजरौला, होते हुए मेरठ मुजफ्फरनगर की ओर जायेगें।

अत: सभी आम जनमानस से अपील है कि किसी भी प्रकार की असुविधा के बचने के लिए उपरोक्त रूट डायवर्जन का पालन करें। यातायात डायवर्जन व मार्ग पूर्णत: बंद होने के कारण आम जनमानस के कारण कारोबारियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा अब लोग अपने गंतव्य तक जाने के लिए दूर-दूर के मार्गो का इस्तेमाल कर रहे है।

शिवा ग्रुप ऑफ कॉलेज
COURSE OFFERED
D. PHARMA (डी. फार्मा) C.C.-1491
POLYTECHNIC
(ELECTRICAL, CIVIL, MECHANICAL, FASHION DESIGNING)
(डिप्लोमा) C.C.-1183
ITI (आई0टी0आई) C.C.-3978
(ELECTRICIAN, FITTER, COPA, FASHION DESIGING)
इण्टर कॉलेज (PCM, PCB, COMM., ART) C.C. 1339
पता:- NEAR NH-58, जौली रोड, बिलासपुर, मुजफ्फरनगर
Ph. 9690731170, 9411449915, 9927075234, 8077158717

# साले का हार लेकर जा रहे जीजा की चाकुओं से गोदकर हत्या

**हरियाणा निवासी युवक बाईक पर सवार होकर पत्नी के साथ जा रहा था गांव इस्सोपुर खुरगान, पुलिस ने चंद घंटों बाद ही कर दिया हत्याकांड का खुलासा**





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** हरियाणा निवासी युवक की रिश्ते के साले का हार लेकर पत्नी के साथ बाईक से गांव इस्सोपुर खुरगान जाते समय दिन दहाड़े बाइक सवार बदमाशों ने गर्दन काट दी। घायल अवस्था में पुलिस युवक को लेकर सीएचसी पहुंची, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। घटना के बाद अज्ञात बदमाश सीसीटीवी में कैद हो गए है। फोरेंसिक टीम के साथ एसपी घटना स्थल पर पहुंचे और साक्ष्य जुटाए। उधर, शाहनवाज हत्याकांड का चंद घंटों में खुलासा करते हुए दो हत्यारोपियों को आला कत्ल चाकू, अवैध कसलहा व जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। शाहनवाज की हत्या उसकी पत्नी के प्रेमी ने अपने साथियों के साथ मिलकर की है।

गुरुवार प्रातः सवा नौ बजे शाहनवाज (29) पुत्र जमील निवासी गांव झारागढ़ी थाना गन्नौर जनपद सोनीपत (हरियाणा) अपनी पत्नी मेफरीन के साथ बाइक पर सवार होकर क्षेत्र के गांव इस्सोपुर खुरगान में अपने रिश्ते के साले इमलाक की शादी में शामिल होने के लिए जा रहा था, जैसे ही वह नेशनल हाइवे से होते हुए गांव इस्सोपुर खुरगान जा रहा था। कस्बे से लगभग डेढ़ किलो मीटर की दूरी पर बैरियों के बाग के निकट अज्ञात बाईक सवार चार-पांच बदमाशों ने उसे रोक लिया। विरोध करने पर अज्ञात बाइक सवार बदमाशों ने तेजधार हथियारों से उसके सीने और गर्दन पर ताबड़तोड़ वार कर दिए। बदमाश नोटों का हार लेकर आसानी से फरार हो गए। बिलखती पत्नी ने घटना की जानकारी परिजनों के साथ पुलिस को दी। पुलिस ने घायल युवक को सीएचसी पर भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

एएसपी संतोष कुमार सिंह, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह भारी पुलिस बल के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कैराना पर पहुंचे और घटना के संबन्ध में परिजनों से बात की। थोड़ी देर बाद ही पुलिस अधीक्षक शामली रामसेवक गौतम फॉरेंसिक टीम के साथ घटना स्थल पर पहुंचे और मौके से साक्ष्य एकत्रित कर अधीनस्थ अधिकारियों को घटना में शामिल हत्यारों को जल्द गिरफ्तार करने के निर्देश दिए। इस दौरान सीओ सिटी अमरदीप मौर्य, सीओ कैराना श्याम सिंह भी मौजूद रहे।

### नौ वर्ष पूर्व हुई थी मृतक की शादी

मृतक शाहनवाज की शादी वर्ष 2016 में कांधला क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत में साजिद पुत्र बशीरु की पुत्री मेफरीन के साथ हुई थी। इस दौरान मृतक के नुत्फे से दो बच्चों ने जन्म लिया। मृतक शाहनवाज चार भाइयों में सबसे बड़ा था, जो फर्नीचर्स का कार्य करके अपना घर चला रहा था और घर की सभी जिम्मेदारी मृतक के ही कंधों पर थी। अब परिवार के लिए आर्थिक संकट खड़ा हो गया है।

### पुलिस ने किया खुलासाः

### पत्नी के प्रेमी ने की हत्या

पुलिस ने शाहनवाज हत्याकांड का चंद घंटों मी खुलासा करते हुए दो हत्यारोपियों को आला कत्ल चाकू, अवैध कसलहा व जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। शाहनवाज की हत्या उसकी पत्नी के प्रेमी ने अपने साथियों के साथ मिलकर की है।

पुलिस अधीक्षक शामली रामसेवक गौताम ने प्रेसवार्ता करते हुए जानकारी दी कि मृतक शाहनवाज अपनी पत्नी के साथ गांव इस्सोपुर खुरगान में शादी में जा रहा था, जिसकी खुरगान रॉड पर अज्ञात बदमाशों ने चाकुओं से गोदकर निर्मम हत्या कर दी थी। पुलिस व एसओजी टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तसव्वर पुत्र महेंदी हसन, सुहैब पुत्र फरमान निवासीगण गांव भूरा को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान तसव्वर ने बताया कि में मृतक की पत्नी से प्रेम करता था, जिसकी भनक मृतक को लग गई थी। इसी कारण मेने अपने साथियों के साथ मिलकर शाहनवाज को रास्ते से हटाने का प्लान बनाया और उसकी चाकुओं से गोदकर निर्मम हत्या कर दी।

### मौसेरे भाई ने ही रंग लिए शाहनवाज के खून से हाथ

जिस पत्नी ने सातों जन्म साथ रहने की कसम खाई थी वही आज अपने पति की जान की दुश्मन बन बैठी। प्रेम के जनून में अंधी मृतक की पत्नी के प्रेमी ने ही उसकी आंखों के सामने उसके सुहाग को उजाड़ दिया और पत्नी ड्रामेबाज करती रही। पत्नी का प्रेमी तसव्वर मेंफरीन से प्यार करता था और दोनों ने साथ जीने और साथ मरने की कसम खा रखी थी। लेकिन उनके प्रेम में सबसे बड़ा रोड़ा पति शाहनवाज ही बना हुआ था। सब कुछ जानने के बाद भी उसने अपनी पत्नी को समझाने के प्रयास किया। मगर प्रेम में अंधी उसकी कातिल पत्नी अपने इरादों पर डटी रही। अंत में उसके पति को अपनी जान देकर कीमत चुकानी पड़ी। फिलहाल पुलिस ने दोनों हत्यारोपियों को गिरफ्तार करके जेल भेज भेज दिया है शेष आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश अभियान जारी है।

# प्रधान पति से गाली-गलौज के आरोपी का चालान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** विकासखंड क्षेत्र के गंगेरू ग्राम प्रधान पति के विरुद्ध फोन पर गाली-गलौज करने एवं निर्माण कार्य में बाधा उत्पन्न करने सहित पुलिस के साथ बदसलूकी करने करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार करते हुए अभियोग पंजीकृत कर चालान कर दिया। विकासखंड क्षेत्र के गंगेरू में कई महा पूर्व ईदगाह कमेटी के द्वारा ईदगाह में निर्माण कार्य करने पर सहमति बनाई गई थी।

ग्रामीणों ने ईदगाह की चार दिवारी का निर्माण कार्य शुरू कर दिया था। एक ग्रामीण अनीस ने अपनी दबंगई दिखाते हुए आपत्ति दर्ज करते हुए निर्माण कार्य रुकवा दिया था और फोन पर गांव गंगेरू ग्राम प्रधान पति राशिद जंग के विरुद्ध अन्य ग्रामीण के साथ फोन पर बातचीत करते हुए गाली-गलौज की थी। जिसका ऑडियो ग्रामीणों ने सोशल मीडिया पर प्रसारित कर दी थी। ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान पति के विरुद्ध गाली गलौज करने के आरोपी के विरुद्ध थाने पर शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की थी। मामले में गंगेरू चौकी प्रभारी विक्रम भाटी पुलिस टीम के साथ आरोपी अनीस से पूछताछ करने के लिए गई तो आरोपी ने पुलिस टीम के साथ भी बदसलूकी करते हुए उत्तेजित हो गया था। गुरुवार को पुलिस ने आरोपी व्यक्ति को गिरफ्तार करते हुए उसके विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर चालान कर दिया। ग्राम प्रधान पति राशिद जंग का कहना है कि ईदगाह निर्माण कार्य में ग्राम पंचायत का कोई भी सहयोग नहीं है कमेटी के द्वारा निर्माण कार्य कराया जा रहा है। कुछ लोगों ने राजनीति करते हुए हस्तक्षेप किया था। एक ग्रामीण ने किसी के बहकावे में आकर फोन पर गाली गलौज की थी जिसके विरुद्ध ग्रामीणों ने शिकायत की थी। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि अनीस नामक व्यक्ति ने कानून अपने हाथ में लिया था कानून को हाथ में लेने की किसी को भी इजाजत नहीं है उल्लंघन करने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# सड़क हादसे में मां-बेटे सहित तीन घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** दिल्ली सहारनपुर रोड पर सड़क हादसे में मां-बेटे सहित तीन लोग घायल हो गए। हादसा उस वक्त हुआ जब तीनों बाइक से रामपुर जा रहे थे। घायलों में एक महिला को एक्स रे के जिला अस्पताल रेफर किया गया है।ग्राम बाबरी निवासी रवि पुत्र राधेश्याम, परदीप पुत्र सोमपाल और शिमला पत्नी राधेश्याम एक ही बाइक पर सवार होकर अपने गांव बाबरी से जनपद सहारनपुर के कस्बा रामपुर जा रहे थे। घायल रवि ने बताया है कि उनकी माता शिमला रक्षा बंधन के त्योहार के अवसर पर अपने भाई से मिलने जा रही थीं। जैसे ही तीनों दिल्ली सहारनपुर रोड पर रतन पेट्रोल पंप के पास पहुंचे, तभी नोजल रोड की ओर से अचानक एक वाहन सामने आ गया। वाहन को देखकर बाइक चालक संतुलन खो बैठा, जिससे बाइक फिसलकर सड़क पर गिर गई। हादसे में तीनों लोग घायल हो गए। सूचना मिलते ही थाना भवन पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को एंबुलेंस की सहायता से थाना भवन सरकारी अस्पताल भिजवाया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें प्राथमिक उपचार दिया।प्राथमिक उपचार के बाद महिला शिमला की हालत देख उसे एक्स-रे के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# मासूम पर बंदरों का हमला, लगाया रेबीज का इंजेक्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** नगर एवं क्षेत्र में बंदरों का आतंक चरम सीमा पर है बंदर आए दिन लोगों की छतों पर चढ़कर भारी नुकसान कर रहे हैं और हमला कर महिला, पुरुष व बच्चों को भी घायल कर रहे हैं। प्रशासन उत्पाती बंदरों को पकड़ने के लिए कोई भी अभियान नहीं चल रहा है। गांव असदपुर जिडाना में एक चार वर्षीय मासूम बच्चे पर बंदरों के झुंड ने हमला कर घायल कर दिया परिजनों ने अस्पताल में भर्ती कराकर उपचार कराया है। विगत कई माह से आवारा बंदर व कुत्तों का आतंक नगर एवं क्षेत्र में चरम सीमा पर है। आवारा बंदर व कुत्तों ने सैकड़ो लोगों पर जानलेवा



हमला करते हुए उन्हें गंभीर रूप से घायल किया है। आवारा कुत्तों के काटने से एक मासूम बालक व एक व्यक्ति की मौत भी हो चुकी है। इसके बावजूद भी प्रशासन आवारा बंदरों व कुत्तों को पकड़ने के लिए अभियान नहीं चल रहा है। नगर के सरकारी अस्पताल में आए दिन दर्जनों महिला पुरुष व बच्चे आवारा बंदर व कुत्तों के काटने पर एंटी रेबीज के इंजेक्शन लगवा रहे हैं। नगर एवं क्षेत्र के लोगों में आवारा कुत्ते व बंदरों का भय बना हुआ है। गुरुवार को गांव असदपुर जिडाना निवासी सादिक का चार वर्षीय पुत्र अरहम अपने घर के बाहर खेल रहा था तभी बंदरों कें झूंड ने जानलेवा हमला बोल दिया और उसे काट कर घायल कर दिया। मासूम की चीख पुकार सुनकर आसपास के लोगों ने डंडे लेकर बंदरों को भगाया परिजनों ने सरकारी अस्पताल में पहुंचकर घायल बच्चे को एंटी रेबीज का इंजेक्शन लगवाया। कस्बा निवासी दिलदार, रतन सिंह, नदीम, राजेश, मोनू, रजनीश, देवेंद्र, आसिफ, अंसार, नाजिम, वसीम, सोनू सहित आदि लोगों ने बताया कि बंदर आए दिन जानलेवा हमला कर रहे हैं और छतों पर चढ़कर भी भारी नुकसान कर रहे हैं। सभी लोगों ने प्रशासनिक अधिकारियों से बंदरों को पकड़वाने की मांग की है।

## एक नजर

### नीलामी प्रक्रिया स्थगित, अब 18 अगस्त को होगी नीलामी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** नगर पंचायत थाना भवन द्वारा गुरुवार को मेला गुगाल ठेका, बिजली ठेका और दुकानों की नीलामी आयोजित की जानी थी, जिसके लिए सुबह से ही नगर पंचायत कार्यालय में बोली लगाने के इच्छुक लोगों की भारी भीड़ जुटने लगी। इच्छुक प्रतिभागियों ने निर्धारित शुल्क जमा कराकर समय का इंतजार करना शुरू कर दिया।नीलामी प्रक्रिया की निगरानी और संपूर्ण कार्रवाई को संपन्न कराने के लिए तहसीलदार शामली, मनोज कुमार भी नगर पंचायत कार्यालय पहुंचे। लेकिन इसी दौरान सूचना मिली कि नगर पंचायत अध्यक्षा मुशायदा बेगम की तबीयत अचानक बिगड़ गई है।अध्यक्ष की अस्वस्थता के कारण नगर पंचायत प्रशासन ने तत्काल निर्णय लेते हुए नीलामी प्रक्रिया को स्थगित कर दिया। अब यह नीलामी आगामी 18 अगस्त को आयोजित की जाएगी। अध्यक्षा की अनुपस्थिति में नीलामी कराना संभव नहीं था, इसलिए प्रक्रिया को टालना पड़ा।नीलामी में भाग लेने आए बोलीदाता इस निर्णय से निराश होकर लौट गए। अधिशासी अधिकारी जितेंद्र राणा ने बताया कि अध्यक्षा महोदय की तबीयत खराब होने की वजह से नीलामी स्थगित की गई है, क्योंकि उनकी अनुपस्थिति में नीलामी प्रक्रिया कराना नियमानुसार संभव नहीं है।इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी जितेंद्र राणा, लिपिक संजय कुमार, कस्बा चौकी इंचार्ज उपनिरीक्षक इंदरसेन, हेड कांस्टेबल अंकुर निर्वाल, पंकज शर्मा, सभासद नीरज गोयल, दिनेश कुमार, महबूब अली, बॉबी अरोड़ा, सभासद पति विनोद कुमार सैनी, सुरेश सैनी, अथर सिद्दीकी, अनिल कुमार समेत अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### प्रतिमाओं का विधि-विधान से प्राण प्रतिष्ठा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** प्राचीन मंदिर भगवान जगन्नाथ, बाला जी धाम मे धार्मिक अनुष्ठानों हवन, पूजन के साथ नर्मदेश्वर शिव भगवान पिण्डी, नन्दी भगवान की प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा की गई विगत सात दिनो से शाकुम्भर सिद्ध पीठ से आए पंडित राहुल शास्त्री, पं. सुमित शास्त्री पं. रामानुज शास्त्री द्वारा धार्मिक अनुष्ठानो के उपरान्त वृहस्पतिवार को हर हर बम बम शंकर भगवान की जय के उद्घोष के बीच ऊं नमः शिवाय का जाप करते हुए प्रतिमाओं की विधी विधान से प्राण प्रतिष्ठा की गई इस अवसर पर पंडित राहुल शास्त्री ने बताया मां नर्मदा नदी के भू गर्भ से अवतरित शिव पिंड़ी की विरोष महत्ता है उन्होने विस्तार से इस पिण्डी की बारे मे बताया इस अवसर पर भण्डारे का आयोजन भी किया गया कार्य क्रम मे मोहित तायल अकुर तायल शोभित तायल गौरी शंकर सुरज तायल विनय तायल मिथिल तायल सचिन गोयल वंश शर्मा नीरज जैन शिवम गोयल आदि के साथ साथ महिलाए भी बड़ी संख्या मे उपस्थित रही।

### पड़ोसी पर मारपीट करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र की नई बस्ती मोहल्ला मुस्तफाबाद निवासी एक व्यक्ति ने पड़ोस के दो भाइयों पर पीड़ित व उसकी पत्नी के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट करने का आरोप लगाकर थाने पर तहरीर दी है पुलिस ने जांच करने के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है। गुरुवार को थाना क्षेत्र के नई बस्ती मोहल्ला मुस्तफाबाद निवासी इमरान ने बताया कि पड़ोसी व्यक्ति व उसका परिवार पीड़ित सहित उसके परिवार से रंजिश रखता है। आरोप है कि गुरुवार की सवेरे पड़ोस के दो भाइयों ने उसकी पत्नी के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट की जब पीड़ित छुड़ाने के लिए आया तो दोनों भाइयों ने पीड़ित को भी लपेट लिया और गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट की और शोर-शराब होने पर मौके से दोनों भाई फरार हो गए। पीड़ित व्यक्ति ने थाने पर पहुंचकर आरोपी दोनों भाइयों के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है पुलिस ने जांच करने के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

### चोरी की बाइक साहित वाहन चोर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**कैराना।** पुलिस ने वाहन चोरों के खिलाफ अभियान चलाकर चोरी की बाइक सहित एक चोर को गिरफ्तार किया है। विदित रहे कि गत 15 जुलाई को मोहल्ला दरबार खुर्द निवासी मुरसलीन पुत्र रियासत की मोटर साईकिल संख्या UP19R7241 मौहल्ला कायस्थवाड़ा से अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ली गई थी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए अज्ञात चोरों की तलाश शुरू कर दी थी।गुरुवार को पुलिस अधीक्षक शामली राम सेवक गौतम के आदेशानुसार चलाए जा रहे संदिग्ध व्यक्ति वाहन चेकिंग अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल पर्यवेक्षण में पुलिस ने वाहन चोर अमित सैनी पुत्र मदन सैनी निवासी मोहल्ला रायजादगान हाल निवासी कुटानी रोड अशोक विहार को चोरी की गई मोटर साईकिल सहित गिरफ्तार करके जेल भेजा है।

### सड़क दुर्घटना के मामले में वांछित ट्रक चालक गिरफ्तार

**शामली।** 5.8.2025 को बीनू पुत्र दयाचन्द निवासी ग्राम सिक्का थाना आदर्शमण्डी जनपद शामली के भाई प्रमोद ई-रिक्शा से ग्राम सिक्का में सड़क पार कर रहे थे तभी ट्रक रजि. नं. UP16MT4604 के चालक द्वारा ट्रक को तेजी व लापरवाही से चलाकर ई-रिक्शा में टक्कर मार दी जिससे प्रमोद पुत्र दयाचन्द की मौके पर ही मृत्यु हो गई थी । घटना के सम्बन्ध में थाना आदर्शमण्डी पर वादी बीनू की तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था। इसी क्रम में 6.8.2025 की रात्रि में पुलिस अधीक्षक शामली राम सेवक गौतम के आदेशानुसार संदिग्ध व्यक्तिध्वाहन चेकिंग व वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए गए अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल पर्यवेक्षण में थाना आदर्शमण्डी पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम सिक्का में हुई सड़क दुर्घटना में वांछित ट्रक चालक को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। अभियुक्त कासिम पुत्र इरशाद निवासी रकाबगंज खुर्द करबला रोड थाना मोह दरवाजा जनपद फर्रुखाबाद है।

# 11 अगस्त को मनाया जाएगा कृमि मुक्ति दिवस, बैठक आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** नगर के सरकारी अस्पताल के सभागार में चिकित्सक प्रभारी ने क्षेत्र की सभी आंगनबाड़ी महिलाओं के साथ समीक्षा बैठक आयोजित करते हुए राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के बारे में जानकारी दी इस दौरान दर्जनों महिला स्वास्थ्य विभाग की टीम मौजूद रही। गुरुवार को नवनियुक्त चिकित्सक प्रभारी वीरेंद्र सिंह ने आंगनबाड़ी महिलाओं के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में उन्होंने आंगनबाड़ी महिलाओं को बताया कि पेट के कीड़ों से छुटकारा पाने के लिए आगामी 11 अगस्त को



राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाया जाएगा।

इस दौरान सभी अपने क्षेत्र में जागरूकता कार्यक्रम चलाएं और बताएं कि 1 साल से लेकर 19 साल के सभी बच्चों, किशोर, किशोरियों को कृमि नियंत्रण की दवाई एल्बेंडाजोल खिलाई जाएगी। इस दौरान सभी स्कूल, आंगनबाड़ी केंद्रों पर निशुल्क दवाई खिलाई जाएगी। इसके अतिरिक्त गैर पंजीकरण और स्कूल न जाने वाले बच्चों को भी दवाई नजदीकी आंगनबाड़ी केंद्रों पर जागरूकता कार्यक्रम चलाकर जरूर खिलाएं। इस दौरान उन्होंने सभी आंगनबाड़ी महिलाओं से समीक्षा करते हुए उनके अभिलेखों की जांच पड़ताल की।औ लापरवाही नहीं बरतने की नसीहत दी चिकित्सक प्रभारी ने कहा कि सभी ईमानदारी के साथ कार्य करें और सरकार की योजनाओं को घर-घर पहुंचने का कार्य करे लापरवाही बरतने पर उचित कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम कार्यक्रम में मौजूद रही।

# कौशल रथ यात्रा का शुभारंभ

**कांधला।** विकास खंड क्षेत्र के गांव किवाना के आर्य वैदिक कन्या इंटर कालेज में रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष केंद्रीय मंत्री चौधरी जयन्त सिंह की प्रेरणा से संचालित कौशल विकास मंत्रालय की ओर से कौशल रथ छात्र-छात्राओं को कम्प्यूटर की बेसिक ट्रेनिग के लिए भेजी गई। कम्प्यूटर से सुसज्जित बस कौशल रथ का शुभारंभ रालोद के सदर विधायक प्रसन्न चौधरी ने पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों और ग्रामवासियों के साथ किया। इस दौरान विधायक प्रसन्न चौधरी ने बच्चों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि रालोद अध्यक्ष ने क्षेत्र के युवाओं की प्रतिभा को निखारने के लिए कनियान गांव में अपनी निधि से लाखों रूपए का स्टेडियम बनवाया है। आज के आधुनिक दौर में छात्र-छात्राओं को कम्प्यूटर का ज्ञान होना जरूरी है। कार्यक्रम का संचालन राजवीर चौहान ने किया। इस दौरान प्रधानाचार्य कमलेश देवी, पंकज प्रधान, सुधीर कुमार, रामकुमार ठेकेदार, नरेशपाल, बृजपाल ठेकेदार ओर ब्रह्मपाल सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।




# चोर-चोर का मचा शोर, दहशत के साए में जी रहे ग्रामीण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** क्षेत्र में चोर-चोर के शोर के बीच ग्रामीणों प्रत्एक रात खौफ के साए में गुजर रही है। रातभर पेहरा लगाकर ग्रामीण अपनी सुरक्षा को मजबूर हैं। हालांकि कैराना कोतवाल ने तीन गांवों में ग्रामीणों से सीधा कांवड़ स्थापित कर अफवाह फैलाने वालों को चेताया था, मगर अभी भी ग्रामीणों में खौफ का माहौल है।

पिछले लगभग पंद्रह दिनों से क्षेत्र में रात के समय ड्रोन उड़ने की अफवाह तेजी के साथ फैली थी। मामले में स्थानीय पुलिस प्रशासन ने अफवाहों को विराम देते हुए कहा था कि ड्रोन के माध्यम से सरकार सीमावर्तीय गांवों की भूमि के मैपिंग का कार्य कर रही है।किसी को भी भयभीत होने की जरूरत नही है। वहीं दूसरी जानिब क्षेत्र में चोर-चोर का शोर मचा हुआ है।

आलम यह है कि ग्रामीण रातभर पेहरा देकर स्वंय अपनी सुरक्षा को मजबूर हैं। ग्रामीणों का अपना तर्क है और कैराना पुलिस का अपना। ग्रामीण कहते हैं कि प्रतिदिन रात के समय अज्ञात लोगों को देखा जाता है, संभवता वो रात में चोरी की नीयत से गांव के आसपास जंगलों में मंडराते हैं, जो मौका मिलते ही चोरी की वारदात को अंजाम देने में जरा भी पीछे नही हटते। उधर कैराना कोतवाली प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद सिंह ने संभ्रांत ग्रामीणों के बीच पहुंचकर चोर -चोर के शोर को कोरी अफवाह बताया था।

साथ ही अफवाह फैलाने वालों को भी सख्त चेतावनी देते हुए कार्रवाई के लिए चेताया था। अब सवाल यह उठता है कि चोर नही तो रातभर ग्रामीण पेहरा लगाकर अपनी रात क्यों काली कर रहे हैं। अफवाह या हकीकत इसके बारे में अभी कुछ नही कहा जा सकता। इतना जरूर है कि ग्रामीण क्षेत्रों में रात नौ बजे के बाद आपको गली चौराहों पर दर्जनों ग्रामीण पेहरा देते नजर आएंगे।

# जिला अस्पताल से बाइक चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**शामली।** जिला अस्पताल में दवा लेने पहुंचे एक मरीज की चोरों ने अस्पताल परिसर से बाइक चोरी कर ली। पीड़ित की सूचना पर थाना आदर्शमंडी पुलिस मौके पर पहुंची और अस्पताल में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के आधार पर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

गुरूवार को कैराना क्षेत्र के गांव तितरवाड़ा निवासी नूरहसन अपने पुत्र परवेज के साथ जिला अस्पताल में दवा लेने के लिए आया था। बताया जाता है कि जिला अस्पताल की पार्किंग में बाइक खड़ी कर वह दवा ले रहा था। इसी दौरान अज्ञात चोरों ने उसकी बाइक चोरी कर ली। दवा लेकर लौटा को बाइक घायब मिली, जिसके बाद उसके होश उड़ गए। पीड़ित ने मामले की सूचना थाना आदर्शमंड़ी पुलिस को दी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच करते हुए चोरों की तलाश शुरू कर दी है। नूरहसन ने बताया कि चोरी की डर से वह बाइक का पलक भी निकालकर साथ ले गया था, लेकिन उसके बावजूद बाइक चोरी कर ली गई।

# विश्व में शांति को108 शिवलिंगों का रुद्राभिषेक कार्यक्रम संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** विश्व शांति की भावना को केंद्र में रखते हुए वृहस्पतिवार को एक दिव्य आयोजन में 108 शिवलिंगों का रुद्राभिषेक विधिवत रूप से संपन्न हुआ। इस अवसर पर सैकड़ों श्रद्धालु, संत जन और विद्वान आचार्य एकत्र हुए। मंत्रोच्चार की मधुर ध्वनि, धूप-दीप की सुगंध और आस्था से ओतप्रोत वातावरण ने पूरे क्षेत्र को शिवमय बना दिया।

इस रुद्राभिषेक में पंचामृत, दूध, शहद, जल और बिल्वपत्र से भगवान शिव का अभिषेक किया गया। आयोजन का उद्देश्य विश्व में फैली अशांति, हिंसा, युद्ध और तनाव को समाप्त कर सर्वत्र शांति, प्रेम और सदभाव फैलाना था। पंडित अविनाश ने बताया कि रुद्राभिषेक एक अत्यंत शक्तिशाली वैदिक अनुष्ठान है, जो पुण्य फल पाने, कालसर्प दोष निवृति, ग्रह क्लेश निवारण, सुख समृद्धि पाने, रोग कष्ट निवृति, व्यापार वृद्धि, वंश वृद्धि विश्वकल्याण एवं सनातन धर्म के प्रचार के लिए किया जाता है।यह नकारात्मक ऊर्जा को समाप्त कर सकारात्मकता फैलाने में सहायक होता है। 108 शिवलिंगों पर रुद्राभिषेक करना शिव तत्त्व की विशेष कृपा प्राप्त करने का श्रेष्ठ माध्यम है।

आचार्य रोहित शांडिल्य, आचार्य अरुण भारद्वाज, आचार्य अरुण आलम्बयन, पंडित राम किशन गौतम ने भी रुद्राभिषेक में सहयोग किया। भक्तों ने बड़ी श्रद्धा से रुद्राभिषेक में भाग लिया। महिलाए पारंपरिक वस्त्र पहनकर आई । वहीं युवाओं ने सेवा और व्यवस्थाओं में योगदान दिया। मंदिर व्यवस्थापक संजय गर्ग ने बताया कि आने वाले समय में ऐसे और भी आध्यात्मिक आयोजन किए जाएंगे जिससे समाज में शांति, सेवा और सहयोग की भावना और अधिक प्रबल हो।व्यवस्था में मंदिर समिति ने भी सहयोग किया साथ ही साथ सुभाष सिंघल, सुरेन्द्र गर्ग, पीयूष गोयल, आशीष गोयल, शिवम् गोयल, अमित मित्तल, अनुज सैनी, सन्नी जिंदल, मयंक जिंदल, पुनीत आदि ने सहयोग किया।

# वेद प्रवचन के साथ वेद प्रचार समारोह संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** गुरुवार को यजशाला में आयोजित वैदिक यज्ञ में मुख्य यज्ञमान सुनिता आर्या व सुन्दर लाल आर्य, शशि आर्या व पवन कुमार आर्य, अंशु चौधरी व मुकेश चौधरी, रोना मलिक व राजेश मलिक रहे। यज्ञ के ब्रह्मा आर्य समाज के पुरोहित आचार्य आदित्य आर्य रहे। बिजनौर से पधारे वैदिक विद्वान् आचार्य विष्णुमित्र वेदार्थी ने कहा कि जो प्रकाशित है वहीं देश राष्ट्र है। सरस्वती का अर्थ वह वाणी जो ज्ञान और विज्ञान से युक्त है वहीं सरस्वती है। जिन महापुरुषों की वाणी श्रोताओं की झोली को ज्ञान और विज्ञान से भरते है वह सरस्वती है, जिनमें, स्वामी श्रद्धानंद सरस्वती, महर्षि दयानंद सरस्वती शामिल है। मनुष्य को विपरीत परिस्थितियों के बीच धैर्य से समाधान और उन्नति का रास्ता निकलना चाहिए। इससे पूर्व आर्य भजनोपदेशक पंडित मोहित शास्त्री ने अपने मधुर भजन व गीतों से श्रद्धालुओं का मार्गदर्शन किया। इस दौरान विनीत आर्य ने भी अपने प्रवचनों से मार्गदर्शन किया।इस अवसर पर रघुवीर सिंह आर्य, नितिन वर्मा, देवेन्द्र आर्य, विजय कौशिक, राजपाल आर्य, राजबहादुर आर्य, ज्ञानेंद्र आर्य, डॉ। योगेन्द्र मालिक,



ऋषिपाल आर्य, चौहल सिंह, पूरण चंद आर्य, विनोद तोमर आर्य, सुभाष धीमान, रामकुमार गुप्ता, दिनेश धीमान, बीरबल आर्य, राजीव धीमान, सुंदर लाल आर्य, गिरधारी गोयल आर्य, मंगलसेन आर्य, मुकेश चौधरी, सुदेश आर्य आदि मौजूद रहे।

# बीएफआई अधिकारी ने मिसबिहेव किया: लवलीना

● **ओलंपिक मेडलिस्ट बॉक्सर बोली: जूम पर मुझसे कहा-सिर नीचे करो जैसा हम कहते हैं वैसा करो**

● **विवाद बढ़ने के बाद कर्नल अरुण मलिक ने कहा- कि मुझे बदनाम किया जा रहा है**



**नई दिल्ली, वार्ता।** टोक्यो ओलिंपिक गेम्स में भारत को ब्रॉन्ज मेडल दिलाने वाली मुक्केबाज लवलीना बोरगोहन ने इंडियन बाक्सिंग एसोसिएशन (बीएफआई) के कार्यकारी निदेशक रिटायर्ड कर्नल अरुण मलिक पर मिसबिहेव के आरोप लगाए हैं। टीओआई के अनुसार, लवलीना ने अपमानजनक और लैंगिक भेदभावपूर्ण व्यवहार करने का आरोप लगाया है। 27 साल की मुक्केबाज ने 2 पेज की लिखित शिकायत की है। इसमें लिखा कि कर्नल मलिक ने 8 जुलाई को टाप्स की जूम मीटिंग में मेरे साथ अपमानजनक और तिरस्कार भरा व्यवहार किया।श इंडियन ओलिंपिक संघ (आईओए) ने इन आरोपों की जांच शुरू कर दी है।

आईओए ने तीन सदस्यीय जांच समिति बनाई है, जिसमें टाप्स के सीईओ नछत्तर सिंह जोहल, टेबल टेनिस खिलाड़ी शरत कमल और एक महिला वकील शामिल हैं। लवलीना बोरगोहन ने टोक्यो ओलिंपिक में भारत को ब्रॉन्ज मेडल दिलाया था। लवलीन ने 2 पेज का शिकायत पत्र खेल मंत्री मनसुख मंडाविया, साई डीजी टाप्स, आईओए और बाक्सिंग फेडेरेशन को भेजी। उन्होंने शिकायत में लिखा कि मीटिंग के बाद मुझे बहुत ठेस पहुंची, मैं दुखी और निराश हो गई। मैं सोचने लगी कि हम महिला खिलाड़ी क्या वाकई सम्मान के लायक समझे जाते हैं। उन्होंने लिखा कि मैं सिर्फ एक एथलीट के रूप में नहीं, बल्कि एक महिला के रूप में यह पत्र लिख रही हूं। जो सालों से देश की उम्मीदें बाक्सिंग रिंग में लेकर चलती रही है। लवलीना ने आगे लिखा कि 8 जुलाई को बीएफआई और टाप्स की मीटिंग में कर्नल मलिक ने मुझसे चिल्लाते हुए कहा-चुप रहो, सिर नीचे रखो और जो कहा जा रहा है वो करो।

उनका यह व्यवहार न केवल अपमानजनक था बल्कि महिलाओं के प्रति भेदभाव और ताकत दिखाने जैसा था। लवल. ीना को 2020 में अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। वे ये पुरस्कार पाने वाली असम की छठवीं प्लेयर हैं। विवाद बढ़ने के बाद कर्नल अरुण मलिक ने कहा कि मुझे बदनाम किया जा रहा है। अरुण ने बताया कि मीटिंग में लवलीना ने 2 डिमांड की थी। पहली-हंगरी में वर्ल्ड चैंपियनशिप की ट्रेनिंग वह हंगरी में वर्ल्ड बाक्सिंग चैंपियनशिप में जाकर ट्रेनिंग करना चाहती थी। उस समय वर्ल्ड चैंपियनशिप की टीम का ऐलान नहीं हुआ था। इस पर मैंने कहा था कि टीम घोषित होने के बाद इस पर आगे की प्रक्रिया शुरू हो सकेगी। इसमें दिक्कत यह है कि आयोजन कमेटी (ब्रिटेन बाक्सिंग एसोसिएशन) ने वीजा के लिए 20 वर्किंग दिन चाहिए। वहां के वीजा के लिए पासपोर्ट जमा करना होगा।

अगर हंगरी के लिए करते हैं, तो फिर ब्रिटेन के वीजा के लिए दिक्कत आ जा सकती है। दूसरी- हंगरी में पर्सनल कोच ले जाना चाहती थी लवलीना ने हंगरी में पर्सनल कोच और फीजियो को ले जाने की बात कही थी। जूम काल में उनकी पर्सनल कोच भी जुड़ी थी। हमने उनको बताया कि सरकार और बीएफआई के नियमानुसार बाक्सिंग में पर्सनल कोच अलाउ नहीं है।

# बीसीसीआई को आरटीआई के दायरे में नहीं लाया जाएगा

● **खेल मंत्रालय ने नेशनल स्पोर्ट्स गवर्नेंस बिल में संशोधन किया, सरकारी फंड लेने वाले फेडरेशन पर नियम लागू**

**नई दिल्ली, वार्ता।** बीसीसीआई अब भी आरटीआई के दायरे में नहीं आएगा। खेल मंत्रालय ने नेशनल स्पोर्ट्स गवर्नेंस बिल में संशोधन किया है। इसके अनुसार, अब केवल उन्हीं खेल संगठनों को इसके दायरे में लाया गया है, जो सरकारी अनुदान और सहायता लेते हैं। बीसीसीआई खेल मंत्रालय से कोई अनुदान नहीं लेता है।

हालांकि विभिन्न संगठन कई बार बीसीसीआई को आरटीआई (सूचना का अधिकार) के दायरे में लाने की मांग करते रहे हैं। खेल मंत्री मनसुख मंडाविया ने लोकसभा में नेशनल स्पोर्ट्स गवर्नेंस बिल, 2025 पेश किया था। इस बिल में खेलों के विकास के लिए नेशनल स्पोर्ट्स गवर्नेंस बाडी, नेशनल स्पोर्ट्स बोर्ड, नेशनल खेल इलेक्शन पैनल और नेशनल स्पोर्ट्स ट्रिब्यूनल बनाने के प्रावधान हैं। संसद में इस बिल को जीपीसी में भेजने की मांग भी उठी है। क्लाज 15 में बदलाव किया गया है पिछले महीने लोकसभा में पेश बिल के क्लाज 15(2) में कहा गया था कि किसी मान्यता प्राप्त खेल संगठन को इस अधिनियम के तहत अपने कार्यों, कर्तव्यों और शक्तियों के प्रयोग के संबंध में सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम, 2005 के तहत एक सार्वजनिक प्राधिकरण माना जाएगा। बदले गए प्रावधान में लिखा है कि सिर्फ वे संस्थाएं आरटीआई के दायरे में आएंगी, जो सरकार से फंड या मदद लेती हैं।

अब सरकारी धन से चलने वाले संगठनों पर ही आरटीआई लागू होगा। इसका मतलब यह हुआ कि बीसीसीआई अब आरटीआई के दायरे में नहीं आएगा। मंत्रालय के एक सूत्र ने बताया कि सरकारी मदद सिर्फ पैसे तक सीमित नहीं है। अगर किसी खेल संगठन को इवेंट कराने के लिए इन्फ्रास्ट्रक्चर या कोई और सुविधा मिलती है, तो उसे भी आरटीआई के तहत लाया जा सकता है।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### ऑस्ट्रेलिया महिला 'ए' टीम ने इंडिया 'ए' को 13 रन से हराया

**मकाय, वार्ता।** अनिका लीरॉइड (नाबाद 50) के बाद एमी एडगर और सियाना जिंजर (दो-दो विकेट) के शानदार प्रदर्शन के दम पर ऑस्ट्रेलिया महिला ए टीम ने गुरुवार को पहले टी-20 मुकाबले में इंडिया ए को 13 रनों से हरा दिया। 138 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंडिया ए की शुरुआत बेहद धीमी रही और उसने चौथे ओवर की पहली गेंद पर शेफाली वर्मा (तीन) का विकेट गंवा दिया। उस समय टीम का स्कोर 13 रन था। इसके बाद धारा गुज्जर (सात), दिनेश वृंदा (पांच) रन बनाकर आउट हुई। 12वें ओवर में उमा छेत्री (31) रन बनाकर चौथे विकेट के रूप में आउट हुई। इसके बाद राघवी बिष्ट और कप्तान राधा ने पारी को संभालने का प्रयास किया।

### नेरोका एफसी और इंडियन नेवी ने खेला गोलरहित ड्रॉ

**इम्फाल, वार्ता।** नेरोका एफसी और इंडियन नेवी एफटी ने 134वें इंडियनऑयल डूरंड कप के ग्रुप एफ में खुमान लम्पक मेन स्टेडियम में कड़े मुकाबले में गोलरहित ड्रॉ खेला और एक-एक अंक अर्जित किया। कई मौकों और आशा. जनक क्षणों के बावजूद, दोनों टीमें इस मैच में निर्णायक मोड़ लेने में नाकाम रहीं, जिसमें मिडफील्ड की लड़ाई और रक्षात्मक संगठन पर जोर था। नेरोका के मुख्य कोच ज्ञान मोयन ने इम्फाल डर्बी से अपनी शुरुआती एकादश में तीन बदलाव किए और 4-2-3-1 की फॉर्मेशन में बदलाव किया। जेटली सोरोखैबम गोलकीपर के रूप में आए, गोटीमायुम मुक्तसना को मिडफ़ील्ड की भूमिका सौंपी गई, और ब्राजीलियाई लुकास दा सिल्वा ने डिफेंस में जगह बनाई।

# भारत दौरे के लिए सैम कोंस्टॉस ऑस्ट्रेलिया 'ए' टीम में

● **ऑस्ट्रेलिया 'ए' टीम सितम्बर में लखनऊ में भारत 'ए' के खिलाफ दो लाल गेंद के चार दिवसीय मैच खेलेगी**

**सिडनी, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया ने अगले महीने होने वाले भारतीय दौरे के लिए सैम कोंस्टॉस, नेथन मैकस्वीनी और ओलिवर पीक को ऑस्ट्रेलिया ए टीम में चुना है।

ऑस्ट्रेलियाई ए टीम सितंबर में लखनऊ में भारत ए के खिलाफ दो लाल गेंद के चार-दिवसीय मैच खेलेगी। चयनकर्ताओं ने ऑस्ट्रेलिया के 2027 की टेस्ट दौरे को ध्यान में रखते हुए कोंस्टॉस, नेथन मैकस्वीनी और ओलिवर पीक को टीम में जगह दी है। इसके अलावा ओपनर कैम्पबेल केल्लावे भी इस टीम में शामिल हैं। हाल ही में श्रीलंका ए के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया ए सीरीज में अच्छा प्रदर्शन करने वाले जेक वेदराल्ड, जेसन सांघा और कर्टिस पैटरसन, मार्कस हैरिस, कैमरन बैनक्राफ्रट और मैट रेनशॉ को टीम में जगह नहीं मिली है। राष्ट्रीय चयनकर्ता ने यह टीम स्पष्ट रूप से युवा खिलाड़ियों को भारतीय परिस्थितियों का अनुभव देने के दीर्घकालिक दृष्टिकोण से चुनी है, क्योंकि ऑस्ट्रेलिया को जनवरी-फरवरी 2027 में पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए भारत का दौरा करना है। तब तक संभावना है कि ऑस्ट्रेलिया की टॉप-6 की संरचना कुछ अलग हो सकती है क्योंकि उस समय तक उस्मान ख्वाजा के खेलने की संभावना नहीं है और स्टीवन स्मिथ भी 2027 में 38 वर्ष के हो जाएंगे। 2023 में भारत में चार टेस्ट में 14 विकेट लेने वाले ऑफ स्पिनर टॉड मर्फी को टीम में शामिल किया गया है, एक अन्य ऑफ स्पिनर कोरे रॉकीचियोली को भी मौका मिला है। बाएं हाथ के स्पिन ऑलराउंडर कूपर कॉनोली भी उपमहाद्वीप में कुछ बहुमूल्य अनुभव प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। इसके अलावा सीम गेंदबाजी ऑलराउंडर ऐरन हार्डी, लियाम स्कॉट और जैक एडवर्ड्स को भी टीम में शामिल किया गया है, जिसमें जैक पहली बार ऑस्ट्रेलिया ए के लिए खेलेंगे। इसके अलावा तेज गेंदबाज लांस मॉरिस और जेवियर बार्टलेट को भी इस दौरे के लिए चुना गया है।

# मैंने ऋषभ पंत से माफी मांगी: क्रिस वोक्स

**जवाब मिला कि फिर से मैदान पर मिलेंगे, भारतीय विकेटकीपर के पैर में फ्रैक्चर हुआ था**



**लंदन, वार्ता।** इंग्लैंड के आलराउंडर क्रिस वोक्स ने ऋषभ पंत से अपनी बातचीत का खुलासा किया है। वोक्स ने द गार्जियन को दिए इंटरव्यू में बताया कि उन्होंने टेस्ट सीरीज के दौरान अपनी गेंद पर पैर के अंगूठे में फ्रैक्चर के लिए ऋषभ पंत से माफी मांगी थी, जिसके बाद वे अपने भारतीय प्रतिद्वंद्वी की उदारता से काफी प्रभावित हुए। वोक्स और पंत दोनों ही सीरीज के दौरान गंभीर चोटों के बावजूद बल्लेबाजी के लिए उतरकर अपनी-अपनी टीमों के लिए साहस के प्रतीक बन गए। जहां पंत ने मैनचेस्टर में अपने पैर के टूटे अंगूठे के बावजूद बल्लेबाजी की तो वहीं वोक्स पांचवें टेस्ट के दौरान कंधे की हड्डी खिसकने के बावजूद क्रीज पर उतरे थे। 23 जुलाई को मैनचेस्टर में पांचवें टेस्ट के पहले दिन 68वें ओवर में पंत चोटिल हो गए। क्रिस वोक्स की यार्कर पर पंत ने रिवर्स स्वीप करने की कोशिश की, लेकिन गेंद उनके बैट से लगकर जूते पर जा लग गई। इसके बाद उन्हें रिटायर हर्ट होना पड़ा। हालांकि, जरूरत पड़ने पर पंत ने लंगड़ाते हुए बल्लेबाजी की और 54 रन की पारी खेली। यह मैच बराबरी पर छूटा था। वोक्स ने कहा कि मैंने देखा कि ऋषभ ने इंस्टाग्राम पर सैल्यूट इमोजी के साथ मेरी एक तस्वीर डाली थी, तो मैंने उन्हें धन्यवाद देते हुए जवाब दिया कि प्यार के लिए शुक्रिया और उम्मीद है कि पैर ठीक होगा। फिर पंत ने मुझे एक वाइस नोट भेजा, जिसमें कहा- उम्मीद है सब ठीक होगा, उबरने के लिए शुभकामनाएं और उम्मीद है कि हम किसी दिन फिर से मैदान पर मिलेंगे।, इसके बाद मैंने मैंने टूटे हुए पैर के लिए उनसे माफी मांगी। गिल ने मुझसे कहा-आपने अविश्वसनीय बहादुरी दिखाई वोक्स ने यह भी कहा कि 5वें टेस्ट में बल्लेबाजी के लिए आने पर भारतीय कप्तान गिल ने उनकी सराहना की थी।

# उत्तर क्षेत्र की कमान गिल को




**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय टेस्ट टीम के कप्तान शुभमन गिल को आगामी दलीप ट्रॉफी 2025-26 के लिए उत्तर क्षेत्र की कमान सौंपी गई। चयनकर्ताओं ने आज शुभमन गिल की अगुवाई में दलीप ट्रॉफी के लिए उत्तर क्षेत्र की 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है।

इस दौरान हुए विचार विमर्श के बाद यह फैसला लिया गया कि अगर भारतीय टीम की सीरीज और दलीप ट्रॉफी मैचों का आपस में टकराव होता है तो शुभमन गिल की जगह शुभमन रोहिता, अर्शदीप सिंहे की जगह गुरनूर बरार तथा हर्षित राणा की जगह अर्जुन ठकराल उत्तर क्षेत्र की ओर से खेलेंगे। दलीप ट्राफी के लिए उत्तर क्षेत्र टीम इस प्रकार है: कि शुभमन गिल (कप्तान), शुभमन खजुरिया, अंकित कुमार (उपकप्तान), आयुष बदौनी, यश ढुल, अंकित कलसी, निशांत सिंधु, साहिल लोतरा, मयंक डागर, युद्धवीर सिंह चरक, अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा, अंशुल काम्बोज,अुकब नबी, कन्हैया वाधवन (विकेटकीपर)।

# टीम इंडिया के प्रदर्शन के कायल हुए गैरी

● **कहा: भारत ने जिस तरह सीरीज में बराबरी की, उसे देखकर रोमांचित हूं**



**नई दिल्ली, वार्ता।** पूर्व दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेटर और भारत की 2011 की विश्व कप विजेता टीम के कोच रहे गैरी कर्स्टन ने क्रिकेट पर ज्यादा सवालों के जवाब तो नहीं दिए, लेकिन इतना जरूर कहा कि जिस तरह भारत ने इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज 2-2 से ड्रा खेली उसे देखकर वह रोमांचित हैं। भारत ने द ओवल में खेले गए पांचवें और अंतिम टेस्ट मैच में इंग्लैंड को छह रनों से हराकर शानदार अंदाज में सीरीज बराबर की। जो रूट और हैरी ब्रुक के शतकों ने इंग्लैंड को ऐतिहासिक लक्ष्य का पीछा करने के कगार पर ला खड़ा किया था, लेकिन पांचवें दिन दबाव में धारदार गेंदबाजी से भारतीय गेंदबाजों ने मैच का रुख पलट दिया। अंतिम दिन की शुरुआत में, इंग्लैंड को चार विकेट शेष रहते केवल 35 रनों की आवश्यकता थी। प्रसिद्ध कृष्णा ने अपनी पहली दो गेंदों पर दो चौके खाये , जिससे भारतीय उम्मीदें कुछ देर के लिए डगमगा गईं। लेकिन मोहम्मद सिराज ने अपनी अदम्य ऊर्जा से, जेमी स्मिथ को एक ऐसी गेंद पर आउट करके मैच का रुख बदल दिया जो देर से सीम करती हुई आई थी, और अगली ही गेंद पर गस एटकिंसन को लगभग आउट कर दिया था। इसके बाद सिराज ने अपने अगले ओवर में जेमी ओवरटन को एलबीडब्ल्यू आउट कर दिया, गेंद लेग स्टंप से थोड़ा छूकर गई थी-रिव्यू पर अंपायर का फैसला बरकरार रहा। प्रसिद्ध जोश टंग की परीक्षा लेने के लिए लौटे, उन्हें लगभग एलबीडब्ल्यू आउट कर ही दिया था, लेकिन रिव्यू ने टंग को कुछ समय के लिए बचाए रखा। हालांकि, कुछ ओवर बाद उन्होंने तेज़ गेंदबाजी करते हुए टंग को आउट कर दिया, जिससे इंग्लैंड के नौ रन पर नौ विकेट गिर गए। जब 11 रन की ज़रूरत थी, तब इंग्लैंड की आखिरी उम्मीद क्रिस वोक्स पर टिकी थी, जो कंधे की चोट के बावजूद बाएं हाथ से बल्लेबाजी करने उतरे और सभी को चौंका दिया। एटकिंसन ने उन्हें बचाने की को. शिश की, यहां तक कि सिराज पर छक्का भी जड़ दिया। लेकिन यह प्रतिरोध ज्यादा देर तक नहीं चला। सिराज ने एटकिंसन के डिफेंस को भेदते हुए यादगार पांच विकेट हासिल किए और भारत को जीत दिलाई। पूर्व भारतीय कोच गैरी कर्स्टन ने वर्तमान कोच गौतम गंभीर और शुभमन गिल की अगुवाई वाली युवा टीम की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि मैं भारतीय क्रिकेट टीम (इंग्लैंड में उनके शानदार प्रदर्शन के लिए) और गौतम गंभीर के लिए भी खुश हूं। मैं उन्हें अच्छी तरह जानता हूं और इंग्लैंड में एक टीम के रूप में उन्होंने जो हासिल किया है उसे देखकर खुश हूं। गैरी कर्स्टन ने भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर के नेतृत्व की सराहना की। कर्स्टन ने कहा कि वह अपने पूर्व छात्र गंभीर और उनकी टीम द्वारा दबाव में हासिल की गई उपलब्धि से 'वास्तव में प्रसन्न' हैं। उन्होंने कहा,''मैं बहुत उत्साहित हूं कि भारत ने सीरीज जीत ली( मेरा मतलब है, सीरीज़ बराबर कर दी। कर्स्टन ने 2011 विश्व कप में भारत को जीत दिलाई थी और उस टीम में गंभीर भी अहम सदस्य थे।

### अंगद चीमा ने तीसरे राउंड में शीर्ष स्थान हासिल किया

**अहमदाबाद, वार्ता।** चंडीगढ़ के अंगद चीमा (69-67-69) ने अहमदाबाद के केंसविले गोल्फ एंड कंट्री क्लब में खेले जा रहे एक करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि वाले कोल इंडिया ओपन के तीसरे राउंड में लगातार तीन अंडर 69 का स्कोर बनाकर बढ़त बना ली। अंगद का कुल स्कोर 11 अंडर 205 है। नोएडा के अमरदीप मलिक (69-65-72) अंतिम राउंड से पहले राउंड में इवन-पार 72 का स्कोर बनाकर कुल 10 अंडर 206 के स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर हैं । चंडीगढ़ के एक अन्य गोल्फर करणदीप कोचर (69-70- 69) ने गुरुवार को 69 का स्कोर बनाकर तीसरा स्थान हासिल किया। पुणे के उदयन माने, जिन्होंने पहले राउंड में 78 का स्कोर बनाकर सप्ताह की शुरुआत की थी, ने लगातार दूसरे दिन 66 का स्कोर बनाकर शानदार वापसी की और लीडरबोर्ड पर बड़ी बढ़त हासिल की।

# विश्वास और समर्थन बदलाव ला सकते हैं: सानिया मिर्जा, पीवी सिंधु

● **भारत ने महिला खेल पोडियम से मुनाफे तक एक कहानी का निर्माण लांच हुई**

**मुंबई, वार्ता।** भारतीय खेलों के इतिहास में यह एक ऐतिहा. सिक क्षण था, जब कैप्री स्पोर्ट्स फाउंडेशन के द स्पोर्ट्स वीमेन हडल में बहुप्रतीक्षित रिपोर्टकि भारत में महिला खेल: पोडियम से मुनाफे तक - एक कहानी का निर्माण' लॉन्च हुई। केपीएमजी स्पोर्ट्स एडवाइजरी के सहयोग से तैयार की गई यह रिपोर्ट, भारत में महिला खेलों के व्यावसायिक पारिस्थितिकी तंत्र में अपनी तरह की पहली गहन पड़ताल है, जिसमें दर्शकों के रुझान, ब्रांड साझेदारी, प्रायोजन डेटा और सामाजिक प्रभाव शामिल हैं। यह विस्तृत शोध कार्य महिला प्रीमियर लीग जैसी लीगों के तेजी से बढ़ते विकास, सोशल मीडिया पर महिला एथलीटों के बढ़ते प्रभाव और विकसित होते प्रशंसक आधार पर प्रकाश डालता है जो अब उतना ही सक्रिय, लिंग-भेद-रहित और वफ़ादार है। खेल जगत की प्रतिभा की पृष्ठभूमि में, बुधवार की एक शानदार शाम को, इस कार्यक्रम ने न केवल भारतीय खेलों में महिलाओं के उत्थान का जश्न मनाया, बल्कि एक ऐसे उद्योग के भविष्य का भी जश्न मनाया जो एक बड़े बदलाव के कगार पर है। सिंधु, सानिर्या , दीपा और अतीका जैसी सितारों की उपस्थिति में, माहौल भावनाओं, गर्व और उद्देश्य से भर गया।

# सिराज को वह सम्मान नहीं मिलता, जो मिलना चाहिए: तेंदुलकर

● **तेंदुलकर ने अविश्वसनीय सिराज की तारीफ की, केएल राहुल के ऑफ स्टंप के आसपास और अपने खेल को सटीक फुटवर्क के साथ कसने की बात कहीं**

**नई दिल्ली, वार्ता।** लीजेंड बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने उन कुछ भारतीय खिलाड़ियों की सराहना की है, जिन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में अहम भूमिका निभाई। यह सीरीज, आखिरी दिन के दिल थाम देने वाले अंत के बाद 2-2 से बराबरी पर खत्म हुई।

तेंदुलकर ने 'अविश्वसनीय' मोहम्मद सिराज की तारीफ की, केएल राहुल के ऑफ स्टंप के आसपास अपने खेल को 'सटीक फुटवर्क' के साथ कसने की बात कही, यशस्वी जायसवाल के दोहरे शतकों, जज्बा और परिपक्वता की चर्चा की और शुभमन गिल के कप्तान के रूप में 'शांत और संयमित' रहने की भी तारीफ की।

इस सीरीज में कई मोड़, जोरदार टकराव और कुछ असाधारण व्यक्तिगत प्रदर्शन हुए, जैसे ऋषभ पंत और क्रिस वोक्स का चोटिल होने के बावजूद बल्लेबाजी करने आना। पंत ने पांच में से चार टेस्ट खेले और दो शतक व तीन अर्द्धशतक लगाए, जिनमें आखिरी पारी उन्होंने दाहिने पैर में फ्रैक्चर के साथ खेली।

उन्होंने 68-42 की औसत और 77-63 की स्ट्राइक रेट से रन बनाए। तेंदुलकर ने रेडिट पर कहा कि जो स्वीप शॉट उन्होंने खेला, उसमें वह गेंद के नीचे आना पसंद करते हैं ताकि उसे ऊंचाई के साथ स्कूप कर सकें। लोग सोचते हैं कि वह गिर गए हैं, लेकिन यह जानबूझकर किया गया है ताकि वह गेंद के नीचे आ सकें। ऐसे शॉट खेलने का राज यही है कि आप गेंद के नीचे आ सकें। यह एक योजना के तहत




गिरना होता है, वह असंतुलित नहीं होते हैं।

यह सब गेंद की लेंथ पर निर्भर करता है। पंत के शॉट खेलने के तरीके और उनमें जो 'पंच' होता है, उसे 'ईश्वर का वरदान' बताते हुए तेंदुलकर ने कहा कि 'कई बार लोग सोचते हैं कि उन्हें यह शॉट नहीं खेलना चाहिए, यह सही समय नहीं है। लेकिन ऋषभ जैसे खिलाड़ी को अकेला छोड़ देना चाहिए। जब वह मैच बचाने की सोच रहे हो, तो उन्हें एक अलग तरीका अपनाना होगा। लेकिन उन्होंने यह समझ लिया है कि पारी को कैसे खेलना है, यह मैच की स्थिति पर निर्भर करता है। इस सीरीज में भारत के दो प्रमुख बल्लेबाज़ गिल और राहुल रहे, जिन्होंने क्रमश: 754 और 532 रन बनाए और मिलकर छह शतक लगाए। तेंदुलकर ने बताया कि दोनों बल्लेबाजों का 'सटीक फ़ुटवर्क' इंग्लैंड की कठिन परिस्थितियों में देखने लायक था। कप्तान के रूप में गिल का रन योग डॉन ब्रैडमैन के 1936 में बनाए गए 810 रनों के बाद दूसरा सबसे अधिक था।

# निशानेबाजी लीग एक ऐतिहासिक क्षण होगा: रोंजन सोढ़ी

● **लीग प्रारूप एक ऐसी चीज है जिस पर हम लंबे समय से चर्चा कर रहे थे: सोढ़ी**

**नई दिल्ली, वार्ता।** पूर्व विश्व नंबर एक और ओलंपियन रोंजन सोढ़ी भारतीय निशानेबा. जी लीग का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं और उन्होंने इसे खेल के लिए एक ऐतिहासिक क्षण बताया है। भारत के सबसे प्रतिष्ठित ट्रैप निशानेबाजों में से एक, सोढ़ी ने कहा कि 'लीग प्रारूप एक ऐसी चीज है जिस पर हम लंबे समय से चर्चा कर रहे थे। भारतीय निशानेबाजी में अब जिस तरह की गहराई है, उसे देखते हुए यह सही कदम है। उन्होंने आगे कहा कि 'यह प्रशंसकों के लिए रोमांचक, युवा निशानेबाजों के लिए बेहतरीन और खेल के लिए बेहद जरूरी होगा। सोढ़ी ने आगे कहा कि इस लीग में भारतीय निशानेबा. जी को बदलने की क्षमता है।

अब यह केवल पदकों के बारे में नहीं है। यह एक संस्कृति के निर्माण के बारे में है। सोढ़ी का मानना है कि युवा घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाज प्रतिभाओं के लिए एक बेहतरीन मंच होने के अलावा, यह लीग खेल की लोकप्रियता को भी बढ़ाएगी। उन्होंने कहा कि आप उस खेल से प्यार नहीं कर सकते जिसे आप देखते नहीं। बच्चों को प्रेरित होने के लिए उस खेल को देखना जरूरी है।

# कुदरत की चेतावनी

उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में आई आपदा हिमालय में अस्थिरता के स्थाई खतरे की याद दिलाती है। मूसलाधार बारिश के कारण खीर गंगा नदी में पानी, मलबा और कीचड़ का एक बड़ा ढेर आने से कम से कम चार लोगों की मौत हो गई और कम से कम 60 लोगों के बह जाने की आशंका है। बाढ़ ने समुद्र तल से 8,600 फीट ऊपर बसे धराली कस्बे के होटलों और रिहायशी इमारतों को अपनी चपेट में ले लिया। स्थानीय निवासियों द्वारा रिकॉर्ड किए गए वीडियो फुटेज में पानी की विशाल लहरें इलाके से गुजरती हुई दिखाई दे रही हैं, जो लोगों और घरों को अपनी चपेट में ले रही हैं। प्रारंभिक रिपोर्टों के अनुसार, कई भारतीय सैन्यकर्मियों के भी मारे जाने की आशंका है।

इस आपदा का अनुमानित कारण 3 से 5 अगस्त तक हुई अत्यधिक भारी वर्षा है, जिसमें उत्तर भारत में मानसून और उसके सक्रिय चरण के कारण जिले के कुछ हिस्सों में एक ही दिन में लगभग 30 सेंटीमीटर बारिश दर्ज की गई। शहर में आए पानी के प्रकोप और मात्रा से ऐसा लग रहा था कि यह एक अचानक हुई घटना थी, जिसके कारण राज्य के अधिकारियों ने इसे बादल फटना की श्रेणी में डाल दिया। हालांकि, आधिकारिक पूर्वानुमानकर्ता, भारतीय मौसम विज्ञान विभाग आईएमडी इसे जिस तरह परिभाषित करता है, उसमें इसका एक बहुत ही विशिष्ट अर्थ है। 10 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में एक घंटे में कम से कम 10 सेंटीमीटर की भारी बारिश आमतौर पर बादल फटने की श्रेणी में आती है। इन ऊंचाइयों पर मौसम रडार की कमी का मतलब है कि आईएमडी ऐसी गणना करने में असमर्थ है। इसलिए, यह बहुत संभव है कि पिछले 48 घंटों से लगातार हो रही भारी बारिश ने मिट्टी को ढीला कर दिया हो और ऊबड़-खाबड़, ऊबड़-खाबड़ इलाके के साथ मिलकर, भारी मात्रा में पानी के साथ बड़ी मात्रा में गाद बहा दी हो। यह एक आकस्मिक घटना थी या धीरे-धीरे बढ़ती घटनाओं का परिणाम, यह केवल अकादमिक रूचि का विषय लग सकता है, क्योंकि इससे जान, आजीविका और संपत्ति का नुकसान हुआ है। इसे बादल फटने के रूप में वर्गीकृत करने से राज्य के अधिकारी खुद को असहाय बता देते हैं। एक बार जब इसे एक अजीबोगरीब घटना के रूप में पेश किया जाता है, तो यह घटना केवल प्रार्थनाओं और गहरी उदासी के रूप में सार्वजनिक अधिकारियों की ओर से सोशल मीडिया पर सहानुभूति और पूर्व-निर्धारित सांकेतिक राशि के वितरण के रूप में ही सामने आती है। हाल के अतीत से पता चलता है कि यह कुछ भी असामान्य नहीं हैं। जलवायु परिवर्तन ने अत्यधिक वर्षा की घटनाओं की संभावना को बढ़ा दिया है और इसलिए, पहाड़ों में शुरू की गई कई बुनियादी ढांचा परियोजनाएं और परिणामस्वरूप मलबा ऐसी वर्षा से उत्पन्न होने वाले गुप्त विस्फोटकों की तरह काम करते हैं। राहत कार्यों के बाद, राज्य सरकार को-जैसे ही परिस्थितियां अनुकूल हों-जलवायु परिवर्तन से अपरिहार्य क्षति को कम करने के लिए राज्य में महत्वपूर्ण बिंदुओं पर मलबे और गाद के संचय की समीक्षा करनी चाहिए।

## डोनाल्ड ट्रम्प का विश्वासघाती कदम



ब्राजील की तरह ही भारत पर भी कुल मिलाकर 50 प्रतिशत का भारी भरकम टैरिफ लगाकर अमेरिका ने भारत को जो आघात पहुंचाने का प्रयास किया है, उसे भारत सरकार ने अपने संयमित बयान में अनुचित, अन्यायपूर्ण व अविवेकी बताया है, किन्तु देश की जनता डोनाल्ड ट्रम्प का मित्र देश भारत के प्रति इसे प्रथम दृष्टया विश्वासघाती एवं देश को कमजोर करने वाला कदम ज्यादा मानती है, इस बड़ी चुनौती पर गंभीर चिन्तन के लिए सम्बंधित विषय पर वर्तमान संसद सत्र में चर्चा हो, तो यह जन व देशहित में बेहतर होगा, किन्तु केन्द्र व राज्य सरकारें अगर आन्तरिक संकीर्ण मुद्दों में ही अधिकतर उलझी रहेंगी, तो यह कैसे संभव हो पाएगा।

**-सुश्री मायावती, अध्यक्ष, बसपा**

# पैरोल और फरलो: कानून है या विशेषाधिकार






**रजनीश कपूर**

**राम रहीम की बार-बार रिहाई ने कानूनी व्यवस्था की विश्वसनीयता पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति ( एसजीपीसी ) ने उनकी लगातार रिहाइयों के खिलाफ पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी, लेकिन कोर्ट ने इसे खारिज कर दिया, यह कहते हुए कि रिहाई का निर्णय कानूनी ढांचे के भीतर लिया गया है, लेकिन यह तर्क उस आम धारणा को कमजोर करता है कि कानून सबके लिए समान है। पत्रकार रामचंद्र छत्रपति के बेटे अंशुल छत्रपति ने इसे कानून का मजाक करार दिया है, यह कहते हुए कि अगर कोई कैदी हर साल नब्बे दिन जेल से बाहर रह सकता है, तो सजा का क्या अर्थ रह जाता है?**

भारत में कानून की समानता का सिद्धांत संविधान का एक आधारभूत तत्व है। संविधान का अनुच्छेद 14 स्पष्ट रूप से कहता है कि कानून के समक्ष सभी समान हैं, लेकिन जब हम समाज के प्रभावशाली और ताकतवर लोगों के व्यवहार को देखते हैं, तो यह सिद्धांत कई बार मजाक बनकर रह जाता है। डेरा सच्चा सौदा के प्रमुख गुरमीत राम रहीम का मामला इसका जीवंत उदाहरण है, जहां बार-बार दी जाने वाली पैरोल और फरलो ने न केवल कानूनी व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं, बल्कि आम जनता के विश्वास को भी हिलाकर रख दिया है।

गुरमीत राम रहीम, जिन्हें 2017 में दो साध्वियों के साथ बलात्कार के मामले में 20 साल की सजा सुनाई गई थी। बाद में पत्रकार रामचंद्र छत्रपति और डेरा के पूर्व प्रबंधक रंजीत सिंह की हत्या के लिए आजीवन कारावास की सजा मिली थी। पिछले कुछ वर्षों में यह बार-बार जेल से बाहर निकले हैं। 2020 से 2025 तक, उन्हें कम से कम 14 बार पैरोल या फरलो दी गई है, जिसमें कुल मिलाकर 326 दिन जेल के बाहर बिताए गए हैं। हाल ही में, अगस्त 2025 में, उन्हें 40 दिन की पैरोल दी गई, जो उनकी सजा के सात साल के भीतर उनकी तीसरी रिहाई थी। यह पैटर्न न केवल कानूनी प्रक्रिया पर सवाल उठाता है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि कैसे प्रभावशाली लोग अपने रसूख का इस्तेमाल कर कानून को अपने पक्ष में मोड़ लेते हैं।

पैरोल और फरलो का प्रावधान हरियाणा गुड कंडक्ट प्रिजनर्स ( टेम्परेरी रिलीज ) एक्ट, 2022 के तहत किया गया है। इस कानून के अनुसार, एक साल की सजा पूरी करने के बाद कोई भी कैदी प्रति वर्ष 10 सप्ताह की पैरोल और 21 दिन की फरलो का हकदार है। फरलो को कैदी का अधिकार माना जाता है, जो सामाजिक और पारिवारिक संबंध बनाए रखने के लिए दी जाती है, जबकि पैरोल के लिए विशिष्ट कारणों की आवश्यकता होती है, लेकिन राम रहीम के मामले में, ये रिहाइयां अक्सर बिना किसी ठोस कारण के दी गई हैं। राम रहीम का डेरा सच्चा सौदा हरियाणा, पंजाब, राजस्थान और दिल्ली जैसे राज्यों में लाखों अनुयायियों के साथ एक प्रभावशाली संगठन है। अनुमान के अनुसार, डेरे के 90-95 लाख अनुयाई हैं, जो किसी भी राजनीतिक दल के लिए एक बड़ा वोट बैंक हो सकते हैं। 2022 में पंजाब विधानसभा चुनाव, 2023 में राजस्थान विधानसभा चुनाव और 2024 में हरियाणा विधानसभा चुनाव से पहले उनकी रिहाई ने राजनीतिक प्रभाव की आशंकाओं को बल दिया है। यह सवाल उठता है कि क्या यह रिहाइयां कानूनी प्रक्रिया का हिस्सा हैं या राजनी. तिक लाभ के लिए सुनियोजित कदम?

हरियाणा के जेल मंत्री रंजीत सिंह चौटाला और अन्य नेताओं ने दावा किया है कि राम रहीम को दी गई रिहाइयां कानून के दायरे में हैं और अन्य कैदियों को भी ऐसी सुविधाएं दी जाती हैं। लेकिन 2023 के सरकारी आंकड़ों के अनुसार, हरियाणा की जेलों में 5,832 कैदियों में से केवल 2,801 को ही अस्थाई रिहाई मिली थी। यह सवाल उठता है कि क्या सभी कैदियों को इतनी बार और इतने लंबे समय के लिए रिहाई दी जाती है, जितनी राम रहीम को दी गई है?

राम रहीम की बार-बार रिहाई ने कानूनी व्यवस्था की विश्वसनीयता पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति (एसजीपीसी) ने उनकी लगातार रिहाइयों के खिलाफ पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी, लेकिन कोर्ट ने इसे खारिज कर दिया, यह कहते हुए कि रिहाई का निर्णय कानूनी ढांचे के भीतर लिया गया है, लेकिन यह तर्क उस आम धारणा को कमजोर करता है कि कानून सबके लिए समान है। पत्रकार रामचंद्र छत्रपति के बेटे अंशुल छत्रपति ने इसे कानून का मजाक करार दिया है, यह कहते हुए कि अगर कोई कैदी हर साल 90 दिन जेल से बाहर रह सकता है, तो सजा का क्या अर्थ रह जाता है?

राम रहीम की रिहाइयों का प्रभाव केवल कानूनी नहीं, बल्कि सामाजिक और नैतिक भी है। उनकी सजा के बाद 2017 में हरियाणा और पंजाब में हुई हिंसा में 40 लोगों की मौत हुई थी और करोड़ों की संपत्ति का नुकसान हुआ था। ऐसे व्यक्ति को बार-बार रिहा करना न केवल पीड़ितों के परिवारों के लिए अपमानजनक है, बल्कि उन गवाहों के लिए भी खतरा पैदा करता है जो अभी भी उनके खिलाफ चल रहे मामलों में गवाही दे रहे हैं। उदाहरण के लिए, सिरसा आश्रम में नपुंसकता के मामले में अभी भी मुकदमा चल रहा है और उनकी मौजूदगी गवाहों पर दबाव डाल सकती है।

राम रहीम का मामला यह दर्शाता है कि कैसे प्रभावशाली लोग अपनी पहुंच और रसूख का इस्तेमाल कर कानूनी प्रणाली को अपने पक्ष में कर सकते हैं। यह केवल एक व्यक्ति की कहानी नहीं है, बल्कि एक ऐसी व्यवस्था की कमजोरी को उजागर करता है जहां सत्ता और प्रभाव कानून के ऊपर हावी हो जाते हैं। पैरोल और फरलो जैसे प्रावधानों का उद्देश्य कैदियों के पुनर्वास और सामाजिक एकीकरण को बढ़ावा देना है, लेकिन जब इनका दुरुपयोग विशिष्ट लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए किया जाता है, तो यह पूरी प्रणाली की विश्वसनीयता को कमजोर करता है।

इस समस्या का समाधान करने के लिए, पैरोल और फरलो के नियमों में पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ाने की आवश्यकता है। रिहाई के लिए ठोस और उचित कारणों को अनिवार्य करना चाहिए और निर्णय प्रक्रिया को स्वतंत्र निगरानी के अधीन रखा जाना चाहिए। साथ ही, राजनीतिक प्रभाव को कम करने के लिए, चुनाव के समय में ऐसी रिहाइयों पर रोक लगाने जैसे उपाय किए जा सकते हैं। समय की मांग है कि हमारी कानूनी व्यवस्था इस तरह के दुरुपयोग को रोकने के लिए कठोर कदम उठाए, ताकि कानून की गरिमा और विश्वसनीयता बरकरार रहे।

( ये लेखक के निजी विचार हैं)

# इतिहास, विरासत व सौंदर्य का संगम है ओरछा



मध्य प्रदेश के टीकमगढ़ जिले में स्थित ओरछा एक ऐसा ऐतिहासिक नगर है, जो समय के साथ भी अपनी भव्यता, संस्कृति और धार्मिक आस्था को आज तक संजोए हुए है। बेतवा नदी के किनारे बसा यह नगर न केवल स्थापत्य और इतिहास के प्रेमियों के लिए आकर्षण का केंद्र है, बल्कि यह एक शांत, दिव्य और आत्मिक अनुभव भी प्रदान करता है।

**ओरछा का ऐतिहासिक परिचय**

ओरछा की स्थापना राजा रूद्र प्रताप सिंह ने 16वीं शताब्दी की शुरुआत में की थी। यह नगर बुंदेला राजवंश की राजधानी रहा है। ओरछा का नाम संस्कृत शब्द उद्योतका से निकला माना जाता है, जिसका अर्थ होता है छोटा सा प्रकाश। हालांकि आज यह स्थान भव्य महलों, मंदिरों और स्मारकों की रोशनी से जगमगाता है।

**ओरछा के प्रमुख दर्शनीय स्थल**

**राजा महल**- यह महल बुंदेला शासकों का मुख्य निवास स्थान था। इसकी दीवारों और छतों पर की गई चित्रकारी आज भी पूरी तरह सुरक्षित है। यहां की आंतरिक सजावट भगवान राम, कृष्ण और अन्य देवी-देवताओं की कहानियों को चित्रों के माध्यम से जीवंत करती है।

**जहांगीर महल**- यह महल मुगल सम्राट जहांगीर के स्वागत के लिए राजा बीर सिंह देव द्वारा बनवाया गया था। इसकी स्थापत्य कला में मुगल और राजपूत शैली का सुंदर मिश्रण देखने को मिलता है। महल की ऊंचाई से ओरछा और बेतवा नदी का दृश्य अत्यंत मनोहारी लगता है।

**राम राजा मंदिर**- यह भारत का एकमात्र ऐसा मंदिर है जहां भगवान राम को राजा के रूप में पूजा जाता है। यह मंदिर वास्तव में एक महल था, जिसे रानी गणेशा ने मंदिर के रूप में परिवर्तित कर दिया था। यहां का प्रहरी बदलने की प्रक्रिया व सैन्य सम्मान, मंदिर को और भी खास बनाता है।

**चतुर्भुज मंदिर**- यह मंदिर एक ऊंचे चबूतरे पर स्थित है, और इसकी वास्तुकला अत्यंत भव्य है। इसका निर्माण रानी गणेशा ने भगवान राम के लिए करवाया था, लेकिन राम जी की मूर्ति बाद में राम राजा मंदिर में स्थापित हो गई।

**लक्ष्मीनारायण मंदिर**- इस मंदिर में धार्मिक और युद्ध संबंधी दृश्य चित्रित हैं। यह मंदिर कला प्रेमियों के लिए एक स्वर्ग के समान है।

**ओरछा के छतरी**- बेतवा नदी के किनारे स्थित यह स्मारक बुंदेला राजाओं की याद में बनाए गए थे। यह शांत और मनमोहक स्थल सूर्यास्त के समय विशेष रूप से सुंदर प्रतीत होता है।

**साहसिक पर्यटन और प्रकृति**

ओरछा में रिवर राफ्टिंग का भी आनंद लिया जा सकता है, विशेषकर मानसून और उसके बाद के महीनों में।

आसपास का जंगल और नदी का किनारा ट्रैकिंग, बर्ड वॉचिंग और फोटोग्राफी के लिए बेहतरीन है।

## अगस्त में केरल की इन हसीन जगहों को करें एक्सप्लोर

जब भी दक्षिण भारतीय राज्यों में घूमने की बात होती है, तो लोग सबसे पहले केरल का नाम लेते हैं। अरब सागर के तट पर स्थित केरल एक बेहद खूबसूरत राज्य है। जहां पर हर दिन हजारों पर्यटक घूमने के लिए पहुंचते हैं। केरल में कपल्स को हिल स्टेशन्स से लेकर समुद्री इलाके सबसे आकर्षिक करते हैं। इसलिए हर महीने दर्जन से भी अधिक कपल्स केरल रोमांटिक वेकेशन पर जाते हैं। अगस्त के महीने में केरल की सबसे खूबसूरत और रोमांटिक जगह घूमने की बात की जाती है, तो कई कपल्स सबसे पहले अल्लेप्पी पहुंचते हैं। यह जगह अपनी खूबसूरती और मेहमान नवाजी के कारण केरल के टॉप हनीमून डेस्टिनेशन माना जाता है। वैसे केरल का मुन्नार तो हर कोई घूमने जाता है, लेकिन अगर आप किसी भीड़-भाड़ से दूर शांत और खूबसूरत हिल स्टेशन को एक्सप्लोर करना चाहते हैं। तो आपको वायनाड को जरूर एक्सप्लोर करना चाहिए।

# अंतरिक्ष में अब लंबी छलांग की तैयारी में है भारत



**डा. चंद्रप्रकाश शर्मा**

विश्व मंगल की कामना से भारत के ऋषियों ने ऊं द्यौ शांति अंतरिक्षं शांति का उद्घोष किया क्योंकि विश्व के हर मानव की आकांक्षा है- शांति। शांति की खोज में मानव पहाड़ों, जंगलों आदि का भ्रमण करता है और उसकी खोज धन व संसारादि में करता है क्योंकि मानव जीवन का अन्तिम लक्ष्य है, शांति और आनन्द, क्योंकि जहां शांति है वहां सुमित है, जहां सुमति है वहां सम्पन्नता है, जहां सम्पन्नता है वहां विकास की अपरिमित सम्भावनाएं हैं।

इसके विपरीत जहां अशांति है वहां कुमति है, जहां कुमति है वहां कलह और विपन्नता है और जहां कलह और विपन्नता है वहां विकास की संभावनाएं नगण्य हैं। यह सिद्धांत व्यक्ति, परिवार, समाज, देश और विश्व सभी पर समान रूप से लागू होता है। शांति हेतु शक्ति जागरण, शक्ति संपन्न होना और शक्ति संतुलन आवश्यक है। भारत सर्व मंगल मांगल्ए की भावना से अंतरिक्ष में खोजों हेतु सतत प्रयत्नशील है क्योंकि अंतरिक्ष क्या है? अंतरिक्ष में व्याप्त आकाशीय पिंड किससे बने हैं? उनकी प्रकृति, संरचना, वातावरण कैसा है? उस पर जीवन और मानव-जीवन की संभावनाएं क्या है? आदि अनेक प्रश्न मानव-मन को उद्वेलित कर, जानने की उत्सुकता पैदा करते हैं।

इस हेतु विश्व की अनेक महान शक्तियों के साथ भारत ने भी अंतरिक्ष मिशन की शुरुआत की है और भारत अंतरिक्ष में लंबी छलांग लगाने की तैयारी में जुटा है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने अपनी लगन, मेहनत और तकनीकी क्षमताओं के बल पर अंतरिक्ष में अपनी स्थिति को मजबूत बनाने के लिए कई महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित कर योजनाएं बनाई है जिनमें गगनयान मिशन, भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन की स्थापना, चंद्रयान-4, मंगलयान-2, शुक्रयान मिशन आदि उल्लेखनीय महत्वाकांक्षी मिशन शामिल हैं।



गगनयान मिशन भारत का पहला मानव युक्त अंतरिक्ष मिशन है । इसमें भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरिक्ष में भेजना और उनकी सकुशल वापसी सुनिश्चित करना प्रमुख है। इसके अंतर्गत तीन भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को 2028 तक अंतरिक्ष में भेजा जाएगा। इस मिशन की कामयाबी से भारत को अंतरिक्ष कार्यक्रमों में मजबूती मिलेगी। साथ ही अंतर्राष्ट्रीय सहयोग में वृद्धि होगी। इसरो की 2035 तक अंतरिक्ष स्टेशन स्थापित करने की महत्वाकांक्षी योजना भी है। इसका मुख्य उद्देश्य अंतरिक्ष में वैज्ञानिक प्रयोग, पृथ्वी की निगरानी और गहन अंतरिक्ष अनुसंधान को बढ़ावा देना है जिससे भारत की अंतरिक्ष में स्वायत्तता और आत्मनिर्भरता बढ़ेगी और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत दूसरे देशों को अंतरिक्ष अनुसंधान में सहयोग करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकेगा। साथ ही भारत तकनीकी मामलों में आत्मनिर्भर होगा। 2023 में चंद्रयान-3 की सफलता के बाद भारत चंद्रमा के दक्षिणी हिस्से में पहुंचने वाला विश्व का पहला देश बनकर एक नया इतिहास रचने में सफल हुआ है । इस सफलता से उत्साहित होकर इसरो ने चंद्रयान-4 की तैयारी प्रारंभ कर दी है जो चंद्रमा की सतह पर और अधिक गहन अध्ययन करेगा और इसमें उन्नत रोवर और प्रौद्योगिकी का प्रयोग किया जाएगा जिससे भारत की चंद्रमा पर उपस्थित मजबूत होगी क्योंकि भारत का लक्ष्य चंद्रमा पर अपने यात्री को उतार कर तिरंगा फहराना है।

भारत ने 2014 में मंगलयान को मंगल ग्रह की कक्षा में प्रवेश कराकर मंगल ग्रह के वातावरण,सतह और जलवायु का महत्वपूर्ण डाटा एकत्र किया है। इस सफलता के बाद इसरो ने मंगलयान-2 मिशन की तैयारी प्रारंभ कर दी है । इस मिशन का उद्देश्य मंगल की सतह पर एक लैंडर और रोवर को सफलतापूर्वक उतार कर मंगल ग्रह के बारे में सघन अध्ययन करना है ताकि आने वाले दशकों में मानव मिशन को साकार रूप दिया जा सके। इसके साथ ही 2028 में शुक्रयान मिशन इसरो का शुक्र ग्रह पर पहला मिशन है जिसका उद्देश्य शुक्र ग्रह के वातावरण, भू संरचना और सतह का अध्ययन करना है।

इस मिशन से शुक्र ग्रह के रहस्यों का पर्दाफाश होगा। इन मिशनों की सफलता हेतु इसरो सतत अपनी जोरदार तैयारी और प्रौद्योगिकी विकास में संलग्न है।इस हेतु एक्सिओम मिशन-4 के अंतर्गत भारतीय अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला की अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन की 18 दिन की यात्रा के दौरान किए गए वैज्ञानिक प्रयोग और उनके अनुभव भारतीय अंतरिक्ष मिशनों की सफलता में मील के पत्थर सिद्ध होंगे। शुभांशु शुक्ला की यह यात्रा भारत के गगनयान मिशन के लिए प्रशिक्षण की भांति है क्योंकि उन्होंने अंतरिक्ष में रहने, काम करने और आपात स्थिति से निपटाने का अनुभव प्राप्त किया है जो गगनयान टीम के लिए उपयोगी सिद्ध होगा। शुभांशु शुक्ला द्वारा इसरो द्वारा डिजाइन किए गए प्रयोग भारत के भविष्य के अंतरिक्ष मिशन के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण हैं क्योंकि अंतरिक्ष की माइक्रो ग्रेविटी में मांसपेशियां और हड्डियां कमजोर हो जाती है।

शुभांशु शुक्ला ने बिना गुरुत्वाकर्षण में मांसपेशियां कैसे कमजोर होती हैं और इसे रोकने के उपायों की खोज की क्योंकि अंतरिक्ष यात्रियों को सबसे ज्यादा मांसपेशियों और हड्डियों की कमजोरी से जूझना पड़ता है । साथ ही इससे पृथ्वी पर आस्टोपोरोसिस जैसे रोग की चिकित्सा में सहायता मिलेगी। इसके साथ ही शुभांशु ने माइक्रो जीव टार्डिग्रेड्स का अध्ययन किया क्योंकि अंतरिक्ष में जिंदा रहने वाले जीवो में टार्डीग्रेड, तिलचट्टा, नेमटोड़ वर्म, ब्राइन श्रिम्प और फूट फ्लाइज शामिल है जो अंतरिक्ष की विषम परिस्थितियों-रेडिएशन, वैक्यूम और न्यूनतम व उच्चतम तापमान में भी जीवित रह सकते हैं। इनमें टार्डीग्रेड सबसे टफ जीवों में एक है जो उबलते पानी, जमने वाली ठंड, रेडिएशन और वैक्यूम में भी जिंदा रह सकते हैं। उन्होंने देखा कि यह अंतरिक्ष में कैसे जीवित रहते हैं जो भविष्य के लंबे मिशन-मंगल मिशन के लिए उपयोगी सिद्ध हो सकते हैं।

( ये लेखक के निजी विचार हैं)


# पुतिन साल के आखिर में आएंगे भारत

## राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल ने की पुष्टि, यूक्रेन वॉर के बाद होगा पहला दौरा

**मास्को/नई दिल्ली।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन इस साल के आखिरी हफ्ते में भारत दौरे पर आ सकते हैं। रूसी न्यूज एजेंसी तास के मुताबिक, यह जानकारी भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने दी है। डोभाल ने रूसी रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगु से मुलाकात में कहा कि अब हमारे बहुत अच्छे रिश्ते बन गए हैं, जिनकी हम कदर करते हैं। हमारे देशों के बीच एक मजबूत साझेदारी है और हम हाई लेवल पर बात. चीत करते हैं।

भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल बुधवार को रूस पहुंचे। उनकी राष्ट्रपति पुतिन के साथ भी मुलाकात हो सकती है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद डोभाल की यह पहली मास्को यात्रा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की तरफ से रूस के साथ भारत के संबंधों पर की गई टिप्पणियों की वजह से ये यात्रा काफी अहम मानी जा रही है। 2021 में पुतिन महज कुछ घंटे के लिए भारत आए थे, उन्होंने नई दिल्ली में पीएम मोदी से मुलाकात की थी। आखिरी बार 2021 में भारत आए थे पुतिन राष्ट्रपति पुतिन ने 06 दिसम्बर 2021 को भारत की यात्रा की थी। तब वे सिर्फ 4 घंटे के लिए भारत आए थे। इस दौरान भारत और रूस के बीच 28 समझौते पर दस्तखत हुए थे। इसमें मिलिट्री और तकनीकी समझौते शामिल थे। दोनों देशों ने 2025 तक 30 अरब डालर (2 लाख 53 हजार करोड़ रुपये) सालाना ट्रेड का टारगेट रखा था। फरवरी 2022 में यूक्रेन वार शुरू होने के बाद यह पुतिन की पहली भारत यात्रा होगी। इस विजिट से दोनों देशों के बीच 2030 के लिए नए आर्थिक रोडमैप को आगे बढ़ाने की उम्मीद है। भारत और रूस अपने बाइलैटरल ट्रेड को दोगुना करके सालाना 100 अरब डालर से ज्यादा करने पर सहमत हुए हैं। फिलहाल दोनों देशों के बीच करीब 60 अरब डालर का द्विपक्षीय व्यापार है। पीएम मोदी ने साल 2024 में दो बार रूस की यात्रा की थी। वे ब्रिक्स समिट के लिए 22 अक्टूबर को रूस गए थे। इससे पहले जुलाई में भी मोदी ने दो दिन का रूस दौरा किया था। तब उन्होंने पुतिन को भारत आने का न्योता दिया था। रूस ने पिछले साल 9 जुलाई को मास्को में पीएम नरेंद्र मोदी को देश का सर्वोच्च सम्मान 'आर्डर ऑफ सेंट एंड्रयू द एपोस्टल' दिया था। राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने खुद उन्हें सम्मानित किया। अरेस्ट वारंट जारी होने के बाद दूसरे देशों की यात्रा से बच रहे पुतिन मार्च 2023 में आईसीसी ने पुतिन के खिलाफ अरेस्ट वारंट जारी किया था। कोर्ट ने यूक्रेन में बच्चों के अपहरण और डिपोर्टेशन के आरोपों के आधार पर पुतिन को वार क्राइम्स के लिए जिम्मेदार माना था। यह पहला मौका था जब आईसीसी ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) के किसी स्थाई सदस्य देश के टाप लीडर के खिलाफ अरेस्ट वारंट जारी किया था।

अमेरिका, रूस, चीन, ब्रिटेन और फ्रांस यूएनएससी के स्थाई सदस्य हैं। इसके बाद से पुतिन दूसरे देशों की यात्राएं करने से बचते रहे हैं। वह पिछले साल जी-20 समिट में शामिल होने भारत नहीं आए थे। उनकी जगह विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव कार्यक्रम में शामिल हुए थे। इस साल के आखिर में ब्राजील में होने वाली ळ20 समिट में भी पुतिन संभवत: हिस्सा नहीं लेंगे। भारत, चीन के बाद रूसी तेल का सबसे बड़ा खरीदार है। यूक्रेन युद्ध से पहले भारत रूस से सिर्फ 0.2 प्रतिशत (68 हजार बैरल प्रतिदिन) तेल इम्पोर्ट करता था। मई 2023 तक यह बढ़कर 45 प्रतिशत (20 लाख बैरल प्रतिदिन) हो गया, जबकि 2025 में जनवरी से जुलाई तक भारत हर दिन रूस से 17.8 लाख बैरल तेल खरीद रहा है।



**डोनाल्ड ट्रम्प की तरफ से रूस के साथ भारत के संबंधों पर की गई टिप्पणियों की वजह से ये यात्रा काफी अहम मानी जा रही है**

**6 दिसम्बर 2021 में पुतिन महज कुछ घंटे के लिए भारत आए थे, उन्होंने नई दिल्ली में पीएम मोदी से मुलाकात की थी**



रांची। स्वतंत्रता दिवस समारोह से पहले एक व्यक्ति राष्ट्रीय ध्वज दिखाता हुआ।

## ट्रम्प ने पुतिन से मुलाकात की संभावना जताई

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से यूक्रेन में युद्धविराम को लेकर उनकी जल्द मुलाकात हो सकती है। जिससे यूक्रेन और रूस के युद्ध का अंत हो सकता है। गौरतलब है कि ट्रम्प के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ ने बुधवार को पुतिन से मुलाकात की। ट्रम्प ने इस बैठक को अहम बताया। क्रेमलिन ने भी इसे उपयोगी बातचीत बताया। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार कल ओवल ऑफिस में जब उनसे निकट भविष्य में मुलाकात की संभावनाओं के बारे में पूछा गया तो अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि आज राष्ट्रपति (व्लादिमीर) पुतिन के साथ हमारी बहुत अच्छी बात. चीत हुई और इस बात की पूरी संभावना है कि हम इस समस्या का अंत कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह डगर लंबी थी और अभी भी लंबी है, लेकिन इस बात की अच्छी संभावना है कि बहुत जल्द एक मुलाकात होगी। ट्रम्प की यह टिप्पणी मॉस्को में रूसी राष्ट्रपति पुतिन और अमेरिकी दूत स्टीव विटकॉफ के बीच हुई बैठक के बाद आई है-हालांकि उन्होंने कहा कि दोनों के बीच कोई 'सफलता' नहीं मिली है।

### संक्षिप्त समाचार

#### अमेरिका से बातचीत दोबारा करने पर फैसला नहीं: ईरान

**तेहरान।** ईरानी उप विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा है कि अमेरिका से परमाणु वार्ता फिर शुरू करने पर कोई अंतिम निर्णय नहीं हुआ है लेकिन दोनों पक्षों में संवाद बना हुआ है। अराघची ने चैनल तेहरान पर एक साक्षात्कार में कहा कि अमेरिका से बातचीत को लेकर कोई आखिरी फैसला अभी नहीं हुआ है। इतना अवश्य है कि संपर्क बने हुए हैं। उनको अमेरिका से संदेश तो मिले हैं पर बातचीत होगी या नहीं, यह इस पर निर्भर करता है कि ईरानी हितों का सम्मान होता है या नहीं।

#### म्यांमार के कार्यवाहक राष्ट्रपति यू म्यिट स्वे का निधन

**यांगून।** म्यांमार के कार्यवाहक राष्ट्रपति यू म्यिट स्वे का गुरुवार सुबह राजधानी ने नेपी ताव में निधन हो गया। वह 74 वर्ष के थे। राष्ट्रीय रक्षा एवं सुरक्षा परिषद (एनडीएससी) ने बताया कि स्वे को एक साल पहले पार्किंसन रोग और अन्य संबंधित तंत्रिका संबंधी समस्याएं सामने आई थीं। उनका सिंगापुर और देश के सैनिक अस्पताल कराया गया लेकिन जुलाई 2025 में उनकी हालत बिगड़ना प्रारंभ हो गया। वह जुलाई 2024 से चिकित्सा अवकाश पर थे।

#### यूनाइटेड एयरलाइंस की उड़ानें फिर से शुरू

**न्यूयार्क।** अमेरिकी विमानन कंपनी यूनाइटेड एयरलाइंस ने बुधवार देर रात अपनी उड़ानें फिर से शुरू कर दीं। इससे कुछ घंटे पहले कंप्यूटर सिस्टम में तकनीकी खराबी आने के कारण कंपनी को पूरे देश में उड़ानें रोकनी पड़ी थीं। एयरलाइन ने एक बयान में कहा कि आंतरिक प्रौद्योगिकी समस्या का समाधान कर लिया गया है यद्यपि हमें कुछ विलम्ब की आशंका है लेकिन फिर भी हमारी टीम सामान्य परिचालन बहाल करने की दिशा में काम कर रही है।

#### ट्रम्प प्रशासन नासा के दो मिशन बंद करेगा

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का कार्यालय ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन की निगरानी करने वाले नासा के दो मिशन बंद करेगा। न्यूज़मैक्स प्रसारक ने एजेंसी के हवाले से बुधवार को कहा कि ईमेल द्वारा भेजे गए एक बयान में नासा ने कहा कि ये मिशन अपने मुख्य उद्देश्य से परे हैं और राष्ट्रपति के एजेंडे और बजट प्राथमिकताओं के अनुरूप इन्हें समाप्त किया जा रहा है।

## ब्रह्मोस की ताक देख चौंक गए थे ट्रम्प

**ट्रम्प प्रशासन को मिसाइलों में परमाणु बम जोड़ने की आशंका थी, वाल स्ट्रीट जर्नल डब्ल्यूएसजे की रिपोर्ट में बड़ा दावा**

**वाशिंगटन।** ऑपरेशन सिंद. ूर के समय अमेरिका को खुफिया जानकारी मिली थी कि भारत ने पाकिस्तान के भीतर निशाने पर ब्रह्मोस क्रूज मिसाइलें दागी हैं।

अमेरिका को चिंता थी कि अगर भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव और बढ़ा, तो भारत इन मिसाइलों में परमाणु हथियार भी लगा सकता है। यह जानकारी वाल स्ट्रीट जर्नल (डब्ल्यूएसजे) की एक रिपोर्ट में दी गई है। रिपोर्ट में ट्रम्प प्रशासन के मौजूदा और पूर्व अधिकारियों के हवाले से कहा गया है कि अमेरिकी खुफिया एजेंसियों ने ब्रह्मोस मिसाइल को एक ऐसा हथियार माना जो परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम है। रिपोर्ट के अनुसार, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को चिंता थी कि अगर हालात बिगड़ते हैं, तो भारत इन मिसाइलों में परमाणु बम जोड़ सकता है। साथ ही यह आशंका भी थी कि जवाब में पाकिस्तान भी परमाणु हमला कर सकता है। इसी डर की वजह से ट्रम्प ने उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और विदेश मंत्री मार्को रुबियो को भारत और पाकिस्तान के नेताओं से बात करने को कहा। भारत ने हमेशा यह स्पष्ट कहा है कि ब्रह्मोस मिसाइल केवल पारंपरिक (नान-न्यूक्लियर) हथियारों से लैस है। इनका संच. ालन भारतीय सेना की तोपखाना रेजिमेंट, वायुसेना और नौसेना करते हैं। भारत की जो मिसाइलें परमाणु हथियार ले जा सकती हैं, वे रणनीतिक बल कमान (एसएफसी) के कंट्रोल में रहती हैं। ब्रह्मोस मिसाइल में 200 से 300 किलो के पारंपरिक विस्फोटक लगाए जा सकते हैं।

# अमेरिकी विशेषज्ञ खुद ट्रम्प से दुखी

## कहा: भारत को उपदेश देने से पहले रूस के साथ अमेरिकी व्यापार पर ध्यान दे राष्ट्रपति ट्रम्प

वाशिंगटन। भारत के खिलाफ अधिक टैरिफ लगाने के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के फैसले पर अमेरिकी विशेषज्ञों ने गहरी चिंता जताई है। रूस के साथ अमे. रिकी व्यापार का हवाला देते हुए ट्रम्प को आईना भी दिखाया है।

विशेषज्ञों का कहना है कि अमेरिका जब खुद रूस के साथ व्यापार करता है तो उसे भारत को उपदेश देने से पहले सोचना चाहिए। संयुक्त राष्ट्र के पूर्व हथियार निरीक्षक, अमेरिकी मरीन कोर के पूर्व खुफिया अधिकारी व लेखक स्काट रिटर ने भारत पर अधिक टैरिफ लगाने के लिए ट्रम्प पर निशाना साधा है।

सोशल मीडिया पोस्ट में रिटर ने कहा, अमेरिका ने 2024 में 3 अरब डालर से अधिक के रूसी सामान आयात किए। इससे लगभग 600 टी-90 टैंकों की कीमत चुकाई जा सकती है। यह दो रूसी बख्तरबंद डिवीजनों को लैस करने के लिए काफी है। ऐसे में अगली बार जब ट्रम्प भारत को उपदेश दें, तो इस बारे में जरूर सोंचे। एशिया सोसायटी पालिसी इंस्टीटयूट (एएसपीआई) की वरिष्ठ उपाध्यक्ष और पूर्व उप अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि वेंडी कटलर ने बढ़ते द्विपक्षीय विवाद पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा, अफसोस की बात है कि अमेरिका-भारत विवाद बढ़ता जा रहा है और अब राष्ट्रपति 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ लगाने की घोषणा कर रहे हैं। इससे अमे. रिका को होने वाले ज्यादातर भारतीय निर्यात लगभग बंद हो जाएंगे। कटलर ने एक बयान में कहा कि चीन संभवत: इन घटनाक्रमों का स्वागत कर रहा है। अब वह दिल्ली के साथ अपने संबंधों को सुधारने के लिए कुछ कदम उठा सकता है। अब समय आ गया है कि अमेरिकी और भारतीय अधिकारी निजी तौर पर अपने मतभेदों को सुलझाने की कोशिश करें। वहीं अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा भारत पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ लगाने की घोषणा पर दक्षिण एशिया संस्थान के निदेशक माइकल कुगेलमैन ने अपनी राय रखी। उन्होंने इसे पिछले दो दशकों में भारत-अमेरिका की रणनीतिक साझेदारी में अब तक का सबसे बड़ा संकट बताया है। भारत पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ लगाने की घोषणा पर विल्सन सेंटर स्थित दक्षिण एशिया संस्थान के निदेशक माइकल कुगेलमैन ने इसे भारत-अमेरिका की रणनीतिक साझेदारी में अब तक का सबसे बड़ा संकट बताया है। माइकल कुगेलमैन ने कहा कि हाल के दिनों में अमेरिका और भारत के बीच जिस तरह के संबंध विकसित हुए हैं, उन्हें देखते हुए ट्रम्प का यह फैसला बहुत चौंकाने वाला नहीं है। राष्ट्रपति ट्रम्प शुरू से ही टैरिफ लगाने के पक्ष में रहे हैं। भले ही इससे भारत और अमेरिका के संबंधों को नुकसान पहुंचे, फिर भी मुझे हैरानी नहीं है कि उन्होंने अपनी धमकी को हकीकत में बदल दिया है।



- **भारत-अमेरिका की रणनीतिक साझेदारी में अब तक सबसे बड़ा संकट, ट्रम्प के 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ पर विशेषज्ञों की राय**
- **अमेरिका ने 2024 में तीन अरब डालर से अधिक के रूसी सामान आयात किए**

## ट्रम्प के सलाहकार बोले: भारत टैरिफ का महाराजा

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के सलाहकार पीटर नवारो ने भारत पर एक्स्ट्रा टैरिफ लगाने के अमेरिकी फैसले का बचाव किया। उन्होंने भारत को 'टैरिफ का महाराजा' करार देते हुए कहा कि भारत अमेरिकी सामानों पर दुनिया में सबसे ज्यादा टैरिफ और नान-टैरिफ बाधाएं लगाता है, जिससे अमेरिकी प्रोडक्ट्स को भारतीय मार्केट में एंट्री करने में मुश्किल होती है। नवारो ने गुरुवार को मीडिया से बात करते हुए कहा: भारत अमेरिकी डालर का इस्तेमाल रूसी तेल खरीदने के लिए करता है। फिर रूस उन डालर का इस्तेमाल हथियार बनाने में करता है, जिनसे यूक्रेन में लोग मारे जा रहे हैं। इसके बाद अमेरिकी टैक्सपेयर्स को यूक्रेन की रक्षा के लिए हथियारों पर खर्च करना पड़ता है। यह गणित ठीक नहीं है।

# बलूचिस्तान में सेना के वाहन पर हमला

## मेजर समेत तीन सैनिक मारे गए, जवाबी हमले में चार आतंकी ढेर

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उपद्रवग्रस्त बलूचिस्तान के मस्तुंग जिले में सेना की एक गाड़ी को बम से निशाना बना गया। हमले में तीन सैनिक मारे गए और सेना की जवाबी कार्यवाही में चार आतंकवादी ढेर हो गए।

पाकिस्तानी सेना ने देर रात यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मारे गए जवानों में सेना का मेजर रैंक का अधिकारी भी शामिल है। पाकिस्तान की इंटर-सर्विस पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने एक बयान में कहा कि बुधवार देर रात सुरक्षा बलों के एक वाहन को निशाना बनाया गया।

इस हमले में एक मेजर, एक नायक और एक लांसनायक मारे गए। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने एक बयान में इस हमले की निंदा करते हुए सेना की सराहना की। गौरतलब है कि बलूचिस्तान, पाकिस्तान का सीमांत प्रांत है और इसकी सीमाएं अफगानिस्तान और ईरान की सीमा से लगी हुई हैं। यह इलाका अपनी खनिज संपदा और चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) के लिए एक पारगमन केंद्र के रूप में अपनी भूमिका के रण रणनीतिक रूप से महत्त्वपूर्ण है लेकिन पाकिस्तान में बलूचिस्तान के लोगों से दोयम दर्जे का व्यवहार होने के कारण वहां अलगाववादी आंदोलन लंबे समय से चल रहा है। ये लोग एक अलग देश बलूचिस्तान बनाने के लिए प्रयासरत हैं और पाकिस्तान सरकार पूरी ताकत से इस आंदोलन के दमन में जुटी रहती है। बलूचिस्तान में लंबे समय से अलगाववादी सशस्त्र विद्रोह भी कर रहे हैं। इसमें प्रमुख समूह बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) का है। इस संगठन ने हाल के वर्षों में अपनी गति. विधियां तेज की हैं। गौरतलब है कि इस साल बलूचिस्तान में कई बड़े आतंकवादी हमले हुए हैं। मार्च में बीएलए ने एक यात्री ट्रेन का अपहरण कर लिया था और मई में, खुजदार में एक आत्मघाती बम विस्फोट में स्कूल बस को निशाना बनाया।



शहबाज शरीफ ने एक बयान में इस हमले की निंदा करते हुए सेना की सराहना की

## थाईलैंड मंत्रिमंडल ने दी चीन, स्वीडन के साथ रक्षा सौदों की मंजूरी

**बैंकॉक।** थाईलैंड सरकार ने चीन और स्वीडन के साथ रक्षा सौदों को मंजूरी दी है जिसमें स्वीडिश ग्रिपेन लड़ाकू विमानों, दो विदेशी निर्मित युद्धपोत और चीन के साथ एक पनडुब्बी सौदे को अंतिम रूप देना शामिल है। द नेशन ने अपनी एक रिपोर्ट में जानकारी दी है। जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि स्वीडिश लड़ाकू विमान अमेरिकी एफ-16 विमानों की जगह लेंगे जो 37 वर्षों से थाई वायु सेना में सेवारत हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस खरीद में तीन सिगल-सीट एसएएबी जेएएस-39 ग्रिपेन ई विमान और एक दो-सीट ग्रिपेन एफ विमान, साथ ही सहायक प्रणालियां और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध उपकरण शामिल हैं।


प्रवेश सूचना-पैरामेडिकल/वोकेशनल एण्ड यूनिवर्सिटी कोर्स Admission Open

10th व 12th (OPEN Board) से करें (विषय-साइंस, आर्ट, कॉमर्स)

प्रवेश- 10th हेतु- 8th पास और 10th फेल, 12th-10th पास और 12th फेल

Fresh, Part Admission & TOC Facility Available) (Exam-Oct/Nov 2025)

NIOS(शिक्षा मंत्रालय) कोर्स- DNYS, Radiology(एक्स-रे टैक.), CCH(एलोपैथिक), CAT(आयुर्वेदिक-पंचकर्मा टैक), CHD(होम्यापैथिक), ECCE(प्री-प्राईमरी शिक्षक हेतु), Diploma in Yoga & YTTR, CCA(कम्पयूटर), ET (इलेक्ट्रिकल टैक.) ETC.

Contact for UGC Approved University Courses:-

Dip. in CMS&ED, DPT, DMLT, OPTOMETRY, OPHTHALMIC, OT TECH MPHW, DENTAL TECH. & HYGIENE, RADIOLOGY & BACHELOR (IN All Paramedical), (M.SC, B.SC, B.COM, M.COM) BA/MA/PGD YOGA ETC...

:- प्रवेश हेतु सम्पर्क करे:-

श्री कृष्ण वोकेशनल एण्ड पैरामैडिकल कॉलेज

गांधी कॉलोनी, मेन पचैण्डा रोड, निकट गऊशाला, मु.नगर

M.: 8505978850, 9634519104

अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर...

www.shahtimesnews.com


# पाक आर्मी चीफ दोबारा जाएंगे अमेरिका

## दो महीने में दूसरा वॉशिंगटन दौरा, ट्रम्प से मुलाकात संभव

**वाशिंगटन।** पाकिस्तान के आर्मी चीफ फील्ड मार्शल असीम मुनीर इस हफ्ते अमेरिका के दौरे पर जाएंगे। वह सेंटकोम (सेंट्रल कमांड) के नए प्रमुख की नियुक्ति समारोह में शामिल होंगे। यह दो महीने में उनकी अमेरिका की दूसरी यात्रा होगी।

इससे पहले वे 14 जून को वाशिंगटन डीसी में अमेरिकी सेना की 250वीं वर्षगांठ के जश्न में शामिल हुए थे। इसके अलावा मुनीर ने राष्ट्रपति ट्रम्प के साथ व्हाइट हाउस में दो घंटे की लंच मीटिंग की थी। यह बैठक बंद कमरे में हुई थी। यह पहली बार था जब किसी अमेरिकी राष्ट्रपति ने पाकिस्तान के आर्मी चीफ की मेजबानी की। मुनीर ने ट्रम्प को मई में भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष रुकवाने का क्रेडिट दिया था। साथ ही ट्रम्प को नोबेल पुरस्कार के लिए नामिनेट किया है। दोनों ने व्हाइट हाउस के कैबिनेट रूम में साथ लंच किया था। सेंटकोम के पूर्व प्रमुख को पाकिस्तान ने सैन्य सम्मान से नवाजा पाकिस्तान ने अमेरिका के सेंट्रल कमांड प्रमुख जनरल माइकल कुरिल्ला को देश के सबसे बड़े सैन्य सम्मान निशान-ए-इम्तियाज से नवाजा है। यह सम्मान पिछले महीने इस्लामाबाद में राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने दिया गया। जनरल कुरिल्ला को यह सम्मान क्षेत्रीय शांति को बढ़ावा देने और पाकिस्तान-अमेरिका सैन्य संबंधों को मजबूत करने के लिए दिया गया। जनरल कुरिल्ला ने पाकिस्तान के राष्ट्रपति जरदारी और सेना प्रमुख असीम मुनीर से मुलाकातें कीं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस सम्मान के जरिए पाकिस्तान, अमेरिका के लिए अपनी वफादारी जाहिर कर रहा है। आर्मी चीफ फील्ड मार्शल आसिम मुनीर संभालेंगे। ट्रम्प ने मुनीर के साथ डिनर डिप्लोमेसी के तहत क्रिप्टो डील को फाइनल की है। पाक क्रिप्टो काउंसिल ने पाकिस्तान के 17000 करोड़ रुपये के क्रिप्टो बिजनेस का ट्रम्प परिवार के दबदबे वाली वर्ल्ड लिबर्टी फाइनेंशियल से करार किया है।



सेंट्रल कमांड के नए प्रमुख की नियुक्ति समारोह में शामिल होंगे


ROOP® RAKSHAK

आप के रूप का रक्षक

क्या आप अपने चेहरे के मुहासों (Acne) से परेशान हैं। अपनाएं ....

क्या आप अपने चेहरे के दाग, धब्बे व झाईयों से परेशान हैं, अपनाएं

(भारत सरकार द्वारा रजिस्ट्रर्ड ब्रांड)

Customer Care No. 9457717311

यौन समस्याएं

यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें

डा. सम्राट

नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।

नावल्टी सिनेमा चौक

मुजफ्फरनगर (यू.पी.)

M-9412211108